2 **फरीदाबाद** जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोरोना की चेन तोड़ना जरूरी : डॉ. यादव

6 **अभिमत** नई शिक्षा नीति के मूल में है भारतीयता

8 **देश/विदेश** भारतीय-अमेरिकियों ने भारत के खिलाफ चीन की आक्रामकता का किया विरोध


11 **स्पोर्ट्स** बटलर संपूर्ण खिलाड़ी, टेस्ट टीम में हमेशा जगह मिलनी चाहिए : वार्न

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 182
फरीदाबाद, मंगलवार, 11 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बांग्लादेश के पूर्व स्पिनर मुशर्रफ हुसैन कोरोना पॉजिटिव

स्पोर्ट्स- 11

### कोरोना मीटर

| | |
|---|---|
| **विश्व** | |
| कुल | 20,103,754 |
| मौतें | 735,302 |
| ठीक | 12,951,647 |
| **भारत** | |
| कुल | 2,214,435 |
| मौतें | 44,855 |
| ठीक | 1,560,800 |

स्रोत: www.covid19india.org

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 38.05°C
न्यूनतम 28.01°C

## क्विक न्यूज

### संजय दत्त को अस्पताल से छुट्टी

**मुंबई।** अभिनेता संजय दत्त को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें दो दिन पहले सांस लेने में परेशानी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 61 वर्षीय अभिनेता को पूर्ण जांच के लिए शनिवार शाम को लीलावती अस्पताल लाया गया था। दत्त की कोविड-19 जांच की गई थी, जिसमें संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई।

### आपसी लड़ाई में एक बाघ की मौत

**पन्ना ( मध्य प्रदेश )।** पन्ना बाघ अभयारण्य के परिक्षेत्र गहरीघाट में दो बाघों की आपसी लड़ाई में एक बाघ की मौत हो गई। अभयारण्य के क्षेत्र संचालक केएस भदौरिया ने सोमवार को बताया कि गहरीघाट के बीट झालर स्थान पर सकरा के पास सात अगस्त को एक बाघिन से संसर्ग को लेकर दो नर बाघों में हुई लड़ाई में एक नर बाघ की मौत हो गई। उसका शव सोमवार को बरामद हुआ। वन रक्षक दिलीप ने दोनों बाघों की लड़ाई देखी थी।

### बेदी होंगे पूर्वी वायु कमान के एसएएसओ

**कोलकाता।** वायु सेना ने कहा है कि एयर मार्शल गुरचरण सिंह बेदी मंगलवार को पूर्वी वायु कमान (ईएसी) के सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभालेंगे। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि बेदी ने जून 1984 में लड़ाकू विमान के पायलट के तौर पर वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया था और मिग 21 और मिराज 2000 लड़ाकू विमानों को उड़ाने सहित उनके पास उड़ान का 3700 से ज्यादा घंटे का अनुभव है। अपने करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उन्होंने लड़ाकू बेड़ा और अग्रिम लड़ाकू बेस का नेतृत्व भी किया है।

### नीरव के बेटे ने संपत्तियों को ट्रस्ट की बताया

**मुंबई।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के बेटे रोहिन मोदी ने सोमवार को बम्बई उच्च न्यायालय को बताया कि पीएनबी घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जब्त कुछ संपत्तियां उनके (रोहिन) स्वामित्व वाले ट्रस्ट की हैं और उन्हें अपराध के कथित पैसों से नहीं खरीदा गया है। रोहिन मोदी के वकील ने न्यायमूर्ति एस एस जाधव और न्यायमूर्ति एनजे जमदार की एक खंडपीठ के समक्ष यह बात कहीं। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने हालांकि कहा कि जहां तक कुछ संपत्तियों का सवाल है जो रोहिन ट्रस्ट के स्वामित्व में हैं, उनकी खरीद राशि का भुगतान पीएनबी घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी और उनकी पत्नी एमी मोदी द्वारा किया गया।

स्पेशल पेज-12



विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

### लगातार नेताओं पर हमले के बीच भाजपा के आठ पदाधिकारियों ने दिए इस्तीफे

# कश्मीर में नापाक मंसूबों की साजिश रच रहे आतंकी

**एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर

**सैन्य अभियान के चलते आतंकियों के सफाये से उनके आका और बचे-कुचे आतंकी बौखलाए हुए है**

**जम्मू** कश्मीर में सैन्य अभियान के चलते आतंकियों के सफाये से उनके आका और बचे-कुचे आतंकी बौखलाए हुए हैं। अब लोगों में खौफ पैदा करने के लिए नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि सुरक्षाबल आतंकियों की साजिशों को लगातार नाकाम करने में जुटे हैं, लेकिन फिर भी घाटी में राजनीतिक रूप से उथल पुथल तेज हुई है। हाल में नेताओं पर हुए हमलों के चलते भाजपा के आठ पदाधिकारी इस्तीफा दे चुके हैं। इनमें भाजपा से जुड़े चरार-ए-शरीफ इलाके के प्रभारी वली मोहम्मद भट, बडगाम महासचिव इमरान अहमद पारे और गुलाम मोहिउद्दीन शाह का नाम शामिल है।

घाटी में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर भी आतंकियों के निशाने पर हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर अल बदर संगठन के पाकिस्तानी आतंकी इस साजिश को अंजाम दे सकते हैं। अल्ताफ ठाकुर ने वर्ष 2002 से भाजपा की पकड़ घाटी में मजबूत बनाई हुई है। अल्ताफ आतंकियों के गढ़ त्राल से संबंध रखते हैं, इसके बावजूद उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना तिरंगे की शान को बरकरार रखा है। यही कारण है कि आतंकी उन्हें निशाना बना सकते हैं।

उधर, भाजपा नेताओं पर लगातार हो रहे आतंकी हमलों के बीच रविवार को सोशल मीडिया पर एक धमकी भरा ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें भाजपा से जुड़े पंचों-सरपंचों और अन्य लोगों को पार्टी से नाता तोड़ने की धमकी दी है। ऑडियो में खुद को आतंकी बताने वाला कह रहा है कि ये आखिरी चेतावनी है। बता दें कि इस ऑडियो की अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से महासचिव संगठन अशोक कौल कश्मीर में भाजपा नेताओं पर आतंकी हमलों के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं की सुरक्षा को और कड़ा कराने की अपील पहले ही कर चुके हैं।




### आतंकी हमले में घायल भाजपा जिलाध्यक्ष की मौत

**आतंकियों** ने रविवार को बडगाम में भाजपा जिलाध्यक्ष पर हमला किया। जिनकी उपचार के दौरान सोमवार को मौत हो गई। आतंकियों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब भाजपा जिलाध्यक्ष अब्दुल हामिद नजार सुबह सैर पर निकले थे। कुलगाम जिले में छह अगस्त को भाजपा से जुड़े सरपंच सज्जाद खांडे की हत्या कर दी थी। इससे पहले चार अगस्त को कुलगाम में पंच पीर आरिफ अहमद शाह को गोली मार दी गई थी। वहीं जुलाई महीने में भाजपा के बांदीपोरा जिलाध्यक्ष वसीम बारी और उनके दो परिजनों की हत्या कर दी गई थी। 15 जुलाई को सोपोर में भाजपा नेता मेहराजुद्दीन मल्ला को अगवा किया गया था, हालांकि इन्हें दस घंटे में ही मुक्त करा लिया गया था। इस घटना के करीब एक माह पूर्व आठ जून को अनंतनाग में कांग्रेस नेता और सरपंच अजय पंडिता की हत्या कर दी गई थी।

# सोना तस्करी मामले में स्वप्ना सुरेश की जमानत याचिका खारिज

**तस्करी मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया**



**कोच्चि।** एनआईए की विशेष अदालत ने केरल सोना तस्करी मामले की मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। अदालत ने एनआईए द्वारा पेश किए गए सबूतों पर गौर करते हुए स्वप्ना सुरेश की जमानत याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि, पिछले साल नवंबर से राजनयिक चैनल के माध्यम से 100 करोड़ रुपये से अधिक की सोने की तस्करी में महिला की कथित भूमिका को लेकर जांच एजेंसी ने ये सबूत जुटाए थे। स्वप्ना सुरेश ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उसे बिना किसी आधार के सिर्फ कल्पना के सहारे इस अपराध में फंसाया गया है और और यह मामला राज्य तथा केंद्र सरकारों के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का है, जिसे मीडिया ने तूल दिया। इससे पहले, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल सोना तस्करी मामले में छह और लोगों को गिरफ्तार किया है और छह स्थानों पर तलाशी ली। एजेंसी ने केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम स्थित यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के वाणिज्य दूतावास में राजनयिक माध्यमों से सोने की तस्करी के मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### राजस्थान का सियासी संग्राम थमने की तरफ बढ़ा

# पायलट हवा से रनवे पर आए

**सोमवार को कांग्रेस पार्टी के लिए राहत भरी खबर सामने आई**

**दोनों नेताओं के साथ करीब डेढ़ घंटे तक चली बातचीत**

**एजेंसी।** जयपुर







### गहलोत कुर्सी से उतरेंगे, पर अभी नहीं

**राहुल**-पायलट की मुलाकात में यह साफ हो चुका है कि कांग्रेस तुरंत मुख्यमंत्री बदलने को राजी नहीं है, क्योंकि इससे गलत संदेश जाएगा, लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने पायलट से वादा किया कि है कुछ महीनों बाद राजस्थान का मुख्यमंत्री बदला जाएगा। कांग्रेस ने पायलट से कहा है कि एडजस्टमेंट के लिए थोड़ा इंतजार करें। राहुल गांधी और सचिन पायलट की मुलाकात के बाद राजस्थान के सियासी समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। 32 दिन बाद हुई इस मुलाकात से यह तय है कि गहलोत सरकार पर संकट के बादल छंट गए हैं। राहुल गांधी और सचिन पायलट की मुलाकात के बाद यह माना जा रहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कुर्सी फिलहाल कुछ महीने के लिए बच सकती है। यानी मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि बागी विधायक सदन में गहलोत सरकार का समर्थन करेंगे।

**राजस्थान** की सियासी हलचल में सोमवार को कांग्रेस पार्टी के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। असंतुष्ट सचिन पायलट सोमवार को दिल्ली में राहुल और प्रियंका गांधी से मिले। दोनों नेताओं के साथ करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। पायलट की कांग्रेस में वापसी का फॉर्मूला तलाशा जा रहा है, लेकिन पार्टी ने साफ किया है कि मुख्यमंत्री पद के बारे में फिलहाल कोई बात नहीं होगी। पायलट अगर लौटना चाहें तो एडजस्टमेंट के लिए कुछ समय इंतजार भी करना पड़ सकता है। इसके बाद से सोशल मीडिया पर चलने लगा कि पायलट हवा से रनवे पर आ गए हैं।

माना जा रहा है कि पायलट को बातचीत में ऑफर दिया है कि वे दिल्ली आकर पार्टी संगठन में कोई जिम्मेदारी संभालें। साथ ही पायलट गुट से किसी नेता को उप-मुख्यमंत्री बनाने पर विचार किया जा सकता है। 14 अगस्त से विधानसभा का सत्र शुरू होने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, राहुल से मुलाकात की पहल खुद आलाकमान की ओर से की गई थी। पायलट गुट के सभी विधायक लगातार कह रहे हैं कि हमारी नाराजगी पार्टी से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से है। पार्टी ने भरोसा दिया है कि राजस्थान में सरकार का संकट सुलझा लिया जाएगा। उधर, भाजपा ने 11 अगस्त को विधायक दल की बैठक बुलाई है। मंगलवार को शाम 4 बजे जयपुर के होटल क्राउन प्लाजा में विधायक दल की बैठक होगी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को सभी दलों के विधायकों को एक भावुक चिट्ठी लिखकर कहा था कि आप सरकार गिराने की साजिश का हिस्सा नहीं बनें। अंतरात्मा क्या कहती है, उसके आधार पर फैसला करें। चिट्ठी जारी करने के कुछ देर बाद गहलोत जैसलमेर पहुंचे, वहां उनके अलग ही तेवर दिखे। गहलोत ने कहा कि भाजपा विधायकों में फूट पड़ गई है, इसलिए 3-4 जगह बाड़ेबंदी की जा रही है। भाजपा विधायकों की पोल खुल गई है। विधायकों की हॉर्स ट्रेडिंग हो रही थी, इसलिए उन्हें बाड़ेबंदी करनी पड़ी। भाजपा के नेता बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, लेकिन अब वे चार्टर विमानों से विधायकों को भेजकर बाड़ेबंदी कर रहे हैं।

# इस्कॉन मंदिर के आवासीय परिसर में विदेशी भक्तों सहित 14 संक्रमित

**स्वास्थ्य विभाग ने आवासीय परिसर में रह रहे 165 लोगों के नमूने लिए**

**पायनियर समाचार सेवा।** वृंदावन/ मथुरा

**वृंदावन** के रमणरेती क्षेत्र स्थित इंटरनेशनल संस्था इस्कॉन से जुड़े आवासीय परिसर में कोरोना संक्रमित मिलने से खलबली मच गई है। दो दिन पहले यहां दो लोग कोरोना पॉजिटिव मिले। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने आवासीय परिसर में रह रहे 165 लोगों के नमूने लिए थे। इनमें 14 लोग संक्रमित पाए गए हैं। सोमवार की इनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। पिछले दिनों इस्कॉन से जुड़े संत भक्तिचारु महाराज का निधन अमेरिका में हो गया था। रीति रिवाजों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार पश्चिम बंगाल में किया गया। इस दौरान उनके अंतिम दर्शन के लिए वृंदावन स्थित इस्कॉन मंदिर से कई लोग पश्चिम बंगाल गए थे। 10 से 15 दिन पहले वहां से वृंदावन लौटे इन लोगों में दो लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसके बाद आवासीय भवन के संबंधित ब्लॉक को सील कर दिया गया। नगर निगम की टीम ने आवासीय परिसर के ब्लॉक को सील करने के बाद सैनिटाइज किया। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यहां पहुंच कर आवासीय परिसर में रह रहे 165 लोगों के नमूने लिए। इनमें अधिकांश विदेशी भक्त हैं। इनमें 14 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने से संस्थान में खलबली मची हुई है। हालांकि इस संबंध में मंदिर प्रबंधन ने कुछ भी कहने से मना कर दिया है।



### दिल्ली में 707 नए मामले

**राजधानी** में सोमवार को बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 707 नए मामले आए और 20 लोगों की मौत हो गई। वहीं 1070 लोग स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। दिल्ली में कुल संक्रमितों की संख्या अब 1,46,134 हो गई है। इसमें 1,31,657 मरीज ठीक हो चुके हैं।

### तीसरी मंजिल से कूदा कोरोना पीड़ित

**मध्यप्रदेश** के ग्वालियर में स्थित एक कोविड-19 अस्पताल में सोमवार को एक 55 वर्षीय मरीज अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूद गया। कंपू पुलिस थाना प्रभारी केएन त्रिपाठी ने बताया कि कूदने से पहले उसने अपनी कलाई भी काट ली थी। घटना गजरा राजा मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में दोपहर की है। त्रिपाठी ने बताया, वह बच गया क्योंकि वह सीधे जमीन पर नहीं गिरा था बल्कि जेनरेटर को ढकने के लिए लगाए गए टिन शेड पर गिरा था। उसे चोट आई है।

## एम्बियंस मॉल निर्माण : दुरुपयोग के आरोप में सीबीआई ने तलाशी अभियान चलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुरुग्राम** में आवासीय भूमि में अवैध तरीके से बदलाव करके स्वेंकी एम्बियंस मॉल बनाने के मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद सीबीआई ने सोमवार को चार स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की है, जिसने मॉल को अवैध करार दिया था। उच्च न्यायालय ने इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी को यह भी निर्देश दिया था कि वह बिल्डर और राज्य के विभागों के बीच संभावित गठजोड़ के संबंध में भी अलग से जांच करे।

एम्बियंस समूह एनसीआर क्षेत्र में एम्बियंस मॉल और होटल लीला एम्बियंस समेत ऐसी कई रियल स्टेट संपत्तियों का संचालन करता है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत के समक्ष आरोप लगाया था कि गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 18.98 एकड़ जमीन पर एम्बियंस समूह आवासीय कॉम्पलेक्स का निर्माण करने वाला था लेकिन केवल 7.9 एकड़ जमीन को बतौर आवासीय भूमि उपयोग किया गया जबकि बाकी जमीन पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया।

### दून स्कूल की दीवार गिरी

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार भारी बारिश के कारण हुई घटनाओं में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और एक अन्य नदी में बहकर लापता हो गया। वहीं, ऋषिकेश-केदारनाथ तथा ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्गों सहित दर्जनों मार्ग भूस्खलन के चलते अवरुद्ध हो गए। देहरादून में रविवार रात से लगातार बारिश के कारण नदियों और नालों में उफान आ गया तथा प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर सहित अनेक इलाकों में घरों में पानी घुस गया। बारिश के चलते प्रतिष्ठित दून स्कूल की चारदीवारी का एक हिस्सा भी गिर गया।

## अवसादग्रस्त व्यक्ति ने टीडीआई सिटी की 13वीं मंजिल से छलांग लगाई

**सोनीपत।** जिले के कुंडली में टीडीआई किंग्सबरी सोसायटी में सोमवार को एक व्यक्ति ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले लेदर फैक्ट्री के कर्मचारी की पत्नी ने बताया है कि उसका पति तीन महीने से मानसिक रूप से परेशान रहता था। इसी वजह से उसने आत्महत्या की है। मृतक की पहचान मूल रूप से चेन्नई के रहने वाले 55 वर्षीय रमेश के रूप में हुई है। वह 22 साल से परिवार समेत सोनीपत में रहता था और अब दो-तीन साल से टीडीआई में आकर रहने लगा। रमेश ओखला की एक लेदर फैक्ट्री में काम करता था। टीडीआई में के बी-ब्लॉक में पत्नी सावित्री और बेटी निशा उसके साथ रहते थे पिछले करीब छह माह से वह घर ही था।

### नितिन सेठी और शिव सहाय को एसीजे पत्रकारिता पुरस्कार

**नई दिल्ली।** नितिन सेठी और शिव सहाय सिंह को क्रमशः खोजी पत्रकारिता के लिए एशिया कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (एसीजे) अवॉर्ड और सामाजिक प्रभाव के लिए केपी नारायण कुमार स्मारक अवॉर्ड का विजेता घोषित किया गया। कोविड-19 महामारी के चलते अवॉर्ड समारोह ऑनलाइन आयोजित किया गया।

## रिया चक्रवर्ती व परिवार से धन शोधन मामले में फिर पूछताछ

**एजेंसी।** मुंबई



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित धन शोधन के मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती तथा उनके परिवार से सोमवार को फिर से पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि रिया, उनके भाई शौविक तथा पिता इंद्रजीत चक्रवर्ती सुबह 11 बजे बलार्ड एस्टेट इलाके में स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उन्हें सोमवार को पेश होने के लिए सम्मन किया गया था। बाद में रिया और राजपूत की कारोबारी प्रबंधक श्रुति मोदी भी ईडी के दफ्तर पहुंची।

सभी चारों से सात अगस्त को भी केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ की थी। दोपहर दो बजे के बाद राजपूत के दोस्त व रूममेट सिद्धार्थ पटानी भी ईडी के दफ्तर पहुंचे। उनका बयान भी जल्द ही रिकॉर्ड किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कई समाचार चैनलों से कहा था कि वह 14 जून को बांद्रा के फ्लैट पर मौजूद थे जब 34 वर्षीय अभिनेता ने खुदकुशी की थी। पटानी ने बताया था कि वह राजपूत के साथ करीब एक साल से रह रहे थे और उन्होंने पहले मुंबई पुलिस में दुर्घटनावश मौत रिपोर्ट (एडीआर) के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। शौविक से अब तक करीब 22 घंटे पूछताछ की जा चुकी है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली कमेटी ने लिया फैसला

# हरियाणा में रुकी हुई रजिस्ट्रियां 17 अगस्त से होंगी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**आज से राज्य के लोग ई-अपॉइंटमेंट ले सकेंगे**

**राजस्व विभाग ने तैयार किया मॉड्यूल**



**हरियाणा** सरकार ने 11 अगस्त से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि की रजिस्ट्री के लिए ई-अपॉइंटमेंट लेने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। हालांकि, कृषि भूमि के विलोखों (डीड) का पंजीकरण 17 अगस्त से शुरू होगा। इसी प्रकार, शहरी क्षेत्रों में भूमि के पंजीकरण के लिए ई-अपॉइंटमेंट लेने की प्रक्रिया 17 अगस्त से शुरू होगी और जल्द ही नए सिरे से पंजीकरण का कार्य भी शुरू हो जाएगा।

यह निर्णय सोमवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर की अध्यक्षता में हुई विभिन्न विभागों को राजस्व विभाग की ई-पंजीकरण प्रणाली के साथ जोड़ने की समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि के ई-पंजीकरण के लिए मॉड्यूल राजस्व विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इसका परीक्षण पूरा हो चुका है और 11 अगस्त से राज्य के लोग ई-अपॉइंटमेंट ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में स्थित भूमि, जोकि हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन अधिनियम, 1975 (समय-समय पर संशोधित) की धारा 7-ए के तहत अधिसूचित है और वह गांव जहां जमाबंदी वर्तमान में ऑफलाइन हैं और वेब-हैलरिस पर उपलब्ध नहीं हैं, से संबंधित भूमि के विलेख का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, कुछ समय के लिए नियंत्रित क्षेत्र में भी भूमि विलेखों का पंजीकरण नहीं होगा।

बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य में शहरी क्षेत्रों में कुल 32 लाख संपत्तियां हैं, जिनमें से 18 लाख संपत्तियों के डाटा को विभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। हालांकि, शेष संपत्तियों को भी 31 अक्टूबर, 2020 तक एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई है कि एचएसआईआईडीसी की लगभग 3.48 लाख संपत्तियां हैं और 2009 से इन सभी संपत्तियों का डाटा डिजिटल किया जा चुका है। 58,000 अधिग्रहित भूमि में से लगभग 26,000 भूमि का डाटा राजस्व विभाग की ई-पंजीकरण प्रणाली के साथ जोड़ दिया गया है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

**बैठक** में मुख्य सचिव केशनी आनन्द अरोड़ा, प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्त आयुक्त विजय वर्धन, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक निगम, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, विकास और पंचायत विभाग के प्रधान सचिव सुधीर राजपाल, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के प्रधान सचिव अपूर्व कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक मनोज यादव और एडीजीपी अरशिंदर सिंह चावला मौजूद थे।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, मंगलवार, 11 अगस्त 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

# जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोरोना की चेन तोड़ना जरूरी : डॉ. यादव

*बेशक अभी कोरोना की वैक्सीन नहीं बनी है, लेकिन हमें कोरोना से हार नहीं माननी। बल्कि हमें मुकाबला करते हुए कोरोना की चेन तोड़कर कामयाबी हासिल की है। जिला स्वास्थ्य विभाग कोरोना की चेन तोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। आम जनता को भी विभाग का सहयोग करते हुए सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का पालन करना होगा। लॉकडाउन की वजह से देश को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है। जिंदगी को दोबारा पटरी पर लाने के लिए हम जनता के सहयोग से कोरोना को मात देने में कामयाबी हासिल करेंगे। यह कहना है बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर एके यादव का।* ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. एके यादव की बातचीत के अंश :-***



**जीवन परिचय**

**नाम** : डॉ. अजेंद्र कुमार यादव
**जन्मदिन** : 18 अक्टूबर
**पिता** : सूरजभान यादव
**माता** : रामवती देवी
**पत्नी** : अंजलि यादव
**परिवार** : बेटी धृति यादव व बेटा वैदषि यादव
**स्कूल** : 10 वीं - आर्य विद्या मंदिर स्कूल, 12 वीं - अग्रवाल कॉलेज
**उच्चशिक्षा** : एमबीबीएस - मेडिकल कॉलेज, रशिया
**रूचि** : म्युजिक सुनना

**सवाल : आपने किसकी प्रेरणा से डाक्टर का पेशा अपनाया।**
**जवाब** : मेरा पिता चाहते तो कि मैं खुद को किसी से कम न समझी। इसलिए वे मुझे शुरू से ही डाक्टर बनाना चाहते थे।

**सवाल : डाक्टर बनने के लिए आपकों किस तरह के संघर्ष करने पड़े।**
**जवाब** : मेरा रशिया में एमबीबीएस में दाखिला हुआ था। वहां काफी बर्फबारी होती है। सर्दी के कारण मुझे परेशानी भी हुई लेकिन हिम्मत नहीं हारी और एमबीबीएस करने के बाद ही देश लौटा। यहां आने पर पहली ही बार में मैने एमसीआई की परीक्षा पास कर ली। जिसके बाद मैंने सफदरजंग अस्पताल में एक साल की इंटर्नशीप की।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : इंटर्नशीप पूरी होते ही मुझे हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल ऑफिसर के पद पर नौकरी मिल गई।

**सवाल : इस दौरान आप कहां कहां तैनात रहे।**
**जवाब** : पहली तैनाती मुझे वर्ष 2009 फरवरी में पलवल जेल में मिली थी। नवंबर 2009 में मेरा तबदला बीके अस्पताल में हो गया। यहां मैने काफी तन्मयता से काम करके दिखाया। वर्ष 2013 में मेरा तबादला गांव पन्हैड़ा खुर्द में हुआ। वर्ष 2017 से मैं बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में कार्यरत हुं।

**सवाल : ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य को लेकर आपने किस तरह के काम किए।**
**जवाब** : ग्रामीण क्षेत्र में हमने टीकाकरण और अन्य सरकारी कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर काम किया। इस दौरान हमने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को घर घर जाकर बताया। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

**सवाल : स्वास्थ्य के क्षेत्र में किस तरह के सुधार की जरूरत है।**
**जवाब** : मजदूर वर्ग के लोग शाम को काम से लौटते हैं। तब तक सरकारी अस्पताल बंद हो जाते हैं। सरकारी अस्पताल में 24 घंटे ओपीडी और जांच की सुविधा होनी चाहिए। साथ ही डाक्टरों और संसाधनों की कमी भी दूर करनी होगी।

**सवाल : क्या आप सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।**
**जवाब** : मैं विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेता रहता हुं। मुझे संस्थाओं की तरफ से अनेक बार सम्मानित भी किया गया है।

**सवाल : कोरोनाकाल में आपने किस तरह से सहयोग दिया।**
**जवाब** : मैंने एक महीने का वेतन सीएम रिलीफ फंड में दिया है। मैं बल्लभगढ़ का कोरोना का नोडल अधिकारी हुं। हम गली मौहल्लों में जाकर टेस्टिंग कैंप लगा रहे हैं। अस्पताल में भी रोज टेस्ट हो रहे हैं। लॉकडाउन से अब तक बिना किसी अवकाश के निरतंर काम कर रहा हुं। काम की व्यस्तता के कारण कई बार भोजना करना तक भूल जाते हैं।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**
**जवाब** : सरकार ने सही समय पर सही कदम उठाया था। लॉकडाउन के दौरान सरकार ने वायरस से निपटने की अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली। इन तैयारियों की वजह से ही हम वायरस के खतरे को कम करने में कामयाब हुए है।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 31.26 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.02 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- बीके अस्पताल की ओपीडी खुलेगी: सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक
- फरीदाबाद पुलिस का कोरोना जागरूकता एवं मास्क वितरण कार्यक्रम- सुबह 9 बजे से
- परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा भगत सिंह कॉलोनी में करेंगे आरएमसी रोड़ का उद्घाटन: शाम 5 बजे।
- विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्करों का प्रदर्शन जारी : सुबह 10 बजे से
- मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर करेंगे राजीव कालोनी की रोड़ का उद्घाटन: सुबह 10 बजे

**निवेश गुरु**

**पसंदीदा क्षेत्र**

मेडीसिन इंडिया कैपिटल मीडिया, संचार, व्यवसाय और सूचना सेवाओं के उद्योग पर केंद्रित है। हमारे उद्योग का केंद्र हमारे क्षेत्रों में प्रबंधन टीमों के साथ गहरे संबंध विकसित करने में मदद करता है। हमारी उद्योग की विशेषज्ञता भी हमें प्रबंधन टीमों के साथ एक बहुमूल्य भागीदार बनने में सक्षम बनाती है. हम हमारे साथ भागीदार बनने के इच्छुक उद्यमियों और प्रबंधन टीमों के प्रति अधिक निर्णायक और उत्तरदायी होने में सक्षम हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

## खिलाड़ियों के 41 आवेदन पत्र जमा

**फरीदाबाद।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों से 01 जनवरी 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि की खेल उपलब्धियों के आधार पर नकद पुरूस्कार के लिए आवेदन पत्र मांगे गए है। इस बारे जानकारी देते हुए जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी मैरी मसीह ने बताया कि उनके कार्यालय में 10 अगस्त तक नकद पुरस्कार के लिए 41 आवेदन पत्र हुए हैं। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे जल्दी से जल्दी अपने आवेदन जमा करवा दें। ताकि उन्हें सरकार की सुविधा का समय पर लाभ मिल सके।

**क्विक न्यूज**

## गिरफ्तारी को लेकर सीपी को दी शिकायत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21सी स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय पर मेवला महाराजपुर के कई लोग मारपीट के आरोपी अमित व अन्य की गिरफ्तारी व जान माल की रक्षा की मांग को लेकर पहुंच गए। वहां उन्होंने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। आरोपी अमित व अन्य उन्हें डरा धमका रहा है और केस वापिस लेने का दबाव बना रहा है और केस वापिस न लेने की सूरत में जान से मारने की धमकी दे रहे है। उन्होंने बताया कि हमनें नौ जुलाई को पुलिस आयुक्त कार्यालय में लगाए गए जनता दरबार में भी एक शिकायत थाना सूरजकुण्ड फरीदाबाद में दी थी।

# प्रमोशन में भ्रष्टाचार पर लोक आयुक्त ने लिया संज्ञान

### भ्रष्टाचार में लिप्त और फर्जी डिग्रीधारी अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

**इंजीनियरिंग और योजना शाखा में तैनात कई अफसरों की डिग्री अमान्य**

**सरकार दे रही भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को प्रमोशन पर प्रमोशन**




फोटो : राजेश पुंजानी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** के आम लोगों द्वारा सड़क, सीवर, पानी और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं देने की मांग करने पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा आए दिन कंगाली का रोना रोया जाता है। इन सुविधाओं के अभाव में लोगों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन दिनों बरसात के कारण शहर की नरकीय हालत हो चुकी है। लेकिन अधिकारियों को लोगों की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। निगम अधिकारी या तो अपने फायदे के लिए विकास कार्य करवाते हैं या फिर अपनी पदोन्नति के लिए अपने आकाओं के चक्कर लगाते हैं। लेकिन सरकार कायदे कानूनों को ताक पर रख कर भ्रष्टाचार लिप्त अधिकारियों को प्रमोशन पर प्रमोशन दे रही है। नगर निगम के इंजीनियरिंग और योजना शाखा में तैनात ज्यादा अधिकारियों की डिग्री अमान्य है। आरटीआई कार्यकर्ता विष्णु गोयल की शिकायत पर लोक आयुक्त ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब देने के आदेश दिए हैं।

### क्या है मामला

नगर निगम में ऐसे कई अधिकारी तैनात है, जिन पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लग चुके हैं। भ्रष्टाचार के कई मामलों की जांच अभी लंबित पड़ी हुई है। वहीं सुप्रीम कोर्ट और मुख्य सचिव हरियाणा ने डिस्टेंस से की गई डिग्री को पहले ही अमान्य घोषित किया हुआ है। लेकिन इसके बावजूद निगम में तैनात कई अधिकारियों को डिस्टेंस की डिग्री के आधार पर लगातार प्रमोशन दी जा रही है। मामला उजागर होने पर एक तरफ प्रमोट हो चुके अधिकारियों का डिमोशन करने फाइल चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ इन अधिकारियों की आगे की प्रमोशन की फाइल की प्रक्रिया भी चल रही थी। मामला संज्ञान में आने पर आरटीआई कार्यकर्ता विष्णु गोयल ने इस मामले की शिकायत वर्ष 2019 में सीएम विंडो, प्रधान सचिव हरियाणा सरकार, राज्य सर्तकता ब्यूरों और लोक आयुक्त से की थी। इस मामले में किसी भी अधिकारी अथवा विभाग ने ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। लेकिन पिछले दिनों लोक आयुक्त ने मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम को नोटिस जारी कर 45 दिन में जवाब देने के लिए कहा था। लेकिन निगम की तरफ से जवाब न मिलने पर लोक आयुक्त ने अब दोबारा 15 दिन में जवाब देने के आदेश दिए हैं।

### अमान्य डिस्टेंस की डिग्री

वर्ष 2009 में हरियाणा सरकार के तत्कालीन मुख्य सचिव ने डिस्टेंस एजुकेशन से हासिल की गई डिग्रियों को प्रमोशन के लिए अमान्य घोषित कर दिया था। वहीं दूसरी तरफ हाईकोर्ट ने भी वर्ष 2012 एक मामले में सुनवाई करते हुए डिस्टेंस डिग्रियों को अमान्य करार दिया था। वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने भी डिस्टेंस डिग्रियों को अमान्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में डिस्टेंस से डिग्री करवाने वाली सभी डिम्ड यूनिवर्सिटियों पर भी प्रतिबंद लगा दिया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2001 और 2005 पांच के बीच डिस्टेंस से डिग्री हासिल करने वाले अधिकारियों को दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया था। जबकि नगर निगम के उच्च पदो पर पहुंचने वाले ज्यादातर अधिकारियों के पास डिस्टेंस की डिग्रियां मौजूद हैं। लेकिन यहां नगर निगम में तैनात अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ताक पर रखकर डिस्टेंस की डिग्री के आधार पर प्रमोशन पर प्रमोशन दी जा रही है।

### लोक आयुक्त ने लिया संज्ञान



आरटीआई कार्यकर्ता विष्णु गोयल ने बताया कि नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों को अमान्य डिग्री के आधार पर प्रमोशन देने की शिकायत उन्होंने गत वर्ष सीएम विंडो और अन्य कई विभागों से की थी। लेकिन अब लंबे समय के बाद लोक आयुक्त ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### भारी पड़ रही अयोग्यता




नगर निगम के इंजीनियर और योजना शाखा के करीब 80 प्रतिशत अधिकारियों की डिग्री डिस्टेंस से होने की वजह से अमान्य है। अधिकारियों की अयोग्यता का खामियाजा शहर के लोगों को उठाना पड़ता है। इसी वजह से निगम द्वारा योजनाबंद तरीके से कोई काम नहीं करवाया जाता है। सड़क निर्माण के बाद सीवर या पानी की लाइन की खुदाई यहां आम बात है। वहीं दूसरी तरफ निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़के टूटनी शुरू हो जाती है। शहर के ज्यादातर इलाकों में करोड़ों खर्च होने के बाद भी सीवर लाइनें जाम पड़ी हैं।

### प्रमोशन में नियमों की अनदेखी

पदोन्नति ले चुके नगर निगम के कई अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टचार के मामलों की जांच चल रही है। गलत तरीके से प्रमोशन ले चुके निगम के कई अधिकारी तो सेवानिवृत भी हो चुके हैं। लेकिन चंडीगढ़ से मुख्यालय में तैनात आला अधिकारी यहां नगर निगम में तैनता अधिकारियों को प्रमोशन देने में लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। आला अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर इस तरह के अधिकारियों को आखिर क्यो प्रमोशन दे रहे हैं, यह किसी की समझ में नहीं आ रहा है। जबकि प्रमोशन देने से पहले अधिकारियों को संबंधित अधिकारी के मामले की पूरी तरह जांच करवा लेनी चाहिए। नियमों के मुताबिक प्रमोशन देने से पहले उनकी डिग्री की डायरेक्टर तकनीकी शिक्षा विभाग पंचकुला से जांच करवानी होती है। लेकिन ज्यादातर अधिकारियों को प्रमोशन देने से पहले तैनात किए गए नोडल अधिकारी से जांच ही नहीं करवाई जाती है। आला अधिकारी प्रमोशन देते समय फाइल पर डिग्री अमान्य पाए जाने पर प्रमोशन रद्द करने की बात लिख कर अपना कर्तव्य पूरा कर लेते हैं।



# व्यवस्था के अभाव में तार-तार हो रहे बचाव के नियम

**कोरोना :**

**लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक नहीं किया जा रहा है**

**कविता।** फरीदाबाद

जिले के बादशाह खान सिविल अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोविड-19 के प्रति सुरक्षा के किसी तरह के कोई बचाव के उपाय नहीं किए गए हैं। पंजीकरण और दवा काउंटरों पर सामान्य और कोरोना ग्रस्त मरीज एक ही रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। जागरूकता के लिए मात्र यहां जगह जगह निर्देश चस्पा दिए गए है। लेकिन कर्मचारियों द्वारा लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक नहीं किया जा रहा है। सोमवार को बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी के भीतर तक सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां बुरी तरह से उड़ती नजर आई। मरीज एक-दूसरे के ऊपर चढ़े जा रहे थे। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की तरफ से भीड़ को काबू करने का किसी तरह का कोई प्रयास नहीं किया गया।



### न स्क्रीनिंग, न जागरूकता

बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों को कोरोना से बचाव के लिए यहां न तो किसी तरह से जागरूक किया जा रहा है और न ही ओपीडी में आने वाले रोगियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। यहां लम्बी लाइनों में खड़े लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करते हुए नजर आए। ऐसे में यहां कोरोना वायरस के फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है।

### पहुंचे सैंकड़ों मरीज

बीके सिविल अस्पताल में सोमवार को अन्य दिनों से अधिक संख्या में मरीज इलाज को पहुंचे। यहां पंजीकरण काउंटर पर करीब सैंकड़ों की संख्या में मरीज पहुंचे। जिसमें पंजीकरण पर फ्लू ओपीडी और अन्य सामान्य रोगों से ग्रस्त मरीजों के कार्ड एक ही स्थान पर बनते नजर आए। वहीं ओपीडी में भीड़ देखी गई। जिससें मरीज एक-दूसरे के नजदीक खड़े हुए नजर आए। यहां सोशल डिस्टेंसिंग का नामों निशान नहीं था।

### दवा काउंटर पर खतरा

कोरोना और सामान्य रोगों से ग्रस्त मरीजों के लिए यहां एक ही दवा काउंटर बना हुआ है। यहां दवा लेने के लिए जाने का कोरोना के लक्षणों वाले और सामान्य रोगियों के लिए एक ही रास्ता है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मात्र काउंटर को ही अलग करने के लिए एक पतली सीट बीच में लगा रखी है। वह भी दवा काउंटर पर ही है। रास्ता एक होने से यहां कोरोना को फैलने को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## सोलर सिस्टम के लिए करें आवेदन

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं नवीन एवं नवीनीकरणीय उर्जा विभाग के मुख्य परियोजना अधिकारी सतबीर मान ने बताया की जिले में सरकार द्वारा 100 मनोहर ज्योति सोलर होम लाइटिंग सिस्टम अनुदान पर दिए जा रहे हैं। जिसके तहत 150 वाट का सोलर मोड्यूल, 80 एएच 12.8 वोल्ट लिथियम बैटरी, 2 एलईडी लाइट 6 वाट, 1 नौ वाट की ट्यूबलाइट व 1 छत्त का डीसी पंखा शामिल है। उन्होंने बताया की इन उपकरणों की कुल कीमत 22 हजार 500 रूपये है जिस पर राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रूपये के विशेष अनुदान के बाद लाभार्थी को यह सभी उपकरण 7 हजार 500 रूपये की राशि में दिए जायेंगे। जिसमें अनुसूचित जाति के परिवारों, बीपीएल परिवारों, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिन परिवारों में मुखिया महिला हो जिन परिवारों में ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां स्कूल जाती हों उन परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया की इस योजन का लाभ उठाने के लिए अपने खंड क्षेत्र के अंत्योदय सरल केंद्र, अटल सेवा केंद्र के माध्यम से डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सरलहरियाणा डॉट जीओवी डॉट ईन (www.saralharyana.gov.in) पर आवेदन कर सकते हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## पुलिस ने मास्क बांटकर किया जागरूक



**फरीदाबाद ।** कोरोना बढ़ते प्रभाव को देखते हुए हरियाणा सरकार ने एक विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है। जिसके तहत 10 और 11 अगस्त को मास्क न पहनने वाले लोगों का चालान नहीं काटा जाएगा, बल्कि उन्हें मास्क बांटकर पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह के आदेश सभी थाना प्रभारी, पुलिस चौकी इंचार्ज और यातायात पुलिस द्वारा जनता को मास्क बांटकर इसके महत्वता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। हरियाणा सरकार द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा लोगों को कोरोना महामारी से बचाने और मास्क पहनने को प्रेरित करने के लिए जागरुकता अभियान शुरू किया। सोमवार और मंगलवार चालान फ्री डेज़ (चालान मुक्त दिवस) के रूप में मनाया जाएगा। पुलिस द्वारा मास्क नहीं पाए जाने वाले नागरिकों को कोई चालान न करने बल्कि उन्हें मास्क पहनने की आवश्यकता के प्रति जागरूक करन का फैसला लिया है। मंगलवार को भी लोगों मास्क मुफ्त प्रदान किया जाएगा। उल्लंघनकर्ता को मास्क पहनने के अनिवार्य नियम और कानून के बारे में के बारे में अवगत कराया जाएगा। मास्क न पहनने के खतरों से भी अवगत कराया जाएगा। 12 अगस्त, 2020 से मास्क नहीं पहनने पर चालान करने की औपचारिक प्रक्रिया दोबारा से शुरू हो जाएगी।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम किया आयोजित



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी द्वारा सेक्टर 7ई अशोक वाटिका पार्क में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान नीरज गुप्ता द्वारा पार्क को सीनियर सिटीजन के लिए कुर्सी व मेज, ऑटोमेटिक स्प्रे मशीन व पौधे प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एजी धीरेंद्र श्रीवास्तव, रोटरी क्लब एनआईटी नेक्स्ट प्रधान नवीन पसरीजा, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुनील खंडूजा, वीरेंद्र मेहता, अनिल बहल, पीपी पसरीजा, करण खंडूजा, लक्ष्य गुप्ता, धीरेन बंसल, मिगलानी आरडब्ल्यूए के प्रधान चौहान मलिक, नेपाल सिंह डागर उपस्थित थे। इस मौके पर एजी धीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमें लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना चाहिए और पेड़ पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाने बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रधान नीरज गुप्ता का वृक्षारोपण के लिए धन्यवाद किया।

## यूपीएससी में चौथा रैंक लेने पर किया सम्मानित



**बल्लभगढ।** यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 4 रैंक लेने वाले हिमांशु जैन का बल्लभगढ़ जैन समाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। हिमांशु जैन बल्लभगढ़ के चावला कॉलोनी स्थित जैन मंदिर पहुंचे। उसके बाद मेन बाजार स्थित जैन मंदिर में माथा टेकने के बाद जैन कॉलोनी में रह रहे अपने रिश्तेदारों के घर पहुंचे। जहां हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा ने भी उनका गुलदस्ता देकर परिवहन मंत्री की तरफ से बल्लभगढ़ पहुंचने पर स्वागत किया। बल्लभगढ़ के जगदीश कॉलोनी में उनका भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि पलवल जिले के गांव बंचारी के रहने वाले हिमांशु जैन ने देशभर में हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने यूपीएससी में 4 से लेकर युवाओं को संदेश दिया है कि वह भी मेहनत और लगन के साथ यदि पढ़ाई करें तो कोई भी चीज नामुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रेरणा समाज के लोगों से ही मिलती है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के लिए बेहतर शासन और सुविधाएं देना होगा। इस मौके पर उनके साथ उनके दादा ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा ने भी हिमांशु जैन को बधाई दी। उनके परिवार को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिमांशु जैन ने बंचारी गांव में पहले से ही चली आ रही आईएएस बनने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। इससे पहले भी बंचारी गांव से आईएएस के पद पर रह चुके हैं। भाजपा नेता ने बताया कि बंचारी गांव पूरे विश्व में सांस्कृतिक मामलों के लिए पहचाना जाता है। लेकिन इसकी एक पहचान यहां से पढ़ने वाले गांव के बच्चों की भी है जो देश में यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर देश में नाम कमा रहे हैं। हिमांशु जैन ने पलवल होडल से ही अपनी मिडिल क्लास तक पढ़ाई करने के बाद दिल्ली में पढ़ाई की और उसके बाद पहले ही चांस में यूपीएससी में 4 रैंक लेकर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर चर्चा व पौधारोपण



**फरीदाबाद।** अखंड भारत को फिर से सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में भगवान श्री राम की चर्चा एवं पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश संयोजक जग विजय वर्मा ने कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए भगवान श्री राम के पदचिन्हों पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। प्रदेश अध्यक्ष खेम सिंह एडवोकेट ने प्रभु भगवान श्रीराम को याद करते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा को हरियाणा में विस्तार करने के लिए विधिवत चर्चा की एवं हरियाणा टीम गठित करते हुए कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। जिसमें दिनकर नागर जिला अध्यक्ष फरीदाबाद हरियाणा, प्रदेश महामंत्री कंडेरे नंदकिशोर नागर एवं संगठन मंत्री हरियाणा प्रदेश राजेंद्र पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार फौजी शामिल थे। इस मौके पर उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता उमेश कुंडू, कौशल नागर, कांचन सिंह, मोहित रावत, योगेश शर्मा, सागर कल्याण सिंह, राजेश कुमार प्रजापति, मनोज कुमार, विनोद, बालकिशन, विजय सिंह आदि समस्त हिंदू महासभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**गुमशुदा की पहचान**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गगन कुमार पुत्र सेवा राम हाल पता मकान नं०1167 ब्लॉक-डी सैनिक कालोनी सैक्टर-49 फरीदाबाद दिनांक 07-08-2020 से अपने घर सैनिक कालोनी से लापता है जिसका रंग गेहुंआ लम्बूतरा चेहरा सफेद सिर के बाल जिसने काले रंग का लोवर पहने हुआ जिसके गले में नाम पता लिखकर लाटका हुआ है उम्र 44 साल है जो मानसिक रूप से कमजोर है जिसका मुकद्दमा न. 12 दिनांक 09-08-2020 पीपी सैनिक कालोनी थाना डबुआ फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्न लिखित पते पर सूचित करें।

**एस.एच.ओ. डबुआ फरीदाबाद- 9582200155**
**एएसआई जाहीद खान- 7015815445**
**प्रबन्धक अफसर सैनिक कालोनी 9582200161**

# रहस्य : धक्का देने या दोबारा हार्ट अटैक से हुई मौत?

## परिजन झगड़े से तो ग्रामीण हार्ट अटैक बता रहे मौत का कारण

**अब मृत्यु के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही हो पाएगा।**

कविता। फरीदाबाद



**गांव** नरियाला में पूर्व सब इंस्पेक्टर बृजलाल के बेटे का पड़ोसी के बेटे से झगड़ा हो गया। जिस पर वे समझाने पहुंचे तो वहां उनकी गिरने पर मौत हो गई। परिजनों ने आरोपी पक्ष पर धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया है, लेकिन कुछ ग्रामीणों का कहना है कि मृतक पूर्व सब इंस्पेक्टर को झगड़े के कारण सदमा लगने से हार्ट अटैक हुआ है। ऐसे में अब मृतक की मृत्यु के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही हो पाएगा। परिजन और घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों के अलग अलग बयान आने से मामले में रहस्य बना हुआ है।

**यह है पूरा मामला**

नरियाला गांव निवासी कौशल किशोर ने बताया कि उसके पिता बृजलाल एक महीने पहले ही गुरूग्राम से सब इंस्पेक्टर की पोस्ट से रिटायर हुए थे। जिसके कारण वह घर पर ही रहते थे। सोमवार को वह घर के अंदर मौजूद थे। तभी पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उसके साथ गाली गलौज की। झगड़े को सुलझाने के लिए उसके पिता बृजलाल मौके पर पहुंचे तो आरोपी पक्ष की तरफ से उन्हें धक्का दिया गया। जिससे उनकी गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के एकत्रित होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपी दबंग किस्म के लोग है।

**ग्रामीणों का कथन**

ग्रामीणों का कहना है कि दो युवकों के बीच हुआ झगड़ा बढ़ गया था। जिसे सुलझाने के लिए बृजलाल मौके पर गए थे लेकिन पहले से ही बृजलाल हार्ट के मरीज थे। उन्हें सदमा बर्दाश्त नहीं होता था। करीब 20 दिन पहले ही उन्हें किसी बात को लेकर हार्ट अटैक हुआ था। ऐसे में झगड़े के दौरान उनकी मौत धक्का लगने से हुई है या फिर सदमें से आए हार्ट अटैक से यह कुछ नहीं कहा जा सकता। लोगों का कहना है कि धक्का मारते हुए किसी ने नहीं देखा, हां गिरने से मौत जरूर हुई है।

**पोस्टमार्टम से होगा खुलासा**

मृतक पूर्व सब इंस्पेक्टर के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा दिया। अब पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही मामले का खुलासा होगा कि मौत का मुख्य कारण क्या है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत पर धक्का देने से मौत के आरोप में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# कोरोना का कहर : 1 मौत, 153 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 10280



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में जहां एक तरफ सैकड़ों की संख्या में मरीज कोरोना को मात दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ तेजी से कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ रहा है। सोमवार को जिले में कोरोना पॉजिटिव एक मरीज की मौत हो गई तो 153 नए मामले सामने आए। जिससे कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 10280 पर पहुंच गया। वहीं सोमवार को 104 मरीजों ने कोरोना को मात दे दी। जिससे ठीक होने वालों की संख्या का आंकड़ा 9259 पर पहुंच गया। वहीं जिले में कोरोना का रिकवरी रेट जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 90.6 प्रतिशत बताया जा रहा है।

**मृतक और पॉजिटिव**

जिले में सोमवार को बल्लभगढ़ निवासी एक 75 वर्षीय पॉजिटिव मरीज ने दम तोड़ दिया। मरीज कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त बताया जा रहा है। जिले में अब तक 141 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हो चुकी है।

वहीं 153 पॉजिटिव में ओल्ड फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी, जवाहर कालोनी, एसी नगर, खेड़ी कला, एसजीएम नगर, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, आदर्श नगर, सेक्टर-16, सेक्टर-23, सेक्टर-19, सेक्टर-तीन, सेक्टर-15 और पन्हैड़ा खुर्द के मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| जांच को भेजे सैम्पल | 93258 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 82406 |
| शेष रिपोर्ट आनी है बॉकी | 572 |
| पॉजिटिव पाए गए सैम्पल | 10280 |
| अब तक कोरोना को मात दी | 9259 |
| अब तक जिले में मौते | 141 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती | 35 |
| आईसीयू में भर्ती | 12 |

# संक्षिप्त समाचार

### तीन थीमों पर होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**फरीदाबाद।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बैलीना ने खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों तथा स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह तीन थीमों पर होगा। इस बार का विद्यालय स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्कूल शिक्षा का सलाम एवं राष्ट्र व कोरोना वारियर/सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजकों और आगंतुकों को मिलाकर 50 से ज्यादा संख्या ना हो। इस कार्यक्रम का सम्पूर्ण दायित्व निजी तौर पर ग्राम पंचायत तथा स्कूल मुखिया का होगा।

### ब्रिगेड ने अंगदान के महत्व से कराया अवगत




**फरीदाबाद।** एनआईटी-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, गाइडस तथा जूनियर रेडक्रॉस ने युवा सप्ताह के अंतर्गत प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देशानुसार अंगदान के महत्व से अवगत करवाया। प्राचार्य तथा जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि भारतीय कानून के अनुसार अंगों का दान कानूनी है। भारत सरकार द्वारा अधिनियमित मानव अंगों के अधिनियम 1994 के अनुसार प्रत्यारोपण, अंग दान की अनुमति देता है और मस्तिष्क की मृत्यु की अवधारणा को वैध क़रार देता है। अंग दान समाज के लिए एक चमत्कार साबित हुआ है। प्रत्यारोपण के उद्देश्य के लिए गुर्दे, यकृत, हृदय, आंख, लिवर, छोटी आंत, हड्डियों के टिश्यू, त्वचा के टिश्यू और नसों जैसे अंग दान किए जाते हैं। अंग दान करने वाला व्यक्ति इस महान कार्य के माध्यम से अंग प्राप्तकर्ता को एक नया जीवन देता है। अंग दान की प्रक्रिया को दुनिया भर में प्रोत्साहित किया जाता है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, प्राध्यापिका जसनीत कौर, कविता, प्रेमदेव यादव, संजय मिश्रा तथा अमृत कौर ने छात्राओं कोमल, रोशनी और काजल द्वारा बनाए गए अंगदान पोस्टर की प्रशंसा की और सभी को जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

### 50 परिवारों को सूखा राशन किया वितरित



**फरीदाबाद।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौर में गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने लायंस क्लब सूर्या फरीदाबाद के सहयोग से सोमवार को सेक्टर 12 के खेल परिसर में 50 परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि जैसा कि सभी को विदित है अभी तक कोविड-19 महामारी का कोई दवा उपलब्ध नहीं हो पायी है तो ऐसे में जरूरी सावधानी व इम्युनिटी पावर को बढ़ाकर ही इस रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला रेडक्रास सोसायटी के वॉलियंटर्स जिलेभर में कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ रहे कोरोना योद्धाओं के साथ ही अन्य सभी जरूरतमंदों व गरीब लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। इस मौके पर लायंस क्लब सूर्या फरीदाबाद के प्रधान लायन एलडी पांडे, सचिव आरपी हंस व कोषाध्यक्ष सुभाष नायक ने सभी लोगों से अपील की कि जागरूक रहकर ही कोरोना महामारी पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिना जरूरी कार्य के घरों से बाहर न निकलें और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से बचें, फेस मास्क का प्रयोग करें तथा दो गज की दूरी का पालन करें। खाद्य सामग्री वितरण के इस कार्य में जिला रेडक्रास सोसायटी के सहायक पुरुषोत्तम सैनी, टीबी कोर्डिनेटर मधु भाटिया, लायंस क्लब सूर्या फरीदाबाद के पैटन पीसी सेठ, सतीश आहुजा, आईसी गोयल व गुरुचरण खुराना ने पूरा सहयोग दिया।

### पड़ोसियों पर लगाया बच्चे की हत्या करने का आरोप



**फरीदाबाद।** गांव गोठड़ा मौहब्ताबाद निवासी एक 12 वर्षीय बच्चे की करीब डेढ़ महीने पहले रहस्यमय हालत में मौत हो गई थी। परिजनों को बच्चे का शव निर्माणाधीन मकान में शौचालय के लिए खोदे गए गड्ढे में मिला था। घटना से पूर्व बच्चा गांव के तीन युवकों के साथ देखा गया था। मृतक के पिता ने इन युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। गांव गोठड़ा मौहब्ताबाद निवासी संजय ने अपनी शिकायत में कहा है कि 29 जून को उसका 12 साल का बेटा आदर्श अपने दादा के मकान में जाने के लिए घर से निकला था। उस दौरान बरसात आने पर उसकी पत्नी छत पर नहा रही थी। तभी पत्नी ने देखा कि खाली झौपड़ी में तीन युवक शराब पीते हुए उसके बेटे छेड़छाड़ कर रहे है। लेकिन मजाक समझ कर पत्नी ने उन्हें कुछ नहीं कहा। लेकिन बाद में जब काफी देर तक आदर्श नहीं लौटा तो उन्होंने तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान पड़ेसी रवि के निर्माणाधीन मकान में चले गए। जहां संदेह होने पर उन्होंने शौचालय की हौदी का ढक्कन हटा कर देखा तो उसमें आदर्श का शव पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। 30 जून को पुलिस पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव उन्हें सौंप दिया। संजय का कहना है कि उन्होंने शराब पी रहे युवकों पर हत्या का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से मामला दर्ज करवाने की मांग की है।

## डॉक्टर दंपति से नकदी छीनने वाला पकड़ा

**फरीदाबाद।** राजपुर कलां गांव में डॉक्टर दंपति व उसके परिवार के साथ मारपीट कर नकदी और सोने की चेन छीनने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी को एक संदिग्ध घूमते हुए पकड़ा था। पुछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने डॉक्टर दम्पति पर हमला कर वहां से लूटपाट की घटना को कबूल किया है। जानकारी के मुताबिक करीब 6-7 महीने पहले संदीप निवासी राजपुर कलां का किसी से झगड़ा हो गया था। झगड़े में लगी चोटों का इलाज कराने लिए वह डॉक्टर राजवीर सिंह के क्लीनिक पर गया था। राजवीर ने इलाज करने के बाद पैसे मांगे तो इस बात को लेकर मारपीट हो गई थी। उस समय गांव के मौजूद व्यक्तियों ने इनका राजीनामा करा दिया था। आरोप है कि संदीप तभी से उससे रंजिश रखता था। आरोप है कि 28-29 जुलाई की रात्रि को संदीप व जतिन 3-4 अन्य व्यक्तियों के साथ उसके मकान के दरवाजे को धक्का देकर कुंदी को तोड़कर अंदर आ गए।

## डीएवी में हुई राष्ट्रीय वेबिनार में हुआ गहन मंथन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**आधुनिक** समय में पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण को लेकर सरकार निरंतर नए-नए प्रयास करने में संलग्न है। सरकार द्वारा किए गए इन्हीं प्रयासों में से एक है इआए ( एनवायरमेंटल इंपैक्ट एसेसमेंट) 1984 में बने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के साथ-साथ 1994 में नोटिफिकेशन जारी किया गया, जोकि एक ऐसा दस्तावेज है, जिसके माध्यम से किसी भी निर्माण अथवा विकास कार्य से पूर्व पर्यावरनिये सुरक्षा से जुड़े मानदंडों पर खरा उतरने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। कोविड 19 के दौर में पर्यावरण की धारणीय वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण मंत्रालय द्वारा इआए 2020 के रूप में एक संशोधित दस्तावेज जारी किया गया है। जिसमें वर्तमान काल में पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का निदान करने के लिए कई नीतियां एवं योजनाएं बनाई गई है। इस विषय को लेकर डीएवी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद में राष्ट्रीय स्तर की परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में परिचर्चा करने के लिए बतौर पैनलिस्ट 'यमुना जिए' अभियान के संयोजक सेवानिवृत आईएफएस मनोज मिश्रा, जीजीएस इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के फैकेल्टी डॉ. सुमित डूकिया, केंद्रीय विश्वविद्यालय पटना, बिहार के पर्यावरण विज्ञान विभाग के फैकल्टी डॉ. प्रशांत झा, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यूके) की एलुमिनी और वन्य जीव संरक्षिका प्रेरणा सिंह बिंद्रा, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय यूके की एलुमिनी और लेखिका वैशाली रावत और इग्नू रीजनल सेंटर दिल्ली की डायरेक्टर डॉ रीटा चौहान उपस्थित रहे।

# रुके विकास कार्यों को जल्द शुरू कराएं निगम : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने फरीदाबाद स्थित अपने कार्यालय पर नगर निगम के बल्लभगढ़ जॉन के नगर निगम अधिकारियों की मीटिंग बुलाई। जिसमें शहर के सबसे मुख्य पीने के पानी के मुद्दे से लेकर, साफ सफाई व्यवस्था तक की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए हैं। मीटिंग में कैबिनेट मंत्री ने शहर में रुके हुए विकास कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश दिए हैं। मंत्री शर्मा ने नगर निगम एक्सईएन और एसडीओ के अलावा सभी जेई स्तर के अधिकारियों को शहर में पीने के पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने संबंधी विषय को लेकर बात की। वहीं शहर में सीवर वह साफ सफाई व्यवस्था को भी ठीक करने संबंधी दिशा निर्देश जेई व सफाई निरीक्षक को दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री ने एक्शन रवि शर्मा को जल्द से जल्द मिर्जापुर में लगाए जा रहे पानी टयूबवेलों का कनेक्शन जोड़ कर शहर में सप्लाई शुरू करने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि यदि मिर्जापुर में लागये गए पानी के ट्यूबेलों की सप्लाई बूस्टर तक जाएगी, तो बल्लभगढ़ विधानसभा ही नहीं बल्कि एनआईटी विधानसभा तक के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। यही नहीं नगर निगम के सभी निगम के जेई को भी उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि शहर में सीवरेज की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। ताकि बारिश में शहर में पानी जमा न हो। उन्होंने बताया कि जगह-जगह सीवर के ढक्कन टूट जाते हैं। जिसकी वजह से हादसा होने का डर हो सकता है, इन सभी बातों का ध्यान रखना अति आवश्यक है। शहर में गंदे पानी की शिकायत आती है तो उसे तुरंत हल करें।

# सीपी ने किया एंटी बुलिंग कैम्पेन लॉन्च

**अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी सक्रिय रहेगी पुलिस**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** कमिश्नर ओपी सिंह ने बुलिंग की घटनाओं को रोकने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक को लॉन्च किया है। पुलिस कमिश्नर ने एंटी बुलिंग कैम्पेन की ब्रांड एंबेसडर फरीदाबाद निवासी श्रुति और जीवन को बनाया है। रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद पुलिस के इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पेज का अनावरण कर पुलिस के दबंगई-रोधी अभियान 'एंटी-बुलिंग कैम्पेन' की शुरुआत की थी। इसका मकसद हिंसक व्यवहार को बढ़ावा देने वाली समाज विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य घर, पड़ोस, स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थल पर दबंगई की समस्या को चिह्नित करना और इस खतरे का मुकाबला करने के लिए लक्षित कार्यक्रमों को लागू करना है।

**क्या है बुलिंग**

बुलिंग वास्तव में एक ऐसी क्रिया है, जिसमें सामने वाले को प्रताड़ित किया जाता है। उसे धमकी दी जाती है या फिर डराया जाता है। जो बच्चे बुलिंग का शिकार होते हैं, उनका स्कूल का काम और सेहत बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है। कक्षा में ध्यान नहीं दे पाना, आत्मविश्वास की कमी, तनाव, अवसाद जैसी समस्याएं उनमें पैदा हो जाती हैं। फिजिकल बुलिंग- इसमें लात-घूंसे मारना, हाथा-पाई करना, धक्का देना या किसी भी तरह से चोट पहुंचाना शामिल है। वर्बल बुलिंग वह है जिसमें दूसरों के सामने नाम बिगाड़ना, चिढ़ाना, आत्म विश्वास और आत्म सम्मान को चोट पहुंचाने वाली बातें कहना। सोशल बुलिंग वह है जिसमें दूसरों को यह कहना कि इससे दोस्ती मत करों, यह अच्छा नहीं। इससे बुलिंग का शिकार बच्चा अकेलापन महसूस करता है। साइबर बुलिंग वह है जिसमें मोबाइल, ई-मेल्स, चैट रूम्स या सोशल नेटवर्किंग साइट्स के जरिए परेशान करने वाले मैसेज भेजना।


**करेगा बचाव**

यह अभियान विशेष रूप से किशोरों को लक्षित रहेगा, जोकि इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित वर्ग है। डराने-धमकाने की प्रवृत्ति (बुलिंग) पीड़ित व्यक्ति के आत्मविश्वास को नष्ट कर देती है। उनके व्यक्तित्व विकास को बाधित करती है, उनकी सामाजिक बुद्धिमत्ता को प्रभावित करती है और उन्हें अवसाद और अन्य बीमारियों की तरफ धकेलती है।

## अवैध कालोनियों में की तोड़फोड़

**फरीदाबाद।** टाउन एवं कंट्री प्लानिंग विभाग की तरफ से अवैध कालोनियों में लगातार तोड़फोड़ की जारी है। सोमवार को जिला नगर योजनाकार, ईन्फोर्समैन्ट, फरीदाबाद की टीम द्वारा गांव नेकपुर की राजस्व सम्पदा में 2 अवैध कालोनियां जोकि लगभग 12 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थीं। इसमें जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। तोड़फोड़ की कार्यवाही के दौरान अवैध कालोनियों में बनाये गये रोड़ नेटवर्क के अलावा 10 रिहायशी निर्माण, 1 डीलर ऑफिस व 50 डीपीसी/बाउंड्रीवाल में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। नरेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा आजकल भू-माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर मे पनप रहीं अवैध कालोनियों व निर्माणों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है।

# कहीं आज तो कहीं कल मनाई जाएगी जन्माष्टमी



**श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे जन्माष्टमी पर मंदिरों के द्वार**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**देशभर** में इस बार जन्माष्टमी का पर्व दो दिन पड़ने से श्रद्धालुओं में चिंता छाई हुई है। लेकिन शहर के मंदिरों में इस बार भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व 12 अगस्त को मनाया जाएगा। लेकिन इस बार कोरोना के कारण न तो मंदिरों से झाकियां बनेगी और न ही मंदिरों के द्वार खुलेंगे।

इस बारे में जानकारी देते हुए शहर के मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि इस बार कोरोना महामारी में जहां मार्च माह से मंदिरों के द्वार बंद है। वहीं जन्माष्टमी के अवसर पर भी मंदिर बंद रहेंगे। हालांकि बंद मंदिरों पर आकर्षक विद्युत व पुष्प सज्जा तो होगी। लेकिन उत्सव नहीं मनाया जाएगा। केवल मंदिर कमेटी के सदस्य और पुजारी द्वारा की पूजा-अर्चना की जाएगी। मध्य रात्रि में जन्मोत्सव आरती कर भगवान को माखन, मिश्री, मेवा मक्खन, पंजीरी आदि का भोग लगाया जाएगा। इस दौरान कुछ मंदिरों में पूजा को फेसबुक पर लाइव दिखाया जाएगा। तिकोना पार्क स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर, सिद्धपीठ श्री महाकाली मंदिर, सेक्टर-37 एस्कॉन मंदिर, एनएच-5 श्री बांके बिहारी मंदिर, एनएच-1 स्थित गीता मंदिर में तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# अब साईकिल पर गश्त करेंगे बीट कांस्टेबल: सीपी

## पुलिस आयुक्त ने फरीदाबाद जिले में रिवाइज किया बीट सिस्टम

**हर बीट में दो पुलिस कर्मचारी तैनात होंगे**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** कमिश्नर ओपी सिंह ने अपराधों पर अंकुश लगाने को लिए एक बैठक ली। जिसमें उन्होंने राजेश दुग्गल डीसीपी मुख्यालय, डॉ. अर्पित जैन डीसीपी एनआईटी, मकसूद अहमद डीसीपी बल्लभगढ़, मुकेश मल्होत्रा डीसीपी सेंट्रल, एसीपी हेड क्वार्टर आदर्शदीप सिंह, एसीपी क्राइम अगेंस्ट वूमन धारणा यादव को अंकुश लगाने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि जिले में लागू बीट सिस्टम को दोबारा से रिवाईज कर दुरूस्त किया जाएगा। प्रत्येक बीट एरिया में दो पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाएगें। जिनका सुपरविजन थाना प्रभारी करेंगे।

**बीट डीएसपी और एसीपी :** संबंधित एरिया के डीएसपी और एसीपी भी बीट एरिया में जाकर बीट में रहने वाले लोगों से बातचीत करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इसके साथ ही समय-समय पर पुलिस कमिश्नर स्वयं जाकर बीट में रहने वाले लोगों से रूबरू होंगे। बीट में तैनात पुलिस कर्मचारियों को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। जिनके पास उसके एरिया में आने वाले प्रत्येक घर का ब्योरा होगा। पुलिस कर्मचारी के पास उसकी बीट में रहने वाले प्रत्येक परिवार के मुखिया का मोबाईल नम्बर होगा। बीट में तैनात पुलिस कर्मचारी व्हटसेप ग्रुप के द्वारा सभी परिवारों से जुडें रहेंगें और उसको पता होगा की उनके बीट एरिया में अपराधिक किस्म के कौन लोग हैं। उनके एरिया में आपराधिक गतिविधियां जैसे गांजा, अवैध शराब, गैंबलिंग आदि कहां कहां होती है इसकी जानकारी रहेगी। जिससे उन पर शिकंजा कसने में आसानी रहेगी। पुलिसकर्मी व्हटसेप के जरिये लोगों से संपर्क में रहेंगें।

**ऑनलाइन के प्रति जागरूक**

बीट पुलिसकर्मी अपने एरिया में रह रहे लोगो को पुलिस की ऑनलाइन सर्विस के बारे में बताएगा। जैसे कि पुलिस वैरिफिकेशन, ऑनलाइन शिकायत, मिसिंग प्रोप्रटी की शिकायत इत्यादि। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बीट सिस्टम से पुलिस को उनके एरिया में रह रहे अच्छे-बुरे लोगो का पता चलेगा। अपराधी किस्म के व्यक्ति की पहचान हो पाएगी। उन्होने कहा कि बीट सिस्टम से अपराध पर अंकुश लग सकेगा।

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ इंटक की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**इंटक** के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलविन्द्र मेहता के नेतृत्व में इंटक, एनसीडब्लयूसी सहित मजदूर संगठनों की बैठकर युवा नेता गौरव चौधरी के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक में कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारियों समेत अनेक युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता स्व. विकास चौधरी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा एवं पुलिस प्रशासन से विकास हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस अवसर पर कुलविन्द्र मेहता ने नेशनल कांग्रेस वर्किंग कमेटी के पदाधिकारियों की घोषणा भी की जिसमें अशोक कीर को जिला अध्यक्ष, जयपाल चंदीला प्रदेश महासचिव, अनिल कुमार, नवीन कुमार, अतर सिंह एवं जगदीश कुमार को जिला महासचिव, रामबीर एवं जितेन्द्र कुमार को जिला सचिव, देवराज ब्लॉक अध्यक्ष शहरी फरीदाबाद, अजय ब्लॉक महासचिव ओल्ड फरीदाबाद नियुक्त किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए युवा नेता गौरव चौधरी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गरीबों एवं मजदूरों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लॉकडाउन की आड में प्रदेश सरकार विभागों को समेटने का काम कर रही है। प्रदेश सरकार कई विभागों को निजी हाथों में सौंपकर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बायो मेडिकल वेस्ट से बढ़ा कोरोना संक्रमण का खतरा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कोरोना** महामारी से तो हम जूझ ही रहे हैं। इस पर नियंत्रण के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कोरोना के मरीजों के कारण बढ़े बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण भी जरूरी है, लेकिन यहां इस वेस्ट के निस्तारण के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में सही प्रकार व समय से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण नहीं होने के कारण कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है।

इस समय जिले में 30 फीसदी बायो मेडिकल वेस्ट बढ़ गया है, जो केंद्र सरकार के नियमों को भी अनुपालन नहीं कर पा रहा। समय

## बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के नहीं हैं पुख्ता इंतजाम

## सीपीसीबी और एनसीडीसी के अनुसार हर 10 हजार बेड पर एक प्लांट होना है जरूरी

रहते इसके पुख्ता इंतजाम नहीं किये तो इससे पर्यावरण में भी खतरा बढ़ जाएगा। जिले की अस्पतालों व घरों से निकलने वाले बायो मेडिकल



वेस्ट को उठाने और निस्तारण के लिए सेक्टर-37 में जिले का इकलौता बायो मेडिकल वेस्ट मैनजेमेंट प्लांट है।

यहां प्रतिदिन हजारों टन बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण होता है। यहां गुरुग्राम के अलावा रेवाड़ी जिले का भी बायोवेस्ट आता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) व नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने नियमानुसार जिले के अस्पतालों में 10 हजार बैड पर एक बायोवेस्ट मैनेजमेंट प्लांट आवश्यक है। गुरुग्राम जिले में करीब 220 सरकारी व निजी अस्पतालों में 13 हजार बेड है। इसके अलावा कोरोना काल में अस्पतालों व घरों से 30 फीसदी बायो मेडिकल वेस्ट बढ़ गया है।

यही कारण है कि जिले के अस्पतालों, कॉलोनियों में फैल रहे बायो मेडिकल वेस्ट से संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। हाल ही में जिले के सीएमओ दफ्तर के बाहर बायो मेडिकल वेस्ट मिला था। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इसकी रिपोर्ट मांगी थी।

### ये कहते हैं विभागीय अधिकारी

**इस** बारे में नगर निगम की सलाहकार सोनिया दूहन का कहना है कि एक बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट सेक्टर-37 में है। यहां पर 12 गाड़ियां जिलेभर से मेडिकल वेस्ट उठाती है। इसके अलावा रेवाड़ी का वेस्ट मैनेजमेंट भी यहीं पर आता है। जिले में बायो मेडिकल वेस्ट उठाने के व्यापक इंतजाम हैं। जरूरत के हिसाब से प्लांट की क्षमता को बढ़ा दिया जाएगा। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी शक्ति सिंह का कहना है कि सेक्टर-37 के बायोटेक प्लांट में सरकार की ओर से तय सभी नियमों का पालन किया जा रहा है। समय-समय पर विभाग के अधिकारी निरीक्षण करते हैं। अगर कोई शिकायत या कमी मिलती है तो उसका समाधान किया जा रहा है।

# गोमाता है भारतीय संस्कृति का हिस्सा: अमित चंद्रशेखर आजाद

## श्रीराधा-कृष्ण गोशाला में पहुंचे शहीद चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित आजाद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-9 स्थित श्रीराधा-कृष्ण गोशाला में पहुंचे शहीद चंद्रशेखर आजाद के पौत्र अमित चंद्रशेखर आजाद को स्मृति चिन्ह देती गोशाला संचालक सविता कटारिया और प्रवक्ता अजय शर्मा।

**अमर** शहीद वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के पोते अमित आजाद ने कहा कि गोमाता हमारी भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। हम प्राणी मात्र सभी मिलकर एक रुपये रोटी अगर रोजाना निकाले तो देश की गोशालाओं की हालत दयनीय नहीं होगी। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां सेक्टर-9 स्थित श्रीकृष्ण गोशाला में कही।

अमित आजाद ने कहा कि हम प्राचीन काल से ही अपनी रसोईघर में एक रोटी सबसे पहले गो माता के लिए निकालते हैं। हमें सभी को मिलकर प्रण करना चाहिए कि हम रोजाना रुपया एक गो माता के लिए निकालें। जो गो माता की सच्चे मन से सेवा करेगा। उसका कल्याण हो जाएगा। आजकल लॉकडाउन के दौरान जो समस्याएं आ रही हैं। उनका हम सभी मिलकर निदान करेंगे। जरूरत पड़ी तो गो सेवा आयोग से भी हम मांग पत्र के माध्यम से स्पेशल ग्रांट दिलवाने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मार्गदर्शन में गो माता की सेवा के लिए अलग से एक बोर्ड का गठन किया गया है। जिसमें गोमाता की सेवा के लिए पंचायतों के पास पड़ी खाली जमीन को गो शालाओं के लिए पट्टे पर देने का विचार सरकार ने किया है। जिसमें हरा चारा व तूड़ा उत्पन्न करके गोमाता का पेट भरा जा सकता है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अब पूर्ण रूप से लगा हुआ है। उन्होंने गो माता को गुड़ खिलाया व हरा चारा भी दिया।

श्रीराधा-कृष्ण गोशाला प्रवक्ता अजय शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के चलते गोशाला में गो भक्तों का आना बंद हो गया था। जिसके कारण यहां बहुत ज्यादा दिक्कत हो गई है। गो माता पर आए इस भारी संकट से निजात दिलाने के लिए गो भक्त समय समय पर आकर अपनी सेवा गोमाता के लिए करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि गोशाला में रोजाना विश्व शांति के लिए व कोरोना वायरस खत्म करने के लिए हवन यज्ञ किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से लोग आकर अपनी आहुति डाल रहे हैं। इस अवसर पर श्रीराधा-कृष्ण गोशाला संचालिका सविता कटारिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश आजाद, शिवाई सिंह, अमर कटारिया, शैलेश कुमार, सुरेश शर्मा, किशन लाल थानेदार आदि मौजूद रहे।

# गुरुग्राम में जल्द ही फिर से होगा सीरो सर्विलांस सर्वे

## प्रत्येक क्लस्टर में सर्वे टीम में एक चिकित्सक, हेल्थ केयर वर्कर और एक लैब टेक्नीशियन होगा

**गुरुग्राम।** जिले में जल्द ही फिर से सीरो सर्विलांस सर्वे किया जाएगा। इस सर्वे का उद्देश्य जिला की आबादी में सारस-कोव-2 संक्रमण पर निगरानी रखना है। इस बार 850 व्यक्तियों का सीरो सर्विलांस सर्वे होगा।

सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव के मुताबिक सीरो सर्विलांस सर्वे के लिए चुने गए 850 व्यक्तियों में 500 व्यक्ति ग्रामीण तथा 350 व्यक्ति शहरी क्षेत्र के हैं। सर्वे के लिए शहरी क्षेत्र को चार क्लस्टर में बांटा जाएगा। प्रत्येक क्लस्टर को आगे फिर चार भागों में विभाजित किया जाएगा। इस प्रकार एक भाग में 22 घरों का सर्वे होगा। यानी प्रत्येक क्लस्टर में 88 घरों का सर्वे किया जाएगा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र को 12 क्लस्टरों में विभाजित करके प्रत्येक क्लस्टर को आगे चार भांगों में बांटा जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लस्टर के लिए चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीन गांवों, चार सब सेंटरों के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाले गांवों का चयन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक क्लस्टर में 44 घर रखें गए हैं जिनका सर्वे किया जाएगा। डा. यादव के अनुसार इस सर्वे में सट्रेटीफाईड मल्टी स्टेज सेंपलिंग होगी, जिसमें 18 वर्ष से उपर की आयु के व्यक्तियों का सहमति लेकर सेंपल लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक क्लस्टर में सर्वे का कार्य तीन सदस्य टीम करेगी, जिसमें एक चिकित्सक, एक हेल्थ केयर वर्कर तथा एक लैब टेक्नीशियन शामिल होगा। दो क्लस्टरों पर निगरानी के लिए एक सुपरवाइजर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सर्विलांस के माध्यम से यह भी आसानी से पता लगाया जा सकता है कि उक्त व्यक्ति को पहले कोरोना हुआ है अथवा नहीं।

# डीसी से की गोकलपुर घोटाले में जल्द कार्रवाई की मांग



**नूंह।** पिनगवां खंड की गोकलपुर पंचायत में सरपंच द्वारा विकास के नाम पर किया गया करोड़ों रुपये गबन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव के लोगों ने एसडीएम से शिकायत के बाद अब डीसी से मुलाकात कर जल्द कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि डीसी ने उन्हें आश्वासन दिलाया है कि मामले की कमैटी गठित कर जल्द जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा बख्शा नहीं जाएगा।

डीसी को दी शिकायत में गोकलपुर गांव के मकसूद, ताहिर हुसैन, आजाद व यूनुस ने उनके गांव के सरपंच ने पंचायत सेक्रेटरी, पंच, ठेकेदार, बैंक मेनेजर व कुछ पंचायती विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके पहले तो गांव वालों को बिना बताए 262 जॉब कार्ड बनवाए और फिर उनके नाम पर काम दिखाकर करोडों रुपये की लेन देन की। जिसकी किसी को कानों कान खबर न लगने दी। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच उन्हें कहीं पर भी शिकायत करने के लिए चेतावनी देता है। आरोप है कि सरपंच ने कागजों में ईदगाह, कब्रिस्तान, श्मशानघाट, स्कूल लेवलिंग, स्ट्रीट लाईटें आदि काम कागजों में दिखाया है, जबकि जमीनी स्तर पर गांव में जांच की जाए। ग्रामीणों ने कहा है कि जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिलेगा, तब तक वह शांत नहीं बैठेंगे, चाहे उन्हें सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़े।

# पौधा लगाओ और श्यामपट पर नाम लिखवाओ

**सोहना।** सोहना नगरपरिषद ने पौधारोपण अभियान में सामाजिक संगठन व गणमान्य लोगों को खुला निमंत्रण दिया है। ताकि नगरपरिषद सीमा क्षेत्र की सड़कों से लेकर आम रास्ता, पार्क, जोहड़, सामुदायिक केन्द्र, स्कूल, आगंनबाड़ी सेंटर आदि में पौधारोपण करने का अभियान शुरु किया जा सके।

सोहना नगरपरिषद सीमा क्षेत्र में पौधारोपण का अभियान चलाया है। नगरपरिषद ने शहर की सामाजिक संस्थाओं से लेकर आम लोगों को पौधारोपण में सहयोग करने तथा आने नाम का पौधा लगाने की अनुमति प्रधान की है। ताकि शहरवासी अपने पहचान के लिए पौधारोपण कर सकें। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि कोई भी नागरिक यदि पौधारोपण में सहयोग करेगा। उसके नाम की सूची परिषद कार्यालय के श्यामपट पर लिखवाया जाएगा। ताकि उसके रिश्तेदार, परिजन ऐसे सामाजिक संस्था या व्यक्ति विशेष का नाम पढ़कर प्रेरणा ले सके।

# नगरपरिषद क्षेत्र में होगा अवैध कॉलोनियों का सर्वे

**सोहना।** नगर परिषद सीमा क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों की सर्वे कराएगी। ताकि कि अवैध कॉलोनियों काटने वालों पर मुकदमा दर्ज कराया जा सके। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा राज्य में अवैध कॉलोनियों काटे जाने पर शिकंजा कसने की मंशा को जाहिर कर दिया है। हाल ही में जिला गुरुग्राम व राज्य में नायब तहसीलदारों से लेकर तहसीलदारों के खिलाफ की गई कार्रवाई से जहां रेवेन्यू विभाग में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार जल्द ही पटवारियों के खिलाफ भी प्रदेश सरकार शक्ति से पेश आने की योजना तैयार कर रही है। उसी तरह से सोहना नगर परिषद ने अपने सीमा क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को चिंहित करने की सर्वे कराने की योजना तैयार की है। जिसके लिए एमई, जेई व भवन निरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम का चयन किया जाना है। जो गुप्त रुप से परिषद सीमा क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों का डाटा इकट्ठा करने का काम करेगी। इस सर्वे का जानकारी किसी को भी नहीं दी जाएगी।

**ये रिकॉर्ड जुटाया जाएगा**

नगर परिषद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अवैध कॉलोनियों के सर्वे में कुल क्षेत्रफल, कितने-कितने वर्गगज के प्लाट काटे जा रहे हैं। अवैध कॉलोनियों को अंजाम देने वाले का नाम व पता, अवैध कॉलोनी में सहयोग करने वाले का नाम। चाहे वह कोई व राजनीतिक या प्रशासनिक अधिकारी ही क्यों ना हो। अवैध कॉलोनियों में प्लाटों की कीमत। अवैध कॉलोनियों की रुपरेखा तैयार करने में कितने पेड़ों को काटा गया। अवैध कॉलोनियों की वर्तमान हालात कैसी है।

**अवैध कालोनियों के खिलाफ होगी कार्रवाही :** नगरपरिषद के एक्सईएन अजय पंघाल ने बताया कि अवैध कॉलोनियों की सर्वे जल्द ही शुरु किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सर्वे एक सप्ताह में तैयार करके सरकार के आदेशानुसार आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कराए जाएंगे।

# इस्कॉन मंदिर में डिजिटल तरीके से मनेगी जन्माष्टमी

**गुरुग्राम।** मंदिर प्रबंधन कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की धूमधाम से तैयारी कर रहा है। कोरोना के समय में भी यहां भक्त जन्माष्टमी समारोह की तैयारी में जुटे हुए हैं। सभी भक्तजन की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर मंदिर प्रबंधन ने भक्तों का उत्साह बढ़ाने के लिए भव्य जन्माष्टमी उत्सव को डिजिटल बनाने का फैसला किया है। जिसमें सभी श्रद्धालु घर बैठे ही सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त कर सके। बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए भी कई ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई है, इसमें ड्राइंग, स्लोगन फ्रेमिंग, अभिनय, गायन आदि शामिल हैं। साथ ही त्योहार के दिन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गेम्स, ड्रामा, श्लोकों का पाठ आदि कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सभी के लिए घर बैठे ही लाइव प्रसारण के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के दर्शन, पूजा, आरती, एवं अभिषेक की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा गया है।

# तावडू शहर में अतिक्रमणकारियों की अब खैर नहीं

## विधायक संजय सिंह की पत्नी वंदना सिंह ने एसडीएम संग की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**शहर** को स्वच्छ व अतिक्रमण से मुक्त करने को लेकर विधायक गंभीर नजर आने लगे हैं। विधायक संजय सिंह के कहने पर उनकी पत्नी वंदना सिंह ने तावडू पहुंच एसडीएम डॉ. नरेश कुमार संग अतिक्रमण व स्वच्छता को लेकर बैठक की। बैठक में शहर के गणमान्य लोग भी मौजूद थे। वहीं इस मीटिंग से पूर्व एसडीएम ने नपा जेई, मार्केट कमेटी के सचिव व शहरी थाना प्रभारी हेमराज जाखड़ संग उक्त विषय को लेकर मीटिंग की। मीटिंग की रिपोर्ट को वंदना सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद निष्कर्ष निकला कि 15 अगस्त से पूर्व शहर को पूर्णतया अतिक्रमणमुक्त व स्वच्छ बनाना है। इस कार्य में जो भी व्यक्ति अड़चन पैदा करे उसके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई होगी।

बता दें कि तावडू शहर में अतिक्रमण, हर और गंदगी का साम्राज्य, पेयजल व सीवरेज लाइन बिछाने के चलते कार्य की वजह से खोदी गई सभी गलियों का दोबारा



**विधायक संजय सिंह की पत्नी वंदना सिंह को शहर के हालातों की जानकारी देते एसडीएम डॉ. नरेश कुमार।**

बनने में देरी सहित कई अन्य समस्याएं निरंतर विधायक के समक्ष पहुंच रही थी। जिस पर सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे वंदना सिंह एसडीएम ऑफिस पहुंचीं और एसडीएम संग करीब एक घंटे मंत्रणा की। लेकिन उनके आने से पूर्व एसडीएम ने इन विषयों पर विभिन्न अधिकारियों संग मीटिंग कर शहर का जायजा ले लिया था। इसमें जो रिपोर्ट तैयार हुई उसे वंदना सिंह के समक्ष रखा।

एसडीएम ने वंदना सिंह को बताया कि शहर को अतिक्रणमुक्त करने के लिए दुकानों के आगे एक समान निशानदेही कर लोहे की जालीदार बेरिकेडिंग की जाएगी। रोहतक सिटी की तर्ज पर ये कार्य होगा। वहीं नपा जेई को भी आदेश कर दिए हैं कि अतिक्रमण हटाने को लेकर आज ही मुनादी हो व फिर भी जो लोग अतिक्रमण न हटाएं उन पर कार्रवाई हो। वहीं 15 अगस्त से पूर्व पूरा शहर स्वच्छ किया जाए। मुनादी में दुकानदारों से कोविड नियमों के अनुरूप दुकानों को चलाने की बात भी कही जाए। मानसून के मौसम को दृष्टिगत रख मंगलवार से शहर में फोगिंग का कार्य हो ताकि लोग बुखार की चपेट में न आएं।

मीटिंग में मौजूद भाजपा मंडलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व मंडलाध्यक्ष सुरेश प्रधान, रामबीर ठेकेदार, नरेश ढ़ल, अश्वनी नासा, विजयपाल, राजेश चौधरी, रामनिवास जांगड़ा व लालजी ने कहा कि शहर में सबसे बुरा हाल जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग वालों का है। सीवरेज व पेयजल पाइपलाइन बिछाने के चलते पूरा शहर खोदकर छोड़ रखा है। थोड़ी सी वर्षा होते ही पूरा शहर दलदल में बदल जाता है। इस विभाग के ठेकेदार अपने ही विभाग के अधिकारियों की नहीं सुनते। जिस पर एसडीएम ने कहा कि जल्द ही वह इस समस्या का निदान करने का वह प्रयास करेंगे।

### ऐसी है तावडू शहर की वर्तमान सूरत

**पूरा** शहर अतिक्रमण से पटा पड़ा है व शहर में हर जगह गंदगी का आलम है। ऑटो, जीप व निजी बस चालकों की मनमानी के चलते पूरे दिन शहर में जाम की स्थिति देखी जा सकती है। नपा द्वारा विभिन्न स्थानों पर बनाए गए टॉयलेट गंदगी का पर्याय हो चुके हैं। नाले व नालियां गंदगी से पटी पड़ी हैं व पूरा शहर सीवरेज व्यवस्था को लेकर महीनों से खोदा हुआ है। तावडू की मुख्य सड़क हो या मुख्य बाजार अतिक्रमण को लेकर कमोबेश दोनों ही जगह खराब स्थिति है। अगर शहर या बाजार में दिल्ली जैसा अग्निकांड हो जाए तो फिर राम भरोसे ही लोगों की जिंदगी रहेगी। सब्जी मंडी के दुकानदारों ने तो सड़क को अपनी जागीर समझ रखा है। सड़क पर सब्जी की दुकान लगा रहे हैं व कई दुकानदार तो अपनी दुकानों के आगे रहड़ियों व अन्य दुकानों को लगवा वसूली कर रहे हैं।

# सोहना के मंदिरों में कम है जन्माष्टमी पर उत्साह

## बाजारों में श्रीकृष्ण की पोशाक की मांग न होने से दुकानदारों में मायूसी

## प्रधान धर्मवीर सैनी ने बोले, जन्माष्टमी पर कोई भी कलाकार तैयार नहीं आने को

**सोहना।** सोहना के मंदिरों में जन्माष्टमी मनाने को लेकर किसी प्रकार की तैयारी नहीं की जा रही है। जन्माष्टमी के अवसर पर देर शाम प्रसाद वितरण किया जाएगा। वही बाजारों में भगवान कृष्ण की पोशाक की मांग न होने से दुकानदारों में मायूसी छायी हुई है।

कोरोना काल के चलते इस बार सोहना के किसी भी मंदिर में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाने को लेकर कोई तैयारी नहीं की जा रही है। कृष्ण भक्त भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से बच रहे हैं। मंदिरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। सैनी धर्मशाला कमेटी के प्रधान धर्मवीर सैनी ने बताया कि



**सोहना में दुकानों पर सजी भगवान कृष्ण की पोशाक।**

जन्माष्टमी को लेकर कोई भी कलाकार तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि मंदिर में देर रात्रि प्रसाद वितरण किया जाएगा। जो भी भक्त प्रसाद ग्रहण करना चाहेगा उसे सामाजिक दूरी से दिया छाएगा।

### ड्रेस की नहीं है मांग

**दुकानदार** नरेश अग्रवाल ने बताया कि दो दिन में कृष्ण के बाल्यकाल अवस्था की मात्र दो ही ड्रेस बाकी हैं। इस बार ड्रेस की मांग नहीं होने से उसे हजारों रुपये का घाटा होने की आशंका है। दुकानदार राजू का कहना है पिछले वर्ष उसने करीब 150 भगवान कृष्ण की ड्रेस बेची थी।

# संक्षिप्त समाचार

## पीएम मोदी ने देशवासियों का सपना पूरा किया: भगवतदास



**गुरुग्राम।** अयोध्या में राम मंदिर की आधार शिला रखने के बाद पूरे भारतवर्ष में उल्लास व उमंग की लहर है। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित प्राचीन जीरखोद मंदिर में भी इस दिवस को त्योहार की तरह मनाया गया। मंदिर में दीपक जलाए गए और भक्तों को प्रसाद वितरण किया। मंदिर के महंत महामंडलेश्वर बाबा भगवत दास ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर को लेकर करोड़ों देशवासियों का सपना पूरा कर दिया। इस दिन को पूरा देश याद रखेगा। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में उनके मंदिर के निर्माण के बाद दुनियाभर के लोगों को रामायण और सनातन धर्म को करीब से जानने-सीखने का मौका मिलेगा। कोरोना जैसी आपदा से देश जिस प्रकार जूझ रहा है राम मंदिर के भूमि पूजन के बाद लोगों में इस महामारी से लड़ने की नई ऊर्जा जागृत हो गई है। महामंडलेश्वर ने कहा कि इस दिन को खास बनाने के लिए हमने पूरे क्षेत्रवासियों को प्रसाद वितरित करते हुए बधाई दी। जिसमें भक्तों ने प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाकर उन्हें प्रणाम किया। बता दें कि गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित 500 वर्ष प्राचीन मंदिर में गुरुग्राम, दिल्ली, फरीदाबाद समेत आसपास के दिग्गज नेता परिवार समेत आते हैं।

## बेटी के जन्म पर कुंआ पूजकर रोपा पौधा



**फर्रूखनगर।** बेटियां घर का नहीं समाज का चिराग होती हैं। उसकी प्रतिभा की रोशनी से पूरा जगत जगमग हो जाता है। जिस आंगन में बेटियों की किलकारी ना गुंजे वह घर अधूरा ही समझा जाता है। बेटियों से ही जग रोशन है। यह बात जिला परिषद गुरुग्राम के उप प्रमुख संजीव राव उर्फ पप्पू यादव ने खंड के गांव डाबोदा में नवजात बेटी जसमिन यादव के जन्म पर आयोजित कुआं पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम के मौके पर ग्रामीणों से कही। उन्होंने कहा कि यह किस्मत की बात है कि गांव की सबसे ज्यादा वृद्ध महिला 92 वर्षीय विद्या देवी ने अपनी पड़पौत्री जसमीन यादव के जन्म पर खुशी का इजहार करते हुए थाली बजाई। गांव डाबोदा के कोमल यादव व उनकी पत्नी सोनिका के घर पहली संतान के रूप में 6 जुलाई 2020 को बेटी जसमिन का जन्म हुआ। जन्म पर घर में पूरे उत्साह के साथ सभी रस्म तो निभाई गई। बल्कि कुआं पूजन के साथ आम का पौधा भी लगाया गया। छोछक में भी विभिन्न प्रजातियों 101 पौधे उपहार के रूप में आये। इस मौके पर सरपंच नीता यादव, बल्लू यादव प्रधान, जयप्रकाश, संजीव सोलंकी, धर्मबीर, पूर्व पंच सुरेंद्र सिंह, गंगाराम, राजबीर, दीपक, ज्योति, बुधराम, सुखराम, ब्रह्मप्रकाश, सुनील पहलवान, ओम प्रकाश, चंदगीराम मुशेपुर, राम निवास, रणधीर सिंह, संजय आदि मौजूद रहे।

## लवली सलूजा बने श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी के प्रधान



**गुरुग्राम।** श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी के द्विवर्षीय चुनाव में लवली सलूजा को प्रधान चुना गया। इससे पूर्व बनवारी लाल सैनी प्रधान थे। नवनियुक्त प्रधान अब कार्यकारिणी का जल्द ही गठन करेंगे। अध्यक्षता प्रो. संजय भसीन ने की। जैकबपुरा में रामलीला कमेटी की बैठक में प्रो. संजय भसीन की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने कमेटी के चेयरमैन रहे दिवंगत भीमसेन सलूजा के बेटे लवली सलूजा का नाम अनुमोदित किया गया। लवली सलूजा को प्रधान चुन लिया गया। कमेटी को संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रधान लवली सलूजा ने कहा कि उन्हें जो यह जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करेंगे। जल्द ही वे बाकी पदाधिकारियों का भी चुनाव करेंगे। पूर्व प्रधान बनवारी लाल सैनी ने पिछले दो साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिस पर सभी पदाधिकारियों, सदस्यों ने संतुष्टि जाहिर की। इस मौके पर पूर्व सचिव मनोज तंवर, रामा ठाकुर, रमेश कालरा, देवेंद्र जैन, एसके शर्मा, राजेश जैन, केसी नारंग और नरेश सैनी समेत सभी पूर्व पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना में 14 रेहड़ी वालों को ऋण मंजूर

**सोहना।** नगरपरिषद ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना के तहत 14 रेहड़ी मालिकों को दस-दस हजार रुपये का ऋण मंजूर किया है। रेहड़ी मालिकों को इस ऋण की बिना ब्याज के रकम जमा करानी होगी। नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह खंगवाल की अध्यक्षता में सोमवार को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में मार्केट कमेटी सचिव नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज राघव, समाज सेवी बलबीर रावत, फायर स्टेशन प्रभारी जयवीर भड़ाना आदि मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत करते हुए कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह खंगवाल ने बताया कि कमेटी ने शहर में रेहड़ी लगाने वाले 367 लोगों की पहचान की थी। जिसमें एक सौ के लगभग स्थानीय निवासी हैं। बाकी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के निवासी है। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना के तहत 14 रेहड़ी मालिकों ने बिना ब्याज ऋण लेने के लिए अपना-अपना आवदेन जमा कराएं थे। पीएम स्ट्रीट वेंडर्स कमेटी ने सभी आवेदकों के 10-10 हजार रुपये के ऋ्रण को मंजूरी प्रदान कर दी है। जो जल्द ही रेहड़ी मालिकों को दे दिए जाएंगे। परिषद के कार्यकारी अधिकरी अतर सिंह खंगवाल ने बताया कि जिन रेहड़ी मालिकों को ऋ्रण दिए गए है।

## कोरोना से बचने के लिए मास्क जरुरी: डीसी

**नूंह।** कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान प्रतिदिन एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर नौकरी या व्यापार करने वाले लोगों के लिए कोविड-19 के संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए मास्क जरुरी है। उपायुक्त पंकज ने स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत लोगों को जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में सभी को जागरूक होकर कोरोना से बचना है। निर्धारित नियमों का पूर्णतया पालन करें और फेस मास्क पहनें और समय-समय पर हाथ धोते हुए सुरक्षित रहें अथवा हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे से कम से कम एक मीटर की व्यक्तिगत दूरी बनाए रखें और कार्यालय या खरीददारी आदि से घर लौटने पर स्नान करें। बाहर जाने के लिए एक जैकेट या एक स्वेट-शर्ट रखें, जिसे आप कार्यालय या घर पहुंचने के बाद हटा सकें। नियमित रूप से हाथ धोएं, भीड़ में जाने से बचें और एक मीटर की अनिवार्य शारीरिक दूरी का पालन करें।

## युवक का शव खेत में संदिग्ध हालत में मिला

**सोहना।** गांव किरनकी में 40 वर्षीय युवक का शव में बाजरे के खेत में संदिग्ध हालत में मिला। मृतक की पहचान लाखूवास निवासी के रुप में हो गई। जो शनिवार की शाम से लापता था। सोमवार की दोपहर निमौठ चौकी क्षेत्र के गांव किरनकी में सड़क किनारे बाजरे के खेत में युवक का शव पड़ा मिला। खेत में शव पड़ा होने की जानकारी ग्रामीणों को वहा से बदबू आने से मिली। शव से करीब 60 कदम दूरी पर मृतक की कार खड़ी हुई थी। जिसकी पहचान पुलिस ने पंजीकरण नंबर से की। मृतक की पहचान लाखूवास निवासी श्यामवीर के रुप में हो जाने पर पुलिस उसके परिजनों को मौके पर बुलाया। सदर सोहना थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भारतेंदु कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा युवक की पहचान करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया।

# भाजपा सरकार ने सोनीपत के विकास को दी नई दिशा : राजीव जैन

## जिला के चहुंमुखी विकास को समर्पित प्रदेश सरकार ने स्थापित किये नए कीर्तिमान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सोमवार को पुराना औद्योगिक क्षेत्र में बनाये जाने वाले सडक मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। साथ ही उन्होंने नारियल तोडकर देव नगर में भी दो गलियों के निर्माण कार्य की शुरुआत की। इनके निर्माण पर करीब 30 लाख रुपये की लागत आएगी।

भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि समयबद्धता के साथ सडक व गलियों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सडकों का बेहतरीन होना अनिवार्य शर्त है। यही कारण है कि भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में सडकों का जाल बिछाया है। सोनीपत जिला प्राथमिकता के साथ इसमें शामिल किया गया है। सोनीपत के हिस्से में आधा दर्जन से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग तथा राज्यीय राजमार्ग आए हैं। इससे विकास को नई गति मिली है।


गलियों और रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ करते राजीव जैन।

सोनीपत विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां सडकों के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ी गई। विभिन्न सेक्टरों और कालोनियों में गलियां भी पक्की बनाई गई हैं। भाजपा नेता जैन के अनुसार सोनीपतवासियों की मांग पर हर क्षेत्र में सडकें व गलियां बनाई गई हैं। अब भी इस दिशा में तीव्रता से कार्य किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने सोनीपत के विकास को नई दिशा व दशा प्रदान की है। जबकि कांग्रेस के शासनकाल में विकास के नाम पर सोनीपत के साथ भेदभाव होता रहा है। यही कारण रहा कि सोनीपत विकास के लिए तरस गया था। विकास के मामले में सोनीपत का पिछड़ापन भाजपा सरकार ने दूर किया है।

जिला के चहुंमुखी विकास को समर्पित प्रदेश सरकार ने नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जैन ने कहा कि बेहतरीन सडकें व गलियां देने के साथ-साथ हर प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। पानी की निकासी के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। साथ ही पेयजल की सुचारू व्यवस्था की गई है। बिजली आपूर्ति को भी मजबूती प्रदान की गई है। कोरोना काल में बिजली आपूर्ति के लिए किए जा रहे कार्यों में रूकावट आ गई थी, जिसे अब दोगुनी तेजी से पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी सोनीपत जिला को लगातार सौगात दी गई है। सोनीपत शहर में डिग्री कालेज प्रारंभ किया जा चुका है। अब मुख्यमंत्री ने जिला को लड़कियों के लिए दो नए कालेजों का तोहफा दिया है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां विकास के नए आयाम स्थापित न किए गए हों। साथ ही उन्होंने सोनीपतवासियों को भरोसा दिलाया कि सोनीपत के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# तीन जगहों पर बरसाती पानी को पाइप लाइन डलना शुरू

## करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वार्ड-19 के रामनगर क्षेत्र में कार्य की कराई शुरूआत

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल


करनाल नगर निगम की महापौर रेणू बाला गुप्ता पाइप लाइन के शुरूआत करने के लिए पूजन करती हुई।

**पुराने** व घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी के स्थाई समाधान को लेकर नगर निगम करनाल लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को महापौर करनाल रेणु बाला गुप्ता ने वार्ड नम्बर 19 के राम नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी की पाईप लाईन डालने के कार्य की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, वार्ड पार्षद राजेश अग्घी, पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी भगवान दास अग्घी, एम.ई. सुनील भल्ला व जे.ई. सुखबा सिंह उपस्थित रहे।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बताया कि इस कार्य में वार्ड की तीन जगहों पर पाईप लाईन डाली जाएंगी, जिसमें मेन बाजार चार खम्बा चौक के पास, गुरू तेग बहादुर सिंह गुरूद्वारा के पास तथा कश्मीरा सिंह पार्क के पास की गलियां को लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्य में डी.डब्ल्यू.सी. एस.एन.-8 की पाईप लाईन डाली जाएगी, जिसकी 400 एम.एम. मौटाई में करीब 2600 फुट लम्बाई रहेगी। इस पर अनुमानित 24 लाख 25 हजार रूपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि अगले करीब 2 माह में यह कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। मेयर ने बताया कि गुरू तेग बहादुर सिंह गुरूद्वारा व कश्मीरा सिंह पार्क क्षेत्र में छोटी नालियां थी, जिसके कारण बारिश के समय में पानी की निकासी होने में थोड़ा समय लग जाता था। पानी जमा होने के कारण यहां गंदगी को बढ़ावा मिलता था, जिससे यहां रह रहे नागरिकों को परेशानी होती थी। परंतु अब यहां अच्छी मौटाई की स्टोरम वाटर की पाईप लाईन डाली जाएगी, जिससे कम समय में ही बरसाती पानी की निकासी सम्भव होगी। उन्होंने डी.डब्ल्यू.सी. पाईप की खूबी बताते हुए कहा कि इस पाईप में पानी का बेहतर फ्लो है और इसमें दूसरे पाईपो की अपेक्षा कचरा भी कम रूकता है। महापौर ने कहा कि यह कार्य नागरिकों की मांग को देखते हुए एवं उन्हें मूल सुविधाएं मुहैया करवाने के मकसद से ही करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कामो के पूरा होने से तीन क्षेत्रों की गलियों में बरसाती पानी जमा नही होगा, जिससे नागरिकों की परेशानी दूर होने के साथ-साथ स्वच्छता को बरकरार रखने में मदद मिलेगी।

मेयर ने मौके पर मौजूद निवासियों को इन कार्यों की बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में करनाल शहर निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे स्वयं भी कार्य की देखरेख करें, ताकि गुणवत्ता को लेकर कोई कमी ना हो। उन्होंने कहा कि पाईप लाईनो का लेवल भी चैक करें, ताकि कार्य पूर्ण होने के बाद उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से कहा कि यदि उन्हें कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत मिले, तो वह मेरे संज्ञान में लाएं, उसे अवश्य ठीक करवाया जाएगा। मेयर ने मौके पर मौजूद निगम इंजीनियरो को निर्देश दिए कि कार्य इस तरह से किया जाए, जिससे नागरिको को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने कहा कि सारा काम तय समय में पूरा करें और क्वालिटी से किसी भी प्रकार का समझौता नही होना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद राजेश अग्घी व वार्ड वासियों ने महापौर रेणु बाला गुप्ता व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला का फूल-मालाओं से स्वागत किया। पार्षद ने कहा कि उनके वार्ड में महापौर के प्रयासों से अनेक विकास कार्य सम्पन्न हुए हैं।

इस मौके पर दर्शन सिंह सहगल, जगदीश सबरवाल, अमर ठक्कर, राजेश नारंग, शंकर लाल वधवा, अरीश अरोड़ा, राधे शाम सलूजा, शाम छाबड़ा, शाम सिंह चौहाण, अशोक गुप्ता एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बरोदा उपचुनाव में श्रीकृष्ण की तरह सारथी बनकर सहयोग करें : छाबड़ा


भरतपूरी में कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन कांग्रेसी नेता अशोक छाबड़ा।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**नगर** निगम कार्यालय में कई बार शिकायत करने के बावजूद समाधान न होने से परेशान शहर के भतरपूरी क्षेत्रवासियों ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगर परिषद के चेयरमैन अशोक छाबड़ा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्या सुनकर न सिर्फ समाधान का आश्वासन दिया बल्कि शहरवासियों से बरोदा उपचुनाव में कृष्ण भगवान की तरह सारथी बनकर सहयोग करने का आग्रह किया है।

समस्या से परेशान सत्यपाल शर्मा, राम प्रसाद जिंदल, अमित गर्ग, महेन्द्र सिंह गुप्ता, सुभाष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राम कंवार जिंदल, नितिन सरोहा, दीपू अत्री, अशोक पालीवाल, अमित पालीवाल आदि ने पूर्व चेयरमैन के सामने समस्याओं के बारे में बताया कि उनके क्षेत्र में पिछले दिनों से सीवरेज, पेयजल व बिजली की समस्याओं ने क्षेत्रवासियों जीना मुश्किल कर दिया है। आए दिन क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो होने के कारण दूषित पानी जमा रहता है। पेयजल की सप्लाई न होने के कारण पानी बाहर से खरीदना पड़ता है। पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान निगम अधिकारियों से बात करके जल्द ही करा दिया जाएगा। बरोदा उपचुनाव का कभी भी बिगुल बज सकता है। इस चुनाव में वे श्रीकृष्ण भगवान की तरह सारथी बनकर सहयोग करेंगे। प्रदीप गौतम ने कहा कि जब तक वे समस्या को लेकर निगम के प्रति कड़ा रवैया नहीं अपनाएंगे तब तक निगम के अधिकारी समस्या का समाधान नहीं करेंगे। इस अवसर पर भूपेन्द्र गहलावत, प्रेमनारायण, सीमा गोयल, अनुज छाबड़ा व पूनम आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## नशे जैसी बुराई के खात्मे को आगे आएं : कमल सैनी



**इन्द्री।** युवा संगठन बीबीपुर के प्रधान कमल सैनी ने अपने गांव में आयोजित अपने साथियों की एक मींटिग में कहा कि आज युवा वर्ग नशे की ओर आकर्षित होता जा रहा हैं। नशा ही सभी बुराईयों की जड़ है। ऐसे में नशे जैसी बुराई का खात्मा करने के लिए देश के सभी लोगों को आगे आना चाहिएं। उन्होंने कहा कि समय रहते यदि जनता नशे के विरूद्ध आगे नहीं आई तो इसका भयंकर परिणाम सरकार को भुगतना पड़ेगा। नशे में इंसान भेडियां बन जाता है। जो समाज के लिए घातक साबित होता है। कमल सैनी ने कहा कि आज हमारे देश की युवा पीढ़ी पर विदेशी कुसंस्कृति और पाशचात्य संस्कृति हावी हो रही हैं जिसके कारण युवा पीढ़ी नशे जैसी बुराईयों को अपनाने पर लगा हुआ हैं। नशा ही हर बुराई की जड़ है। जिस घर के अंदर कोई भी व्यक्ति नशा करता है तो उस घर में रहने वाले लोगों के सुख व शांति भंग होती है। इसी प्रकार समाज में नशा करने वाले लोगों से समाज को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नशा मनुष्य के शरीर व दिमाग दोनों पर गहरा असर डालता है। जिससे मनुष्य भयंकर बिमारियों का शिकार हो जाता है। युवाओं को नशे का त्याग कर शिक्षा, खेलों व समाजिक कार्यों में ध्यान देना चाहिए। इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होता है। सैनी ने कहा कि उनकी संस्था नशा सहित ओर कई अन्य सामाजिक बुराईयों के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने का काम करेगी। इस अवसर पर उनके काफी युवा साथी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यातिथि होंगे उपायुक्त सुजान सिंह



**कैथल।** स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपायुक्त सुजान सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे। इससे पहले उपायुक्त शहीद स्मारकों पर जाकर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। समारोह स्थल पर कोविड-19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंस, सैनेटाईजर, थर्मल स्कैनर, मास्क इत्यादि का विशेष ध्यान रखा जाएगा। एडीसी सतबीर कुंडु आरकेएसडी कॉलेज के हॉल में इस बार कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुतियों का अवलोकन करने के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के चलते स्कूली बच्चों के सामूहिक नृत्य, मार्च पास्ट, पीटी शो आयोजित नहीं किए जाएंगे। राष्ट्रीय पर्व को मनाने के लिए कॉलेज के विद्यार्थी एकल प्रस्तुति तथा सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में आईजी कॉलेज की सुरभी, लता देशभक्ति गीत, आरकेएसडी कॉलेज की ज्योति तथा आईजी कॉलेज की अमीषा नृत्यावली, महीपाल पठानिया रागनी तथा आरकेएसडी कॉलेज के बच्चे हरियाणा ओरकेस्ट्रा की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे मास्क, सैनिटाईजर का इस्तेमाल करते हुए अपने कार्यक्रम देंगे। एडीसी ने बच्चों को निर्देश दिए कि अपनी प्रस्तुतियों की तैयारियां ठीक प्रकार से करते रहें, ताकि कार्यक्रम के दिन उनकी प्रतिभा सभी के सामने उजागर हो सके। इस मौके पर नगराधीश सुरेश राविश, जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## कैथल में हुआ ऑनलाइन आनन्द अनुभूति शिविर का शुभारंभ



**कैथल।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा गुरु-ज्ञान, योग-ध्यान तथा अद्भुत सुदर्शन क्रिया जैसे अमूल्य रत्नों से सुसज्जित ऑनलाइन आनन्द अनुभूति शिविर का शुभारंभ आचार्या अल्पना मित्तल के पावन सानिध्य में हुआ। आचार्या कंचन सेठ ने बताया कि शिविर के पहले दिन आचार्या अल्पना मित्तल ने न सिर्फ प्राणायाम के बारे में जानकारी प्रदान की, अपितु व्यक्ति के अस्तित्व की परतों के बारे में भी अमूल्य ज्ञान प्रदान किया। ऊर्जा के स्त्रोतों के बारे में उनके द्वारा दी गई जानकारी रोचक व मनोरंजक होने के साथ साथ ज्ञानवर्धक तथा बहुउद्देश्यीय भी थी। उन्होंने सांसों की लयबद्धता एवं सन्तुलन के बारे में भी अनोखी परन्तु चित्ताकर्षक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विस्तारपूर्वक समझाया कि कोई व्यक्ति किस प्रकार अपने साँसों पर नियंत्रण करने मात्र से ही स्वयं के व्यक्तित्व का विकास कर सकता है। इसके अतिरिक्त परमपूज्य गुरुदेव की पवित्र वाणी में पहली सुदर्शन क्रिया करने के पश्चात् सभी प्रतिभागी अभिभूत एवं अचंभित थे। आचार्या अल्पना मित्तल व कमलकांत गांधी ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से योग-ध्यान, प्राणायाम, भजन-सत्संग तथा ज्ञानवर्द्धक वार्तालाप एवं अद्भुत लेकिन बेहद कारगर प्रक्रियाओं के अतिरिक्त परमशान्ति, दिव्यानंद तथा आत्मदर्शन का दिव्य अनुभव करवाने वाली अद्भुत सुदर्शन-क्रिया की मदद से व्यक्ति में स्वस्थ व सकारात्मक दृष्टिकोण परिवर्तन लाते हुए दिव्य समाज निर्माण के दिव्य-स्वप्न को साकार किया जायेगा।

# बैंकों में बांटे पांच सर्जीकल मास्क और सैनिटाइजर



**कैथल।** नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन रामनिवास मित्तल, पूर्व पार्षद सुभाष जवाहरा, एडवोकेट विवेक गुप्ता व अग्रवाल युवा सभा के पूर्व अध्यक्ष दीक्षित गर्ग सहित कांग्रेस के साथियों ने पूर्व मंत्री रणदीप सुरजेवाला के निर्देशानुसार आज अम्बाला रोड, करनाल रोड, ढांड रोड, जाखौली अड्डा, अनाज मंडी इत्यादि स्थित सरकारी बैंकों व प्राइवेट बैंकों के स्टाफ को पांच सर्जिकल मास्क व हैंड सैनिटाइजर की बोतलें वितरित की।रामनिवास मित्तल, सुभाष जवाहरा, विवेक गुप्ता व दीक्षित गर्ग ने कहा कि कोविड19 महामारी में हरियाणा का एकमात्र नेता रणदीप सुरजेवाला ही जनता के बीच जनसेवा कर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। कैथल जिले,कुरुक्षेत्र जिले व जींद जिले सहित उत्तरी हरियाणा में सेवा व समर्पण की एक अनूठी मिसाल कांग्रेस के मीडिया प्रभारी रणदीप सुरजेवाला द्वारा की गई है,जो काबिले तारीफ है। सुरजेवाला ने 'नर ही नारायण' के भारतीय संस्कृति के सिद्धांत को अपना हरियाणा के इन तीन जिलों कैथल, कुरुक्षेत्र व जींद में कोरोना से लड़ाई की अनूठी पहल भी की। जनसेवा का एक विशिष्ट उदाहरण भी पेश किया।

# मदान ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सोनीपत।** युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान ने तारा नगर में आयोजित जलपान कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों की समस्याएं सुनी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उन्हें अपने इलाके की जन समस्याओं से अवगत कराया। नगरवासियों ने कहा कि वे नगर निगम कार्यालय में सीवरेज जाम होने की शिकायत करके थक चुके है, लेकिन उनकी समस्या जस की तस है। प्रशासन उनकी और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने एकमत से निखिल मदान का उनके द्वारा किये जा रहे समाजसेवा के कार्यों के लिये आभार जताया और उन्हें कॉलोनी की तरफ से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बलबीर सिंह मेहरा, हवा सिंह प्रधान, लाल चंद, प्रदीप चौहान आदि मौजूद थे।

# बारवा में होम्योपैथिक डिस्पेंसरी खोलने के निर्णय का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**निकटवर्ती** गांव बारवा में होम्योपैथिक डिस्पेंसरी खोलने की मंजूरी से चहुंओर खुशी की लहर है। भाजपा पदाधिकारियों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर ने बताया कि इस योजना पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वीकृति की मोहर लगाते हुए होम्योपैथिक डिस्पेंसरी के भवन निर्माण पर 33.78 लाख रुपये खर्च करने को मंजूरी दी है।

जिला परिषद चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी ने बताया कि डिस्पैंसरी के लिए बकायदा होम्योपैथिक मेडिकल आफिसर, फार्मासिस्ट होम्योपैथी और मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर (महिला) के लिए एक-एक पद और होम्योपैथिक डिस्पेंसरी के लिए पार्ट-टाइम वाटर कैरियर और स्वीपर के दो पद भी स्वीकृत किए गए हैं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या शकुंतला शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार शहरों की तर्ज पर गांवों का भी विकास कर रही है। गांवों में हर सुविधा पहुंचाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है, जिसका ताजा उदाहरण सीएम द्वारा जिला कुरुक्षेत्र के गांव बारवा में सरकारी होम्योपैथिक डिस्पेंसरी खोलने की योजना को स्वीकृति प्रदान करना है। भाजपा नेत्री रेखा बाल्मीकि ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के विकास के लिए अवश्यक कदम उठा रही है। गांवों में हर मूलभूत सुविधा मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Guru Parsad Gandhi S/o J.N Gandhi R/o 5-A/75, NIT Faridabad HR have changed my name to G.P Gandhi for all purposes.

I,Shakuntla Bhardwaj W/o Late Sudarshan Bhardwaj R/o 523, Shiv Colony Railway Road, Palwal have changed my name to Shakuntla Devi Roy W/o Late Sudarshan Kumar Bhardwaj for all purposes.

I, Shyam Gandhi S/o G.P Gandhi R/o 5B/77, NIT Faridabad have changed my name to Shyam Sunder Gandhi for all purposes.

I, Ashutosh Goyal S/o Jado Ram Goyal R/o 5K/16B, IInd Floor, Near Anandpur Kutiya, Faridabad have changed my name to Ashutosh Goel

◆ बेदखली सूचना ◆


सार्वजनिक नोटिस

मैं अलीशेर पुत्र रामसरूप निवासी गांव बादशाहपुर माछरी, तहसील व जिला सोनीपत का हूं। यह कि मेरा बेटा शराफत अली व पुत्रवधू छोटी दोनों मेरे कहने से बाहर हैं। इन दोनों को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में दोनों लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी न होगी।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**लगा दे पार जो नैया वो रहबर ढूँढ लेते हैं**
**न हो संभावना लेकिन वो अक्सर ढूँढ लेते हैं**
**सियासत राम पर निबटी तो परशुराम पर आई**
**सियासत करने वाले खूब अवसर ढूँढ लेते हैं**

# बर्खास्त पीटीआई महिलाओं ने डा. दहिया को सौंपा ज्ञापन

**सरबजोत सिंह दुग्गल।** कुरुक्षेत्र


डा.संतोष दहिया को ज्ञापन सौंपती नौकरी से हटाई गई महिला पीटीआई।

**बर्खास्त** पीटीआई महिला संगठन ने सर्वखाप महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संतोष दहिया को ज्ञापन सौपा। लगभग 3 महीने से बर्खास्त पीटीआई हर उस दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं, जहां उन्हें उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। इसी सिलसिले में आज कई जिलों से महिला पीटीआई डा.संतोष दहिया के निवास पर पहुंची और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने डा.दहिया से उनकी लड़ाई लडने् के लिए आग्रह किया। महिला पीटीआई कमला देवी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि वें 10 साल से नौकरी कर रहे थे। उन्होंने सरकार द्वारा किया गया पूरा प्रोसेस कंप्लीट किया है और सभी योग्य हैं। इसके बावजूद उन्हें नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। अगर कोई खामी बोर्ड के स्तर पर रही है, तो उसके लिए पीटीआई कसूरवार नहीं है। उनके द्वारा उस पूरे प्रोसेस को फॉलो किया गया है, जो सरकार ने निर्धारित किया था। उन्होंने डा. संतोष दहिया से मांग की कि सर्वखाप महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते वें उनकी मांग उठाएं। क्योंकि 1983 आईटीआई में 700 से ज्यादा महिलाएं हैं, जिनमें 39 महिलाएं एक्स ग्रेशिया में लगी हुई है और 5 महिलाएं कोरोनिक बीमारी से ग्रसित है, 48 विधवा हैं, 250 से ज्यादा महिलाएं परिवार में अकेली कमाने वाली है। झज्जर से आई कमलेश, बहादुरगढ़ से आई निधि, सुनीता, सोनीपत से आई रेणु ने बताया कि नौकरी छूटने के कारण वें मानसिक रूप से परेशान हैं और डिप्रेशन का शिकार होने लगी हैं। पानीपत से आई सुनीता ने रोते हुए बताया कि उनकी केवल एक बेटी है, पति का बहुत समय पहले देहांत हो गया था, हमारे घर में रोटी के लिए भी दिक्कत आ गई है। उर्वशी, सीमा,ममता,अंजू, नीलम, निर्मला, प्रवीण, हरपाल कौर आदि ने बताया कि वें आज डा. दहिया को ज्ञापन देने आए हैं, क्योंकि वे एक महिला होने के नाते महिलाओं की लड़ाई प्रभावी ढंग से लड़ रही हैं। उन्होंने डा.संतोष दहिया से आग्रह किया कि वें उनकी समस्या विधायक नैना सिंह चौटाला के सामने रख कर उन्हें राहत दिलाएं।


विधायक राम कुमार कश्यप को ज्ञापन देते शिक्षक प्रदीप कुमार और अन्य।

## बर्खास्त पीटीआई: सेवा बहाली के बजाय सरकार आंदोलन दबा रही : बृजभूषण

**इंद्री।** इन्द्री 1983 बर्खास्त पीटीआई के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप को ज्ञापन सौंपा। उनकी मुख्य मांग 23 अगस्त को होने वाले टेस्ट को रद्द करवाने और बर्खास्त 1983 पीटीआई की सेवाएं बहाल करने की रही। इस बारे में बताते हुए प्रदीप कुमार ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में गलत जानकारी देने और कमजोर पैरवी के कारण आए फैसले के चलते 1983 पीटीआई को बिना किसी नोटिस के बर्खास्त कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 अप्रैल को दिए फैसले में कहीं पर भी पीटीआई को दोषी नहीं ठहराया है इसलिए निर्दोष 1983 बर्खास्त पीटीआई को तुरंत प्रभाव से सेवा बहाली की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि हम मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, बिजली मंत्री सहित सभी अन्य मंत्रियों से गुहार लगा चुके हैं अभी तक आश्वासन के अलावा और कुछ भी हासिल नहीं हुआ है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कोझीकोड विमान दुर्घटना

## समुचित सबक सीखना जरूरी

**दुबई** से कोझीकोड वंदे भारत मिशन के अंतर्गत आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान 1344 के मलबे की जांच करने वाले जांचकर्ताओं को कुछ साल पहले शायद ऐसे ही दृश्य का सामना करना पड़ा होगा। कोजीकोड के उत्तर में स्थित मंगलौर हवाईअड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस बोइंग 737-800 विमान रनवे के आगे निकल गया था। हालांकि, उस दुर्घटना में बहुत कम लोग बचे थे, लेकिन वर्तमान दुर्घटना में हताहतों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं है। संभवत: इसका कारण पायलट द्वारा आग लगने से बचाने के लिए इंजन बंद करना है। जांचकर्ताओं के पास मौसम रिकार्ड, राडार के रिकार्ड तथा विमान का अपना काकपिट वायस रिकार्डर और फ्लाइट रिकार्डर होगा। कोजीकोड व मंगलौर हवाईअड्डे पश्चिमी घाट पहाड़ियों में बनाए गए हैं और इन 'टेबल टाप' हवाईअड्डों के अपने खतरे हैं। भारत में मानसून के समय रनवे गीले होते हैं और तब रनवे से 'फिसल जाने' के खतरे बढ़ जाते हैं। हालांकि, कोजीकोड हवाईअड्डे का रनवे 9,000 फीट लंबा है जो बोइंग 737 के लिए काफी है, पर रनवे गीला होने व तेज हवा के कारण खतरा बढ़ गया था। पहाड़ी मैदान पर रनवे के अंत में कोई मैदान नहीं था जहां विमान रुक सकता। नागरिक उड्डयन विशेषज्ञों ने हवाईअड्डे पर खतरों के बारे में लगभग 9 साल पहले ही बता दिया था। 17 जून, 2011 को तत्कालीन नागरिक उड्डयन महानिदेशक कैप्टेन मोहन रंगनाथन द्वारा भेजे पत्र में लिखा गया था, 'रनवे 10 पर उतरने वाले विमान को तेज हवा की स्थिति में ज्यादा रबर जमा होने की स्थिति में ब्रेक लगाने में कठिनाई हो सकती है। ऐसे में उड़ानों



से यात्रियों का जीवन संकट में पड़ सकता है।' लेकिन कोई दुर्घटना न होने के कारण रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। सरकार अब भी कह रही है कि निकट अतीत में यहां सैकड़ों उड़ाने सुरक्षित उतरी हैं। शायद यहां भूमि को समुचित रूप से पुन: व्यवस्थित करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

भारत में 6 टेबल टाप रनवे हैं जहां विमानों की लैंडिंग बहुत कठिन व जोखिम भरी होती है क्योंकि रनवे पर कोई अतिरिक्त स्पेस नहीं होता है। चूंकि विमानों, यात्रियों व चालकों की सुरक्षा के अनेक मुद्दे होते हैं, अनेक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें तथा एयरबस 330 व बोइंग 777 इन हवाईअड्डों पर नहीं उतरती हैं। 2018 में चौड़े विमानों को उतारने के लिए कोजीकोड के रनवे और सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार किया गया था। हालांकि, यह संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन आवश्यकतायें पूरी करता है, पर एजेंसी कोजीकोड हवाईअड्डे की तुलना में 150 मीटर अधिक अतिरिक्त क्षेत्र की संस्तुति करती है। कुछ खबरों में रूटीन जांच में भी लापरवाही की ओर संकेत किया गया है। शायद हवाईअड्डे पर कोई घर्षण परीक्षण नहीं किया गया था, जबकि यह रनवे व टैक्सीवे के लिए जरूरी है। यह बात खासकर बरसात से प्रभावित होने वाले स्थानों के बारे में ज्यादा सही है। भारत में पिछले दशक में विमान उड़ाना इस तथ्य के बावजूद अविश्वसनीय रूप से सुरक्षित रहा है कि सैकड़ों नए विमान तथा पहली बार उड़ान भरने वाले लाखों लोग इस दौरान सामने आए। लेकिन अत्यधिक सुरक्षित होने के बावजूद हवाई यात्रा कुछ गड़बड़ होने पर हमें तगड़ा धक्का देती है। उम्मीद है कि इस दुर्घटना की गंभीरता से जांच कर पाई गई गलतियों में सुधार किया जाएगा, भले ही इसका अर्थ भारत के कुछ हवाईअड्डों को बंद करना या वहां से बड़े विमानों की उड़ान पर रोक लगाना हो। रंगनाथन ने पटना व जम्मू हवाईअड्डों पर दुर्घटनाओं की अधिक संभावनायें जताते हुए इनके फौरन उच्चीकरण का सुझाव दिया था। उड्डयन भारत जैसे विशाल देश में आवागमन का अत्यधिक महत्वपूर्ण साधन है जहां लाखों लोग विदेशों में रहते हैं। इस उद्योग की सुरक्षा और संरक्षा न केवल अत्यधिक महत्वपूर्ण, बल्कि देश के लिए रणनीतिक आवश्यकता भी है।

# नई शिक्षा नीति के मूल में है भारतीयता

नई शिक्षा नीति में छठी कक्षा से ही कम्प्यूटर शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान होने के साथ-साथ समीप में ही इंटरर्नशिप की भी योजना है, जो बेरोजगारी दूर करने में प्रभावी सिद्ध होगी।

**प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह**
(लेखक राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति हैं)





स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार भारत एवं भारतीयता को केन्द्र में रखकर तैयार की गयी, नई शिक्षा नीति इक्कीसवीं शताब्दी के भारत की आवश्कता एवं अपेक्षा के अनुरूप एक विशिष्ट अभिलेख है, जिसे व्यावहारिक आयाम देकर भारत दुनिया में ज्ञान शक्ति का नेतृत्व करने वाला अग्रणी देश होगा। सभी विश्वविद्यालयों के अध्ययन बोर्ड, विद्यापरिषद् एवं कार्यपरिषद् से यह अपेक्षित है कि नई शिक्षा नीति के विविध पक्षों पर विचार करते हुए अपने पाठ्यक्रम में समाहित करें एवं शोध तथा अध्ययन की विधा में इसे क्रियान्वित करें। केन्द्र की सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति की घोषणा के बाद शैक्षिक परिसरों एवं शिक्षाविदों की जिम्मेदारी एवं जबावदेही बढ़ गयी है। नई शिक्षा नीति राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की दिशा में आदर्श व्यक्तियों का संच खड़ा करने में सक्षम एवं दक्षसिद्ध होगी, जो आज के वैश्विक परिवेश में समय की अपरिहार्य आवश्यकता है।

प्रश्न यह उठता है कि नई शिक्षा नीति में नया क्या है? इसका उत्तर पाने के लिए हमें पूर्व की शिक्षा नीतियों क्रमश: 1968 की कोठारी कमीशन एवं राजीव गांधी के नेतृत्व में 1986 की शिक्षा नीति का अवलोकन करना होगा। कोठारी कमीशन मुख्यत: ग्रेट-ब्रिटेन, यूएसएसआर तथा यूनेस्को के विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार की गई, जिसमें 'सर्व शिक्षा' पर जोर दिया गया। परन्तु उसकी संस्तुतियां भारतीय गर्भनाल से कटी हुई थी एवं शिक्षा के प्रति उसमें एक समग्र दृष्टि का अभाव था। 1986 की शिक्षा नीति छद्म धर्मनिरपेक्षता एवं समाजवाद पर आधारित रही जिसमें भारतीय इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों को समाप्त कर दिया। इसका असर यह हुआ कि शिक्षा में राष्ट्रीय सोच का क्षरण होना प्रारम्भ हो गया। समाजहित और राष्ट्रहित में सोचने वाले आम नागरिक से लेकर छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा राष्ट्रवाद की दृष्टि को लेकर एक शैक्षिक पुनर्रचना की आवश्यकता लगातार महसूस की जाती रही। 2014 के राष्ट्रीय चुनाव में नई शिक्षा नीति एक वैचारिक मुद्दा बनी तथा 2015 में सतत विकास के लक्ष्यों को अपनाये जाने के बाद लक्ष्य-4 के 'तहत समग्र एवं समान शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसर' उपलब्ध कराने हेतु भारत की प्रचलित शिक्षा पद्धति को नये कलेवर में ढालने की आवश्यकता महसूस हुई। वस्तुत: नई शिक्षा नीति शिक्षा की समकालीन 5 चुनौतियों क्रमश: सर्व क्षेत्र अभिगम्यता, समानता, गुणवत्ता, आर्थिक वहनीयता एवं उत्तरदायित्व से निपटने का एक सार्थक एवं सशक्त प्रयास है।

1968 एवं 1986 की शिक्षा नीतियों में शिक्षा को राष्ट्रीय विकास का उपागम मानते हुये नये परिवेश एवं परिस्थिति में एक समग्र एवं दूरगामी शैक्षिक दृष्टि का अभाव झलकता है, जिसकी पूर्ति नई शिक्षा पद्धति से हो जाती है। नई शिक्षा नीति में एक ऐसे शैक्षिक तंत्रा के निर्माण की परिकल्पना है जिसकी जड़े भारत एवं भारतीयता के नैतिक मूल्यों में हो तथा वैज्ञानिकता पूर्ण सोच के समावेश के चलते भारत को वैश्विक धरातल पर एक 'सुपर नालेज पॉवर' के रूप में समर्थ बना सके। नई शिक्षा नीति के कार्यक्रम चौथी औद्योगिक क्रान्ति के सम्भावित परिणामों के अनुरूप युवाओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशा बोध कराने एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को कार्यरूप देने में सक्षम सिद्ध होगी। उक्त सक्षमता को सिद्ध करने के लिये नई शिक्षा नीति में उल्लेखित किंचित तथ्यों एवं विशिष्टताओं को यहां उल्लेखित करना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति की प्रथम विशिष्टता मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्थान पर 'शिक्षा मंत्रालय' की स्थापना में झलकती है।

मानव संसाधन शब्द की चर्चा में अन्य प्राकृतिक संसाधनों यथा, खनिज, मिट्टी आदि की तरह एक वस्तु का बोध होता है जो शिक्षा की मौलिकता पर एक प्रहार है। शिक्षा केवल मानव संसाधन विकास का माध्यम नहीं अपितु व्यक्ति की अर्न्तनिहित क्षमता एवं दक्षता के प्रस्फुटन, विकास एवं विस्तार का पर्याय है। जो भाव शिक्षा मंत्रालय कहने में है, वह भाव मानव संसाधन मंत्रालय कहने से तिरोहित हो जाता है। नई शिक्षा नीति की दूसरी उत्कृष्टता मातृभाषा या आंचलिक भाषा के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने की सोच में झलकती है। ज्ञातव्य है कि शिशु इस संसार में आने के बाद अपनी मां से स्वभाविक रूप में जिस भाषा में संवाद करता है, वह भाषा अधिगम्य के लिए सबसे सशक्त माध्यम है। गुणवत्ता एवं आधुनिकता तथा व्यावसायिकता के नाम पर किसी अन्य भाषा के माध्यम से अधिगम की अनिवार्यता स्वभाविक अधिगम को कुंठित करती है एवं इससे अधिगम पर एक तरफ भाषा तो दूसरी ओर विषय की जटिलता का दोहरा दबाव पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में बच्चे की सीखने की क्षमता प्रभावित होती है और वह परीक्षा एवं परिणाम के दबाव में तथ्यों के तोता रटन्त उपागम पर ध्यान केन्द्रित करता है। अधिगम में इस तरह की कृत्रिमता बच्चों के स्वभाविक एवं सहज विकास में अवरोध है।

इस नई शिक्षा पद्धति में मातृभाषा एवं आंचलिक भाषा को स्वभाविक अधिगम का माध्यम बनाकर अनुभव एवं प्रयोगों के साथ शिक्षा देने पर जोर है। देश की बढ़ती हुई जनसंख्या के मद्देनजर जनांककीय लाभांश प्राप्त करने की दृष्टि से सभी को रोजगार लायक बनाना नई शिक्षा नीति की तीसरी विशिष्टता है। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति में छठीं कक्षा से ही कम्प्यूटर शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा का प्रावधान होने के साथ-साथ समीप में ही इंटरर्नशिप की भी योजना है, जो बेरोजगारी दूर करने में प्रभावी सिद्ध होगी। आठवीं पास करते-करते छात्र अपनी रुचि एवं प्रकृति के अनुसार कौशल विकास करते हुये स्व-रोजगार की दिशा में अपने को स्थापित करने में सक्षम होगा।

नई शिक्षा नीति की चौथी विशिष्टता उसका अंतरविषयक उपागम है। अभी तक माध्यमिक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि जैसी विभिन्न शाखाओं में छात्रा अपनी अभिरुचि के अनुसार अपनी दिशा निर्धारित करता था। इन शाखाओं के चयन में अन्तरविषयक उपागम का सर्वथा अभाव ही नहीं अपितु प्रतिबन्धित था। परिणामत: विज्ञान का छात्रा विज्ञान शाखा का विद्यार्थी रहते हुये संगीत में रूचि होने के बावजूद भी संगीत विषय का चयन नहीं कर सकता था। अब नई शिक्षा नीति ने विभिन्न विषयों के बीच प्रतिबंधित दीवार को समाप्त कर दिया है। अब कोई भी छात्रा किसी भी शाखा में अध्ययन करते हुये अपनी रूचि एवं प्रकृति के अनुसार पसंदीदा विषय का चयन कर सकता है। इस प्रकार नई शिक्षा नीति में हर बच्चे के अन्दर अन्तर्रनिहित प्रतिभा को प्रस्फुटित करने का अवसर दिया है। नई शिक्षा नीति की पांचवी विशिष्टता स्थानीय एवं आचंलिक आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम का क्रियान्वयन है।

उल्लेखनीय है कि प्रकृति ने जैसे हर व्यक्ति को अलग-अलग गुण दिया है, वैसे ही हर क्षेत्र को पृथक-पृथक संसाधन दिया है। अत: स्थानिक एवं आंचलिक संसाधनता एवं आवश्यकता को देखते हुए पाठ्यक्रम की रचना स्थानिक विविधता एवं आंचलिक जनाकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं को पूर्ण करने में कारगर सिद्ध होगी। क्रेडिट ट्रांसफर की व्यवस्था नई शिक्षा नीति की छठीं अनूठी विशिष्टता है, जिसके तहत 5334 में, यदि अंतिम चार वर्षों में किन्हीं कारणों से कोई छात्रा चार वर्ष की पढ़ाई पूरा नहीं कर पाता तो भी वह खाली हाथ नहीं रहेगा व उसका परिश्रम बेकार नहीं जायेगा। एक साल पूरा करने पर सर्टिफिकेट, दो साल पूरा करने पर डिप्लोमा एवं तीन साल पढ़ाई पूरा करने पर उसे स्नातक डिग्री मिलेगी। इसी तरह चार साल पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उसे शोध करने के भी अवसर मिलेंगे। स्नातकोत्तर कक्षायें पूर्ववत चलती रहेंगी। उच्च शिक्षा को संचालित करने वाली विभिन्न नियामक संस्थाओं यथा- यूजीसी, एनसीटीई, एआईसीटीई, एनएएसी प्राय: तालमेल के अभाव में सार्थक परिणाम नहीं ला पा रही थी, अत: नई शिक्षा नीति में उक्त सभी संस्थाओं को नेशनल हायर एजूकेशन रेग्यूलेट्री कौंसिल में एकीकृत करना नई शिक्षा नीति सातवीं विशिष्टता है। इस नेशनल हायर एजूकेशन रेग्यूलेट्री काउन्सिल के कार्यरूप लेने के बाद निर्णय लेने एवं कार्यक्रमों की क्रियान्वयन में त्वरित गति आयेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि चौथी औद्योगिक क्रान्ति के मद्देनज़र कम्प्यूटर शिक्षा के अनिवार्य प्रावधान के चलते नई शिक्षा नीति इक्कीसवीं शताब्दी की आवश्यकताओं के अनुरूप है। नि:संदेह नई शिक्षा नीति उक्त विशिष्टताओं के चलते स्वागत योग्य है।

# महामारी के दौर में कुत्तों की देखभाल

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के परामर्शकारी संपादक हैं)



कोविड-19 वैश्विक महामारी ने पूरी दुनिया में मानव व्यवहार को प्रभावित किया है। इससे पुरानी समस्यायें गंभीर होने के साथ ही नई समस्यायें भी पैदा हुई हैं और कभी-कभी हिंसा का कारण बनी हैं। इसका कारण बीमारी का भय तथा ज्यादा समय तक घर पर रहने के कारण पैदा ऊब है जो लंबे लाकडाउन या अपनी पसंद से है। इससे चिड़चिड़ापन व गुस्सा पैदा होता है, पुरानी दुश्मनियां बढ़ती हैं तथा नई पैदा होती हैं। इसका एक उदाहरण सड़क पर रहने वाले कुत्तों के प्रति बढ़ती घृणा है जो रामायण व महाभारत काल से ही भारत की शहरी और ग्रामीण बस्तियों का अभिन्न अंग हैं।

प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पानी या आसमान में रहने वाले जीव जन्तुओं को उपनिषदों के दर्शन, वेदों, ब्रह्मसूत्र व पुराणों के वर्णनों तथा रामायण व महाभारत जैसे ग्रंथों में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। इनके अनेक उदाहरण हैं। महाभारत के महाप्रस्थान पर्व में एक छोटे भूरे कुत्ते का उल्लेख आता है जो इस दुनिया से दूसरी दुनिया की यात्रा के समय पांचों पांडवों और द्रोपदी के साथ चलता है। मेरु पर्वत पर चढ़ते समय चार पांडव व द्रोपदी एक एक कर अपना शरीर त्याग देते हैं। पांडवों में सबसे बड़े युधिष्ठिर और कुत्ता आगे चलते रहते हैं। अचानक इंद्र अपना विमान लेकर आते हैं और युधिष्ठिर को सशरीर स्वर्ग चलने का आमंत्रण देते हैं। वे कहते हैं कि द्रोपदी और चारों पांडव वहां पहले ही पहुंच चुके हैं, लेकिन युधिष्ठिर पूछते हैं कि क्या यह कुत्ता भी उनके साथ आ सकता है। उसी समय कुत्ता धर्म का रूप धारण कर कहता है कि यह युधिष्ठिर की अंतिम परीक्षा थी। वे कहते हैं कि यदि युधिष्ठिर ने कुत्ते को त्याग दिया होता तो वे सशरीर स्वर्ग नहीं जा सकते थे।

इस कथा का बार-बार उल्लेख हुआ है। एक अन्य घटना का वर्णन कृतिबास ओझा रचित बांग्ला सप्तकांड रामायण में मिलता है। घटना उस समय की है जब रावण को पराजित करने तथा सीताजी को वाल्मीकि के आश्रम में भेजने के बाद भगवान राम अयोध्या में दरबार कर रहे हैं और लक्ष्मण जी प्रवेशस्थान पर सुरक्षा कर रहे हैं। उसी समय लाल आंखों वाला एक सफेद कुत्ता आता है जो एक पैर से लंगड़ा रहा है तथा उसके सिर पर खून जमा है। लगता है कि किसी ने उसे चोट पहुंचाई है। कुत्ता लक्ष्मण के पैरों पर गिर पड़ता है। पूछने पर वह कहता है कि अनुमति मिलने पर वह अपनी पीड़ा केवल भगवान राम को ही बता सकता है। लक्ष्मण से पता चलने पर भगवान राम कुत्ते को आने की अनुमति देते हैं। राम के सामने आते ही कुत्ता हाथ जोड़ कर उनकी प्रशंसा में गाने लगता है। आने का कारण पूछने पर वह कहता है, 'एक संन्यासी ने मुझे मारा है, जबकि मेरी कोई गलती नहीं थी। उस चोट की पीड़ा झेलते



हुए तीन दिन भूखे रहने के बाद मैं आपके दरबार में आया हूं। आपको उस संन्यासी से पूछना चाहिए कि मेरी क्या गलती थी और उसने मुझे डंडे से क्यों मारा?' भगवान राम ने फौरन संन्यासी को लाने का आदेश किदया ताकि न्याय किया जा सके। उन्होंने पूछा कि एक संन्यासी जानवरों के प्रति क्रूर कैसे हो सकता है? भगवान राम के दूत के साथ जा कर कुत्ता संन्यासी को पहचानता है। भगवान राम उससे पूछते हैं, 'तुमने अपना धर्म छोड़ कर जानवरों से क्रूर व्यवहार क्यों किया? अधर्म करने वाले को नर्क में जाना पड़ता है। जब तुम्हारे शरीर में इतना गुस्सा भरा है तो तुम्हें मुक्ति कैसे मिलेगी? दूसरों की निन्दा व उनके प्रति घृणा घोर पाप हैं। एक क्रूर व द्वेषी संन्यासी को भयानक नर्क का दंड मिलेगा। लालच, भ्रम व इच्छा छोड़ देने वाले संत को इस दुनिया में सम्मान मिलता है। संन्यासी होने के बावजूद तुम को इतना गुस्सा कैसे आया? इस कुत्ते का क्या अपराध था जिसे तुमने डंडे से मारा?' इस पर संन्यासी ने जवाब दिया, 'मैं कस्बे में भिक्षा मांगने जाता हूं तथा बाकी सारे दिन गंगा के किनारे प्रार्थना करता हूं। भिक्षा मांगने के समय मेरा पूरा शरीर भूख से पीड़ित था। मैंने कुत्ते को पूरी सड़क पर लेटे देखा। मैंने उससे जोर से रास्ता छोड़ने को कहा, पर उसने जैसे मेरी आवाज नहीं सूनी। वह सो रहा था। उसकी एक आंख बंद थी और उसने एक आंख से मुझे देखा। इस पर मुझे गुस्सा आ गया और मैंने उसे डंडा मारा। मैंने आपको सारी बातें बताई हैं। आप निर्धारित करें कि मुझे क्या दंड मिलेगा।' भगवान राम ने दंड के बारे में दरबारियों से पूछा तो उन्होंने कहा कि संन्यासी को गंगा स्नान से प्रतिबंधित कर दिया जाए। इस पर कुत्ते ने कहा कि उसे दंड न दिया जाए तथा कालिंजर का राजा बना दिया जाए। इस पर दरबारी हंसने लगे लेकिन भगवान राम ने संन्यासी को कालिंजर का राजा बना दिया। हाथी पर सवार संन्यासी कालिंजर की ओर चला, पर जनता उस पर हंस रही थी क्योंकि वह एक लंगोटी पहने व शाही छत्र लगाए हाथी पर सवार था। दरबारियों के यह पूछने पर कि संन्यासी को दंड देने के बजाय उसे राजा बनाने का क्या उद्देश्य है, भगवान राम ने कुत्ते से इसका जवाब मांगा। उसने कहा, 'भगवान शंकर के शाप से मृत्यु राजा का भाग्य नहीं बदलेगी और उसका पुन: जन्म कुत्ते का होगा। मैं भी पूर्व जन्म में राजा था और अब कुत्ता बन कर मुझे घोर कष्टों का सामना करना पड़ा है। लेकिन आपके दर्शन से अब मेरा दु:ख दूर हो गया है।' जहां सभी लोगों ने कहा कि संन्यासी को दुनिया में बहुत सी चीजें मिली हैं, वहीं कुत्ते ने कहा, 'निसंदेह कालिंजर का राजा अगले जन्म में कुत्ता बनेगा।' इसके बाद कुत्ते ने भगवान राम को प्रणाम किया और धीरे-धीरे वाराणसी पहुंचा। वहां उसने मृत्यु तक उपवास किया तथा भगवान राम के दर्शन पाने के कारण स्वर्ग प्राप्त किया।

श्रीमद्भागवत के पांचवें स्कंद में भी भगवान राम का संदर्भ आता है कि 'क्रूर व ईर्ष्यालु संन्यासी का दंड भयानक नर्क है।' इसके अनुसार, 'भगवान ने जीवों को विभिन्न रूप दिए हैं। उनमें से कुछ मनुष्यों के हितों के विपरीत हो सकते हैं। लेकिन मनुष्यों को दो कारणों से इन प्राणियों के खिलाफ व्यवहार नहीं करना चाहिए। उनमें यह समझने की शक्ति नहीं है कि उनके कार्यों से मनुष्यों को नुकसान होता है और मनुष्य जानता है कि बदले की कार्रवाई से उनको नुकसान होगा। निम्न जीवधारियों को स्वार्थ के कारण नुकसान पहुंचाने पर मनुष्य को अंधकूप में डालने का दंड मिलता है जहां वह उन प्राणियों के हमले से शारीरिक कष्ट पाता है जिनको उसने कष्ट पहुंचाए थे। अंधकार में, बिना निद्रा के ओर बेचैनी का शिकार होकर उसका जीवन नर्क बन जाता है।' श्रीमद्भागवत के इस संदर्भ से स्पष्ट है कि अनेक मनुष्य अपने द्वारा सड़कों पर रहने वाले कुत्तों के लिए पैदा विभीषिका को समझ नहीं पाते हैं। वे कुत्तों की भावना नहीं समझ पाते हैं कि वे भोंक कर लोगों को चोरों, डकैतों, आतंकियों व विद्रोहियों से सतर्क करते हैं। इसी कारण जम्मू कश्मीर में आतंकियों तथा मध्य भारत के कुछ हिस्सों में माओवादियों ने गांव वालों से अपने क्षेत्रों में सभी कुत्ते मारने को कहा है।

वर्तमान स्थिति में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण सड़क पर रहने वाले कुत्तों का जीवन पूरी तरह बदल गया है। होटलों, ढाबों और रेस्तराओं के बंद होने से उनको भोजन मिलना बंद हो गया है। कुत्तों को अब न केवल कचरे में फेंका गया भोजन नहीं मिल पाता है, बल्कि वे इन संस्थानों के मालिकों व कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले भोजन से भी वंचित हो गए हैं। अब कुत्तों को भोजन के लिए भटकना पड़ता है जिसकी आदत छूट गई थी। क्या कुत्तों से घृणा करने वाले जानते हैं कि सड़कों पर रहने वाले अधिकांश कुत्ते बिना किसी शर्त के लोगों के प्रति प्रेम व स्वामिभक्ति का प्रदर्शन करते हैं।

## आप की बात

### मुंबई पर दोहरी मार

**मुंबई** किसको नहीं भांति, एक्टर हो या क्रिकेटर सभी के लिए मुंबई लाइफ लाइन है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी होने के नाते अत्यंत महत्व रखती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लोगों के दिलों में बस्ती तो मुंबई जहेन में। बाढ़ की मार झेलता मुंबई, न जाने खुद को कब से कोसता होगा। साल बदल गए, सरकार बदल गई लेकिन तस्वीर नहीं बदली। कोशिश हो तस्वीर बदलनी चाहिए। आज भी खुद पर मुंबई तरस खाती होगी ,ढंग का सीवेज सिस्टम नहीं है। बारिश हो जाए,तो लोग बेघर, जलजमाव की परेशानी दूर करें, या रोजी रोटी के लिए दिन रात एक करें।एक तो कोरोना की मार,ऊपर से बेरोजगार, भगवान को लोग तो कोसते होंगे, लेकिन करें क्या। बाढ़ ने लोगों की मुश्किल को दुगनी कर दिया है। सबसे ज्यादा अगर लॉक डाउन के दौरान कहीं सुसाइड हुआ तो मुंबई है। लोगों के सपने पूरा करने वाला महाराष्ट्र, जीवन को खत्म कर दे रहा। कहते हैं समय बड़ा बलवान है। उम्मीद है समय के साथ सब कुछ जल्द ही सामान्य होगा।बेहतर होगा कि अगर प्रशासन और सरकार गंभीरता से ठोस कदम उठाए। जिससे आम नागरिक के लिए बनी सरकार उनका कुछ भला कर सकें, अन्यथा उम्मीद ही कहां है।

– **अमन जायसवाल,** नई दिल्ली

### सामाजिक असुरक्षा का निदान

**कोविड**-19 के कारण भारत की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव समाज के मध्यम वर्ग को ही पड़ा है।जिसमें से बहुत सारे लोग मजदूरी करने को मजबूर हो गए और उनकी आय में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। हमने देखा था कि जब कोविड-19 के रोकथाम हेतु लॉकडाउन हुआ था तो कई टीवी चैनलों पर घूमते मजदूर और पलायन करते मजदूरों से संबंधित खबरों की संख्या में बहुत उछाल था परंतु अब इनकी चिंता कहीं नहीं है। रिवर्स माइग्रेशन दशक में सबसे ज्यादा इस साल देखने को मिला है जहां पर लोग नौकरी करने अपने गांव से शहर की तरफ बढ़े परंतु द्वारा शहर से गांव की तरफ आ रहे हैं। भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता एक कल्याणकारी समाज को बनाना है। संविधान की प्रस्तावना और राज्य के नीति निर्देशक तत्व मैं यह विदित है कि हमारा लक्ष्य केवल कल्याणकारी समाज को स्थापित करना है बल्कि सस्टेनेबल विकास हेतु एक एजेंडा भी तैयार है। परंतु इसी बीच मजदूरों के पलायन से कहीं ना कहीं सामाजिक असुरक्षा का विषय भी आता है। देश की अर्थव्यवस्था में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाले असंगठित क्षेत्र में कार्य बल लगभग 90 प्रतिशत तक का है।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल


### मजदूरों की जान सस्ती है!

**देश** में सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान जहरीली गैस के कारण मौतें होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। झारखंड राज्य के देवघर जिले के देवीपुर गांव में 4 मजदूरों सहित मकान मालिक और उसके बेटे की सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। यह युग तकनीकी व विज्ञान का युग है। नित्य नई नई तकनीकें सामने आ रही है। जो इंसानों को हर सुख सुविधा दे रही है , लेकिन विडंबना की बात है कि सेप्टिक टैंक में मौतों का सिलसिला रोकने के लिए ऐसी कोई तकनीकी विकसित नहीं की गई जो बेशकीमती जान बचाने के लिए बेहद जरूरी है! चाहे मजदूर मरे या मकान मालिक मरता तो इंसान है। इन इंसानों की कमियां उन परिवारों के लिए कितनी खलने वाली होती है! सोचने व समझने वाली बात है। सेप्टिक टैंक से होने वाली मौतें विज्ञान / वैज्ञानिकों को चुनौती दे रहे हैं कि इन मौतों को रोकने के लिए ऐसी तकनीकी का विकास किया जाए जो चमत्कार हो, ताकि अपने अपने परिवार में महत्वपूर्ण बेशकीमती जानों को बचाया जा सके।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**पिछले** कई वर्षों से महत्वपूर्ण शैक्षिक सुधार न होने के कारण हमारा समाज कल्पना व जिज्ञासा के बजाए भीड़ मानसिकता को बढ़ावा देने लगा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यदि** डेमोक्रेट महत्वपूर्ण राहत को बंधक बनाए रखेंगे तो मैं राष्ट्रपति होने के नाते अधिकारों का प्रयोग कर अमेरिकी जनता को वह राहत दिलाऊंगा जिसकी उसे जरूरत है।



–**डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**जम्मू**-कश्मीर एक टूटा हुआ राज्य था। पिछले वर्ष अगस्त में राजनीतिक तथा अलगाावाडी नेताओं की गिरफ्तारी पर एक भी आत्मा की चीत्कार नहीं सुनाई दी।

– **बीवीआर सुब्रमणयम**
मुख्य सचिव जम्मू-कश्मीर"

# हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों को दो माह से नहीं मिली पेंशन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**कोरोना** के कारण पैदा हुए वित्तीय संकट का असर हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को भी झेलना पड़ रहा है। हरियाणा सरकार के बेरूखी का आलम यह है कि जहां कोरोना काल में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति के चेयरमैन को पद मुक्त कर दिया गया है।

स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को मिलने वाली पेंशन भी बंद है। देश में आजादी की लड़ाई में हरियाणा की भूमिका सबसे अहम रही है। हरियाणा से जंगे आजादी तथा नेता जी सुभाष चंद्र बोस की फोज के माध्यम से लड़ने वाले करीब चार हजार स्वतंत्रता सैनानी चिन्हित हुए थे। जिन्हें केंद्र सरकार के अलावा राज्य सरकार द्वारा भी 25 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाती है।

### कोरोना काल में स्वास्थ्य का हवाला दे चेयरमैन को हटाया

### मनोहर सरकार ने आजतक नहीं की सदस्यों की नियुक्ति

वर्तमान में हरियाणा में 18 स्वतंत्रता सेनानी जीवित हैं,जबकि स्वतंत्रता सेनानियों की 422 विधवाएं तथा 34 आश्रित राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली पेंशन व अन्य भत्तों के हकदार हैं। सूत्रों के अनुसार स्वतंत्रता सेनानियों को मासिक पेंशन के अलावा एक मुश्त दांतों व आंखों की जांच के नाम स्थाई रूप से मेडिकल भत्ता भी दिया जाता है। हरियाणा की मनोहर सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान ललिती राम नामक स्वतंत्रता सेनानी को स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति का चेयरमैन तो लगाया लेकिन समिति के सदस्यों की नियुक्ति नहीं की। हरियाणा सरकार ने कोरोना के चलते मई माह के दौरान समिति के चेयरमैन को पद मुक्त कर दिया। तब से लेकर अब तक स्वतंत्रता सेनानियों, उनकी विधवाओं तथा आश्रितों को पेंशन नहीं मिली है। यही नहीं स्वतंत्रता सेनानियों की पोतियों की शादी में सरकार द्वारा दी जाने वाली कन्यादान राशि भी छह माह से जारी नहीं की गई है।

**हरियाणा सरकार की बेरूखी**

### स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति का कार्यालय बंद!

**हरियाणा** गठन के बाद तत्कालीन सरकार ने चंडीगढ़ के सेक्टर-1 स्थित सिविल सचिवालय में स्वतंत्रता सैनानी सम्मान समिति का कार्यालय बनाया गया था। इस कार्यालय में सरकार द्वारा नियुक्त किए चेयरमैन व उनका स्टाफ बैठता था। पहले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों के किसी भी मामले की सुनवाई यहीं पर होती थी लेकिन अब इसका एक कार्यालय मनीमाजरा में चल रहा है। मई माह के दौरान चेयरमैन की छुट्टी होने के बाद अब सरकार ने इस कार्यालय को भी बंद कर दिया है। अब समिति के कार्यालय में हरियाणा सरकार का स्कैनिंग विभाग काम कर रहा है। यहां मशीनें लगाकर सरकारी दस्तावेजों को स्कैन किया जाता है।

### हरियाणा में नहीं मिली आरक्षण की सुविधा

**हरियाणा** में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। पड़ोसी राज्यों में पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, गोवा, झारखंड, उत्तराखंड में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को नौकरियों में दो प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है। हरियाणा में आजतक यह सुविधा नहीं मिल पाई है। उत्तराखंड में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को कुटुंब पेंशन योजना भी शुरू की है। क्योंकि स्वतंत्रता सेनानी व उसकी पत्नी के निधन के बाद स्वतंत्रता सेनानी परिजनों को कोई भी वित्तीय सहायता नहीं मिलती।

# भ्रष्टाचार समाप्ति की मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने का कार्य शुरू : उपमुख्यमंत्री

### पहल राजस्व विभाग से शुरु की रजिस्ट्रियों के मामले की जांच कर रहे कमिश्नर

### भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



डा. जसविन्द्र खैरा के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला।

**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार नहीं होने देगी। इस सरकार ने अपने 9 माह के कार्यकाल में ही भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने का काम शुरु कर दिया है। इसकी पहल राजस्व विभाग से शुरु की है।

इस विभाग में रजिस्ट्रियों के मामले को लेकर गुरुग्राम कमीश्नर द्वारा जांच की जा रही है। इस रिपोर्ट के तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार कार्रवाई करेगी और भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाएगी। उप मुख्यमंत्री सोमवार को गांव लुखी में जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. जसविन्द्र खैरा के पिता स्व. रवैल सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने डा. जसविन्द्र सिंह खैरा और उनके परिजनों के साथ मन की संवेदनाओं को सांझा करते हुए कहा कि स्व. रवैल सिंह के जाने से पूरे जजपा परिवार को क्षति पहुंची है, परम पिता परमात्मा दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इसके अलावा शोक व्यक्त करने वालों में विधायक रामकरण, प्रोफेसर रणधीर सिंह, लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह, जजपा जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह मुल्तानी, जजपा नेता माया राम, एसडीएम कपिल शर्मा, डीएसपी राजकुमार वालिया भी शामिल थे।

उपमुख्यमंत्री ने गांव लुखी में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति को लेकर जैसे ही केन्द्र सरकार की तरफ से गाईडलाइंस और नियम जारी किए जाएंगे, तो उन गाईडलाइंस और नियमों को अपनाते हुए राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को लागू करेगी।

इस शिक्षा नीति से देश व प्रदेश में बहुत बड़ा परिवर्तन होगा। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यदि नया सॉफ्टवेयर परिस्थितियों के अनुकूल रहा, तो अगले हफ्ते से प्रदेश भर में रजिस्ट्रियां होनी आरंभ हो जाएंगी। इस रजिस्ट्री घोटाले में तहसीलदारों के डेलिगेशन मिलने की बात पर पत्रकारों को उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले को लेकर राज्य सरकार ने गम्भीरता और सख्ती के साथ संज्ञान लिया। इतना ही नहीं, अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच का जिम्मा गुरुग्राम के कमीश्नर को सौंपा।

इस जांच रिपोर्ट में कमीश्नर की रिकमंडेशन पर सरकार द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जो भी अधिकारी व कर्मचारी दोषी पाया गया, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर शाहबाद विधायक रामकरण, बुटा सिंह लुखी, मेजर सिंह, यशेन्द्र शर्मा, योगध्यान, सुनील राणा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा विजिलेंस ब्यूरो ने एक माह में तीन भ्रष्ट कर्मचारी पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** राज्य चौकसी ब्यूरो द्वारा सरकारी कर्मचारियों की भ्रष्टाचार में संलिप्तता की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अपने विशेष अभियान के तहत जून 2020 के दौरान सरकार के आदेश पर तीन जांच दर्ज की गई और 19 जांचें पूरी कर सरकार को रिपोर्ट भेजी गई। ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि के दौरान तीन कर्मचारियों को 8,000 रुपये से 13,000 रुपये तक की रिश्वत लेते हुए रंगे-हाथों गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए हैं।

उन्होंने बताया कि जिन कर्मचारियों के विरुद्ध मामले दर्ज किए हैं उनमें होडल के वन दरोगा ईद्रीश को 13,000 रुपये, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,पंचकूला के सहायक हरभगवान चोपड़ा को 11,000 रुपये तथा उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, सोनीपत के सीनियर शिफ्ट अटेडेंट सुरेन्द्र को 8,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाना शामिल है।



प्रवक्ता ने बताया कि नौ जांचों में छह राजपत्रित अधिकारियों व 22 अराजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच करने की सिफारिश की है तथा तीन प्राइवेट व्यक्तियों से 5,61,603 रुपये की वसूली की है। एक जांच में छः प्राइवेट व्यक्तियों से 8,83,443 रुपये की वसूली करने तथा एक जांच में एक राजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध आपराधिक मुकद्दमा दर्ज करने के साथ-साथ 1,52,565 रुपये की वसूली करने की सिफारिश की है। इसके अलावा, एक अन्य जांच में एक राजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध आपराधिक मुकद्दमा दर्ज करने की सिफारिश की है जबकि छह जांचों में आरोप सिद्ध नहीं हो पाए।

# विहिप के स्थापना दिवस पर होंगे छह दिवसीय कार्यक्रम



स्थानीय अनाज मंडी में विश्व व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठन के लोग बैठक करते हुए।

**रेवाड़ी।** विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों की बैठक स्थानीय अनाज मंडी में व्यापार मंडल अनाज मंडी के प्रधान राधेश्याम मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर 11 अगस्त से 6 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रधान व्यापार मंडल एंव विश्व हिंदु परिषद के सरंक्षक राधेश्याम मित्तल ने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि बजरंग दल तथा मातृशा1त संगठनों ने परिषद के साथ मिलकर परिषद के स्थापना दिवस पर अखंड भारत के उपलक्ष्य में कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह हर व्या1त का नैतिक कर्तव्य है कि वह भारत की संस्कृति, सभ्यता व उनके मूल्यों को समझे और उन्हें संजोकर रखने के लिए अपने स्तर पर काम करें। उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर 6 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में 11 अगस्त से अगले 6 दिनों तक बनाए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उन पर चर्चा भी गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रधान रामप्रसाद यादव उपस्थित थे।

# आधी रात को घर में घुस कर दो युवकों ने एक युवक पर चलाई गोलियां

**रेवाड़ी।** शहर के मोहल्ला विजय नगर में बीती रात दो युवकों ने घर में घुस कर एक युवक पर गोलियां चला दी। गोली लगने से युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए शहर के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रोहतक रेफर कर दिया गया। युवक की किसी से पुरानी रंजिश नहीं है, लेकिन कुछ दिनों पहले दो युवकों से झगड़ा जरूर हुआ था। परिजनों ने आशंका जताई है कि युवकों ने गोली चलाई है। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दो युवक शहर के मौहल्ला विजय नगर निवासी सुनील नामक युवक के मकान की दीवार फांद कर घर में घुस गए। उस पर गोलियां चला दी। सुनील की चीख पुकार सुनकर परिजन जाग गए, लेकिन तब तक दोनों युवक वहां से फरार हो गए। सूचना मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी। सुनील को रेफर कर दिए जाने के कारण पुलिस अभी उसका बयान दर्ज नहीं कर पाई है, लेकिन जांच शुरू कर दी है।

# किसानों के नाम पर राजनीति बंद करें विपक्षी दल : दलाल

### डिजिटल माध्यम से सरकारी योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ

### मुख्यमंत्री के प्रयासों से लॉकडाउन के बावजूद योजनाएं बनाई गईं

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा है कि राजनीतिक तौर पर अब तक विपक्षी पार्टियों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले प्रदेश के किसान न केवल आर्थिक रूप से कमजोर हुए बल्कि समय-समय पर उनके नाम पर दिखावे की राजनीति भी हुई है।

अब वह किसान को गुमराह नहीं कर सकते क्योंकि केंद्र व राज्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध व खुशहाल बनाने का संकल्प लिया है। दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों को अपना भाई व मित्र मानते हुए कोरोना के दौरान राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन अवधि को अवसर में बदलते हुए प्रदेश के लगभग 17 लाख किसान परिवारों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए कई नई योजनाएं बनाकर उनके आर्थिक विकास के द्वार खोले हैं। उनकी यह सोच है कि ''किसान खुशहाल तो हरियाणा खुशहाल, हरियाणा खुशहाल तो देश खुशहाल''। कृषि मंत्री ने कहा कि पोर्टल के डाटा का उपयोग करके इस रबी सीजन के दौरान 1800 मंडियों व खरीद केन्द्रों में 74.43 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद की गई। किसानों को टोकन दिए गए और उन्हें एसएमएस भेजे गए कि किस दिन उन्हें फसल लेकर मंडी में आना है। दलाल ने कहा कि इस वर्ष रबी फसलों की खरीद का भुगतान पहली बार किसानों को नोडल अकाउंट के माध्यम से करने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आगामी धान खरीद सीजन के दौरान सभी खामियों को दूर किया जाएगा। दलाल ने कहा कि वर्तमान में राज्य में लगभग 36 लाख दुधारू पशु हैं तथा प्रति व्यक्ति दूध की उत्पादकता 1087 ग्राम है। हरियाणा में लगभग 16 लाख परिवार ऐसे हैं, जिनके पास दुधारु पशु हैं और इनकी टैगिंग की जा रही है।

### कोई भी व्यक्ति दे सकता है सूचना

**प्रवक्ता** ने आमजन से आग्रह करते हुए कहा कि वे निडर होकर नशे के आपूर्ति नेटवर्क के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय की हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1314 पर सांझा करें। इसके अतिरिक्त, मोबाइल नंबर 7087089947 और लैंडलाइन नंबर 01733-253023 पर भी जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# बिना मास्क वालों के चालान न कर, नि:शुल्क मास्क बांटे: एसपी शशांक

### महानिदेशक हरियाणा पुलिस मनोज यादव के निर्देशों का किया जा रहा अनुपालन

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



लोगों को निशुल्क मास्क वितरित करते हुए कैथल पुलिस के जवान।

**पुलिस** अधीक्षक शशांक सावन के आदेशानुसार कोरोना पर अंकुश लगाने हेतू सोमवार को जिला के सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी, नाका व पीसीआर तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर बगैर मास्क पहने व्यक्तियों को निशुल्क मास्क बांटकर निरंतर प्रयोग करने के लिए जागरुक किया गया।

इस दौरान पुलिस द्वारा 10 अगस्त को फेसमास्क लगाए बगैर सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे व्यक्तियों को हजारों की संख्या में निशुल्क फेसमास्क वितरित किए गये। एसपी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा पुलिस मनोज यादव के निर्देशों की अनुपालना करते हुए जिला के सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी, पीसीआर व नाका तथा ट्रैफिक पुलिस को सार्वजनिक स्थानों पर मास्क विहिन घूम रहे लोगों के चालान ना करके उन्हें निशुल्क मास्क देकर घर से बाहर निकलते समय निरंतर मास्क का प्रयोग करने के लिए जागरुक करके नियमों की व्यापक जानकारी देने के आदेश दिए गये थे। इस क्रम के दौरान थाना ट्रैफिक पुलिस द्वारा एसएचओ सबइंस्पेक्टर मुखत्यार सिंह की अगुवाई में पुराना बस अड्डा कैथल, पेहवा चौक, विश्वकर्मा चौंक, अंबाला रोड, करनाल रोड, जीद रोड नाका तथा नैशनल हाईवे 152 पर मास्क विहिन व्यक्तियों के चालान ना करके उन्हें जागरुक करते हुए निशुल्क करीब 1000 मास्क बांटे गए।

इसी प्रकार से जिला के सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी, नाका व पीसीआर द्वारा जिला भर में बगैर फेसमास्क घूमने वाले नागरिकों को हजारों की संख्या में निशुल्क फेसमास्क वितरित किए गये।



रादौर में लोगों को मास्क बांटते पुलिस कर्मचारी।

### ईंट भट्ठा एसोसिएशन ने भेंट किए एक हजार मास्क

**कैथल।** ईंट भट्ठा एसोसिएशन द्वारा पुलिस कर्मचारियों हेतू उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुलवंत सिंह को एक हजार फेसमास्क निशुल्क भेंट किए गये। डीएसपी मुख्यालय कुलवंत सिंह ने बताया कि इस अवसर पर भट्ठा एसोसिएशन प्रधान रामप्रसाद बंसल, महासचिव प्रेमचंद गर्ग, कैथल ब्लॉक प्रधान कृष्ण खुरानियां, कलायत ब्लॉक प्रधान राजपाल धौला, राजौंद ब्लॉक प्रधान रामफल चहल, कैथल ब्लॉक सैक्ट्री राजेंद्र बंसल, संजीव खुरानियां, रोहित बंसल तथा अन्य व्यक्ति मौजूद रहे। विदित रहे कि इससे पूर्व ईंट भट्ठा एसोसिएशन द्वारा ईंट भट्ठो पर कार्यरत प्रवासी मजदूरों को निशुल्क राशन का वितरण करने सहित अन्य समाज सेवा के कार्यों में निरंतर बढचढ कर हिस्सा लिया गया है। डीएसपी कुलवंत सिंह द्वारा भट्ठा एसोसिएशन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी सहयोग की अपील की गई।

### पुलिस ने कोरोना से बचाव के लिए लोगों में वितरित किये फेस मास्क

**रादौर।** पुलिस की ओर से सोमवार को स्थानीय लोगों में लगभग 300-300 मास्क बांटे गये। मास्क बांटकर पुलिस ने लोगों को महामारी से बचने के लिए मास्क का इस्तेमाल करने की अपील की। मंगलवार को भी पुलिस का जनता में मास्क बांटने का अभियान जारी रहेगा। सोमवार को पुलिस ने शहर के मेन बाजार, अस्पताल रोड, बस स्टैंड रोड, बुबका चौंक, एसके रोड पर लोगों को मास्क वितरित किये। वहीं जठलाना पुलिस ने गांव जठलाना व गुमथला में लोगों को मास्क वितरित किये। इस अवसर पर थाना रादौर प्रभारी इंस्पैक्टर दीपचंद व थाना जठलाना प्रभारी इंस्पैक्टर पूर्णसिंह मंढांन ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से सोमवार व मंगलवार को जनता में मास्क बांटकर महामारी से बचने के लिए जागरूक किया जायेगा। उन्होने कहा कि हम केवल मास्क पहनकर ही महामारी से बच सकते है और दूसरो को भी बचा सकते है। आपस में सामाजिक दूरी बनाये रखे और हाथों को समय समय पर धोते रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना की हिदायतों की अनुपालन के साथ दी प्रस्तुतियां



**सोनीपत।** उपमंडल स्तर पर नई अनाज मंडी में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम सुरेंद्रपाल ध्वजारोहण करेंगे। समारोह के सफल आयोजन के लिए सोमवार से परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां का आगाज किया गया है। स्कूली विद्यार्थियों ने कोविड-19 कोरोना वायरस से बचाव संबंधी हिदायतों की अनुपालना के साथ कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर स्कूली विद्यार्थियों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। कोरोना काल पर विद्यार्थियों की राष्ट्रीयता की भावना एवं देशप्रेम हावी रहा है। सरकार के निर्देशानुसार ही उपमंडल स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। कोरोना वायरस संरक्षण संबंधी सभी निर्देशों की पालना के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी थोड़ी कटौती की गई है। नई अनाज मंडी में पहले पूर्वाभ्यास के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चुने गए स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी दमदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने मास्क पहने रखा। साथ ही उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग की भी पूर्ण अनुपालना की।

### नशा तस्करों के खिलाफ एक्टिव हुआ 'अंतर-राज्यीय ड्रग सचिवालय'

**चंडीगढ़।** देश के उत्तरी क्षेत्र में नशा कारोबारियों का नेटवर्क तोड़ने व मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिए स्थापित किए गए 'अंतर-राज्यीय ड्रग सचिवालय' ने नशा कारोबारियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसके माध्यम से मिली सूचनाओं के आधार पर हरियाणा पुलिस की फील्ड इकाइयों ने चालू वर्ष में 31 जुलाई तक 119 किलोग्राम 202 ग्राम मादक पदार्थ सहित 35,500 से अधिक प्रतिबंधित गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने सोमवार को चंडीगढ़ में यह जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी से जुलाई 2020 के बीच सचिवालय हेल्पलाइन नंबरों पर नशे के कारोबार से संबंधित 216 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिनके आधार पर पुलिस द्वारा 118 किलोग्राम 952 ग्राम गांजा, 208 ग्राम 137 मिलीग्राम हेरोइन, 42 ग्राम स्मैक सहित प्रतिबंधित दवाओं की श्रेणी में आने वाली 35,785 नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद कर आरोपियों के खिलाफ 22 मामले दर्ज किए गए।

### हरियाणा में अजा निगम ने सवा तीन सौ लाख की सहायता बांटी

**चंडीगढ़।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 2020-2021 के दौरान जुलाई, 2020 माह तक 445 लाभार्थियों को 322.27 लाख रूपए की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की गई हैं। जिसमें से 29.24 लाख रूपए की राशि सब्सिडी के तौर पर शामिल है।हरियाणा के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने सोमवार को चंडीगढ़ में जारी एक जानकारी में बताया कि कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में संचालित की जा रही योजनाओं में दूध उत्पादन (डेयरी फार्मिंग) योजना के तहत 254 लाभार्थियों को 143.20 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जिसमें 12.91 लाख रूपये की सब्सिडी शामिल है। उन्होंने बताया कि भेड पालन (शिप रियररिंग) के अंतर्गत 3 लाभार्थियों को 2.40 लाख रूपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई गई है। जिसमें 30 हजार रूपये की सब्सिडी शामिल है। इसी प्रकार, सुअर पालन (पीगरी फार्मिंग) के अंतर्गत 3 लाभार्थियों को 1.70 लाख रूपये की वित्तीय सहायता मुहैया करवाई गई है जिसमें 30 हजार रूपये की सब्सिडी शामिल है। उन्होंने बताया कि झोटा बुगी, ऊंट गाड़ी व खच्चर गाड़ी इत्यादि योजना के अंतर्गत 3 लाभार्थियों को 2.20 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जिसमें 30 हजार रूपए की सब्सिडी शामिल है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में 9 लाभार्थियों को 7.20 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जिसमें 90 हजार रूपये की सब्सिडी शामिल है। इसी तरह, टेऊड और बिजनेस सैक्टर में 157 लाभार्थियों को 116.38 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जिसमें 14.13 लाख रूपये की सब्सिडी शामिल है।

### जिला बाल कल्याण समिति ने बच्चों को मिलवाया परिवार से



**करनाल।** जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना ने बताया कि जिला पुलिस के प्रयासों से व जिला बाल कल्याण समिति के सहयोग से बच्ची को परिवार से मिलाया। अपनी बच्ची से मिलते ही परिवार की आंखे झलक पड़ी। उन्होंने बताया कि एक बच्ची अपने परिवार से नाराज होकर घर से निकल गई थी और वह चाइल्ड लाइन पर मिल गई। उसके उपरांत चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, क्राईम ब्रांच, वन स्टॉप सेंटर के सहयोग से बच्ची व परिवार की तलाश की गई। तलाश करने पर बच्ची के परिवार को पता लग गया। परिवार को बुलाकर उन्हें बच्ची को सौंप दिया। जैसे ही परिवार को बच्ची के बारे में जानकारी मिली तो परिवार वालों की आंखों में आंसू आए। उन्होंने बाल कल्याण समिति, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, क्राईम ब्रांच, चाईल्ड लाईन व वन स्टॉप सेंटर का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### 14 को रायसन गांव आएंगे उप मुख्यमंत्री

**निगदू।** जननायक जनता पार्टी के हल्का अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोराया ने बताया कि शुक्रवार 14 अगस्त को उप मुख्यमंत्री नीलोखेड़ी हल्के के दो कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रायसन गांव में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति का अनावरण करेंगे। तथा इस दौरान रक्तदान शिविर में आए युवाओं का हौसला बढ़ाएंगे। इसके बाद वे एचआईआरडी नीलोखेड़ी केंद्र का अवलोकन करेंगे।

### बेटी के जन्मदिन पर किया रक्तदान और पौधारोपण



**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित डा. अशोक कुमार वर्मा ने बेटी प्रियंका के जन्मदिन पर 295वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में भारतीय रैडक्रास सोसायटी के सचिव कुलबीर सिंह मलिक मुख्यातिथि, जबकि समाजसेवी प्रशांत शर्मा और कमल सैनी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि कोरोना काल में निरंतर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से रक्त की आपूर्ति करने में डा. अशोक कुमार वर्मा के प्रयास बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने बेटी प्रियंका को जन्म दिन की बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान सबसे उत्तम कार्य है और जन्मदिन पर सामाजिक कार्य जैसे रक्तदान और पौधरोपण करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। शिविर संयोजक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पहले बेटी के नाम पर पौधारोपण भी किया गया है। इस दौरान डा. सत्यनारायण शर्मा, सीमा सिंह, राम कुमार और मनीष सिंगला, प्रदीप कुमार, प्रवीण, मनोज कुमार, आशीष कुमार, दीपक कुमार, रजत, सतनाम सिंह, डा. आदित्य कौश सहित अन्य मौजूद रहे।

# मोदी ने अंडमान निकोबार केबल संचार सुविधा का किया उद्घाटन

**भारत खुद को वैश्विक विनिर्माण और आपूर्ति के बड़े केन्द्र के रूप में स्थापित करने में जुटा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अड़मान निकोबार द्वीपसमूह को देश की मुख्य भूमि के साथ तीव्र गति के आप्टिकल फाइबर केबल से जोड़ने की परियोजना का उद्घाटन किया। उन्होंने देश में जलमार्गों और बंदरगाहों के नेटवर्क को मजबूत और व्यापक बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि अब भारत खुद को वैश्विक विनिर्माण, वैश्विक आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला के बड़े केन्द्र के रूप में स्थापित करने में जुटा है। प्रधानमंत्री ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के साथ बेहतर संचार सुविधा स्थापित करने के लिए चेन्नई और पोर्ट ब्लेयर के बीच समुद्र के भीतर बिछाए गए आप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) का उद्घाटन करने के मौके पर ये बात कहीं। यह परियोजना 1,224 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने ही 30 दिसंबर 2018 को परियाजना का शिलान्यास किया था। मोदी ने कहा, भारत आज हिंद प्रशांत क्षेत्र में व्यापार- कारोबार और सहयोग की नई नीति पर चल रहा है,



तब अंडमान-निकोबार सहित हमारे तमाम द्वीपों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। वीडियो कांफ्रेन्सिंग के जरिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज जब भारत आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, खुद को वैश्विक विनिर्माण केंद्र, वैश्विक आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण देश के रूप में स्थापित करने में जुटा है, तब जलमार्गों और बंदरगाहों के नेटर्क को मजबूत बनाने की जरूरत है। गहरे समुद्र की तलहटी में बिछाई गई करीब 2,300 किलोमीटर लंबी यह केबल पोर्ट ब्लेयर के साथ ही क्षेत्र के अन्य द्वीपों, स्वराज दीप (हैवलॉक), लिटिल अंडमान, कार निकोबार, कामोरता, ग्रेट निकोबार, लांग आईलैंड और रंगट को भी इस ब्राडबैंड सुविधा से जोड़ेगा। इससे अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मोबाइल और लैंडलाइन दूरसंचार सेवाएं बेहतर और भरोसेमंद होंगी। इसके साथ ही तीव्र गति की संचार सेवाओं से राजकाज के काम में मदद मिलेगी।

पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंडमान निकोबार में आज जितनी भी आधुनिक ढांचागत सुविधाएं तैयार हो रही हैं, वो समुद्री क्षेत्र से जुड़ी अर्थव्यवस्था को गति देंगे। उन्होंने कहा, आने वाले समय में अंडमान निकोबार बंदरगाह से जुड़ी गतिविधियों के विकास के केंद्र के रूप में विकसित होने वाला है, अंडमान निकोबार दुनिया के कई बंदरगाहों से प्रतिस्पर्धी रूप से काफी करीब स्थित है।

उन्होंने कहा, उत्तरी और मध्य अंडमान के बीच सड़क संपर्क सुविधा को मजबूत करने के लिए दो बड़े पुल और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-चार के चौड़ीकरण पर तेज़ी से काम हो रहा है, पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट में एक साथ 1200 यात्रियों के आवागमन की क्षमता आने वाले कुछ महीनों में बनकर तैयार हो जाएगी।

# भारतीय-अमेरिकियों ने भारत के खिलाफ चीन की आक्रामकता का किया विरोध

**चीन विरोधी पोस्टर दिखाए और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के खिलाफ नारेबाजी की**




**वाशिंगटन।** राजधानी वाशिंगटन और उसके आस-पास के क्षेत्रों में भारतीय-अमेरिकियों के एक समूह ने भारत के प्रति चीन की आक्रमकता और देश के अशांत मुस्लिम बहुल शिनजियांग क्षेत्र में उइगर अल्पसंख्यक समूह के मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ यहां प्रदर्शन किए। शारीरिक दूरी बरकरार रखते हुए और मास्क पहने हुए, शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी रविवार को यूएस कैपिटल के सामने स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रीय मॉल पर एकत्रित हुए। उन्होंने चीन विरोधी पोस्टर, बैनर दिखाए तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) और उसके नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसके के अदापा प्रसाद ने कहा, इन गर्मियों में जब पूरी दुनिया कोरोना वायरस से लड़ रही थी, चीन दूसरे की जमीन पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहा था। यह न सिर्फ भारत में लद्दाख की बात है बल्कि उसके अन्य पड़ोसियों के संबंध में भी है। अब समय है कि विश्व इस चीनी आक्रमता के खिलाफ एकजुट हो।

भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पांच मई के बाद से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आस-पास के कई इलाकों में गतिरोध जारी है। यह स्थिति 15 जून को गलवान घाटी संघर्ष के बाद से बिगड़ गई थी। जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और चीनी सैनिकों के मारे जाने की भी खबरें आईं लेकिन उनकी संख्या पता नहीं चली। भारतीय मूल के अमेरिकी रिपब्लिकन एवं प्राउड अमेरिकन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी के संस्थापक पुनीत अहलुवालिया ने कहा, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने उइगर समुदाय के धार्मिक अधिकारों का हनन किया है और हांगकांग के लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है।

वर्जीनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर बनने की दौड़ में शामिल अहलुवालिया ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन के खिलाफ सख्त कदम बिलकुल सही दिशा में है। उन्होंने कहा, चीन को अंतरराष्ट्रीय नियमों को मानना ही होगा।

अहलुवालिया ने कहा, हमने देखा है कि उन्होंने अफ्रीका में क्या किया। हमने देखा कि वे ईरान में क्या कर रहे हैं। सबसे ज्यादा गौर करने वाली बात है कि उन्होंने हाल में भारत की पीठ में छुरा घोंपा। साथ ही आरोप लगाया कि चीन विभिन्न सोशल मीडिया ऐप के जरिए और डेटा एवं सूचना चोरी कर अमेरिकियों की जासूसी कर रहा है।

ग्रेटर वाशिंगटन डीसी इलाके से प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी सुनील सिंह ने भारत में चीनी ऐप प्रतिबंधित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले की प्रशंसा की। भारत के लोगों ने चीनी सामान खरीदना बंद कर दिया है, यह ध्यान दिलाते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकियों को भी ऐसा ही कदम उठाने की जरूरत है। यह वाशिंगटन डीसी में भारतीय-अमेरिकियों द्वारा चीन के खिलाफ दूसरा बड़ा प्रदर्शन है।

# अरब देश ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के हथियार प्रतिबंध बरकरार रखने के समर्थन में आए

**दुबई।** खाड़ी अरब क्षेत्र के छह देशों वाले एक समूह ने अपने आंतरिक कलहों को दरकिनार करते हुए रविवार को ईरान पर हथियारों को लेकर लगे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध को आगे बढ़ाने की वकालत की है। ईरान पर लगा मौजूदा प्रतिबंध दो महीने में समाप्त होने वाला है।

खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पत्र भेजा है जिसमें ईरान पर प्रतिबंध बरकरार रखने का समर्थन किया गया है। इस प्रतिबंध की वजह से ईरान विदेश में निर्मित युद्धक विमान, टैंक और हथियार नहीं खरीद सकता है।

खाड़ी सहयोग परिषद में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। परिषद का आरोप है कि ईरान ने पड़ोसी देशों में सीधे या संगठनों और गतिविधियों के माध्यम से हथियारों के जरिए दखल देना बंद नहीं किया है। इनका कहना है कि ऐसे संगठन ईरान के द्वारा प्रशिक्षित किए गए होते हैं।

सऊदी नीत गठबंधन का यमन में हूती विद्रोहियों के साथ युद्ध जारी है। हूती विद्रोहियों के बारे में सयुक्त राष्ट्र, अमेरिका और हथियार विशेषज्ञों का आरोप है कि इन्हें हथियारों की आपूर्ति ईरान द्वारा की जाती है। हालांकि ईरान हूतियों को हथियार और जरूरी चीजें मुहैया कराने से इनकार करता रहा है



लेकिन लगातार ईरान के हथियार यमन में मिलते हैं। जीसीसी का कहना है कि जब तक ईरान इस क्षेत्र को अस्थिर करने वाली अपनी गतिविधियों और आतंकवादियों और विभाजनकारी संगठनों को हथियार की आपूर्ति कराने वाली गतिविधियों को नहीं छोड़ता है तब तक उस पर से प्रतिबंध हटाना अनुचित होगा।

ईरान के सरकारी टीवी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्बास मूसावी ने जीसीसी के इस पत्र की निंदा की है और उसे गैरजिम्मेदाराना बयान करार दिया है। मूसावी ने खाड़ी अरब देशों की आलोचना करते हुए कहा कि ए देश दुनियाभर में और इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा हथियारों की खरीद करने वाले देश हैं। संयुक्त राष्ट्र ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनावों के बीच उस पर 2010 में विदेशों से हथियार खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# मलेशिया के पूर्व वित्त मंत्री पर रिश्वत के फिर से लगे आरोप

**पेनांग (मलेशिया)।** मलेशिया के पूर्व वित्त मंत्री ने समुद्र के भीतर सुरंग बनाने की परियोजना से जुड़े 1.5 अरब डॉलर की रिश्वत के दूसरे आरोप में सोमवार को खुद को निर्दोष बताया। इसे नई सरकार की ओर से बनाया एक फर्जी मामला करार दिया।

लिम ग्वान इंग पर सबसे पहले शुक्रवार को आरोप लगाया गया। आरोप में उन पर 2011 में उत्तरी पेनांग राज्य से जुड़ी परियोजना में संभावित लाभ का 10 फीसदी मांगने का आरोप लगाया गया। सोमवार को उन पर आरोप लगा है कि उन्होंने पेनांग के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी शक्ति का इस्तेमाल एक स्थानीय कंपनी को ठेका दिलाने में मदद करके 7,86,182 डॉलर हासिल करने में किया। इस परियोजना को लिम के पेनांग के मुख्यमंत्री रहने के दौरान मंजूरी मिली। वह मलेशिया का वित्त मंत्री बनने से पहले 2008-2018 के बीच यहां मुख्यमंत्री थे। लिम मार्च में सत्ता से बाहर हुई सरकार का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि रिश्वत रोधी अधिकारियों ने उनसे कभी 7,86,182 डॉलर के मामले में पूछताछ नहीं की और न ही ऐसा कोई सबूत है कि उन्होंने रिश्वत ली। उन्होंने इस ओर भी इशारा किया कि इस आरोप में कोई स्पष्ट समय (2011-2017) भी नहीं दिया गया है।

लिम ने सुनवाई के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह बिल्कुल ही निराधार आरोप है और राजनीति से प्रेरित है। मैं खुद को निर्दोष साबित करने की लड़ाई अदालत में लडूंगा। प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन ने मार्च में सत्ता संभाली है। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपनी पार्टी को अलग कर लिया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने इसके विरोध में इस्तीफा दे दिया था।

# अमेरिकी मंत्री अजर ने ताइवान के राष्ट्रपति साई से की मुलाकात

**ताइपे।** अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री एलेक्स अजर ने ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन से सोमवार को मुलाकात की। 1979 में ताइपे और वाशिंगटन के बीच औपचारिक कूटनीतिक संबंधों पर विराम लगने के बाद से अमेरिकी कैबिनेट के किसी अधिकारी का यह पहला उच्च स्तरीय दौरा है।

राष्ट्रपति कार्यालय में साई ने पत्रकारों से कहा कि वह कोरोनो वायरस महामारी से निपटने और अन्य मुद्दों पर और अधिक सहयोग की उम्मीद करती हैं ताकि हिंद प्रशांत क्षेत्र में सतत शांतिपूर्ण विकास के लिए संयुक्त रूप से योगदान दे सकें।

अजर ने कोविड-19 से निपटने के ताइवान के कदमों की सराहना की। कहा कि इसकी सफलता ताइवान के समाज और संस्कृति की खुली, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक प्रवृत्ति को दर्शाती है।

# बर्मन एवरेडी में हिस्सेदारी बढ़ाने को तैयार पर अधिग्रहण को नहीं

**कोलकाता।** बर्मन परिवार का कहना है कि उनका एवरेडी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन वह कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए तैयार है। मोहित बर्मन ने यह कहा।

विद्युत बैटरी बनाने वाली कंपनी एवरेडी इंडस्ट्रीज में उसके प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से भी कम रह गई है। मोहित बर्मन डाबर इंडिया लिमिटेड के उपाध्यक्ष और बर्मन परिवार के वरिष्ठ सदस्य हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक इंडसइंड बैंक सहित अन्य रिणदाताओं द्वारा पिछले सप्ताह उनके पास एवरेडी इंडस्ट्रीज के गिरवी रखे शेयरों को भुनाना शुरू करने के साथ ही कंपनी के प्रवर्तक समूह, खेतान परिवार की हिस्सेदारी घटकर 10 प्रतिशत से भी नीचे आ गई। डाबर इंडिया के उपाध्यक्ष मोहित बर्मन ने रविवार को पीटीआई- भाषा से बातचीत में कहा, हम इंडसइंड के पास रखे शेयरों को खरीदने सहित अतिरिक्त शेयरों की खरीद करने के मामले पर गौर करने को तैयार हैं। लेकिन हमारे पास चार प्रतिशत अतिरिक्त खरीदने की ही गुंजाइश है। हम अपनी शेयरधारिता को 25 प्रतिशत से नीचे रखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि बर्मन परिवार का कंपनी के प्रबंधन को अपने हाथों में लेने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बर्मन परिवार के पास एवरेडी इंडस्ट्रीज की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध हैं।

सेबी के नियमों के मुताबिक यदि किसी मौजूदा शेयरधारक की किसी सूचीबद्ध कंपनी में होल्डिंग 25 प्रतिशत तक पहुंच जाती है तो उसे कंपनी के अन्य शेयरधारकों के लिए शेयर बेचने का विकल्प उपलब्ध कराते हुए खुली पेशकश जारी करनी होती है। बर्मन ने कहा कि इस बारे में बात करना फिलहाज जल्दबाजी होगी।

# रेफ्रीजिरेशन कारोबार के इसी वित्त वर्ष तक सामान्य होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** ब्लू स्टार का कहना है कि उसका घरों और वाणिज्यिक इस्तेमाल के एयरकंडीशनर्स का कारोबार चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक सामान्य हो जाने की उम्मीद है। कंपनी का कारोबार कोविड-19 की वजह से बुरी तरह प्रभावित हुआ।

कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 19.66 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने कहा है कि उसकी विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से चालू है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी को 76.84 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने निवेशकों से कहा, कंपनी ने संभावित राजस्व नुकसान को देखते हुए हमने उसी के अनुरूप अपनी परिचालन लागत को कम किया है। इसके साथ ही कंपनी के खातों को मजबूती देने के लिए दीर्घकालिक कर्ज के जरिए पूंजी डाली गई है।

# कोविड-19 गाइडलाइंस के साथ श्रीलंका की संसद का सत्र 20 अगस्त से

**श्रीलंका पीपुल्स पार्टी ने पांच अगस्त को हुए चुनाव में संसद में दो-तिहाई बहुमत पाया**

**संसद कक्ष में सीटों के मुताबिक सामाजिक दूरी नियम का पालन करना होगा मुश्किल**



**कोलंबो।** कोविड-19 के मद्देनजर कड़े स्वास्थ्य संबंधी गाइडलाइंड के साथ श्रीलंका में 20 अगस्त से नई संसद का पहला सत्र शुरू होगा। इस दौरान किसी भी दर्शक को संसद में आने की इजाजत नहीं दी जाएगी। श्रीलंका एशिया के उन कुछ देशों में से एक है, जहां कोरोना वायरस महामारी के बीच आम चुनाव आयोजित किए गए। श्रीलंका में कोविड-19 के कुल 2844 मामले हैं, जिनमें से 2579 लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 11 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और उनके छोटे भाई व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के नेतृत्व वाली श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) ने पांच अगस्त को हुए आम चुनाव में 225 सदस्यीय संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया था। एसएलपीपी सरकार के संसद में 150 सदस्य निर्वाचित हुए जबकि विपक्ष 75 सदस्यों पर सिमट गया। महिंदा राजपक्षे ने रविवार को ही श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की थी। संसद के सार्जेंट-एट-आर्म्स नरेन्द्र फर्नांडो ने कहा, हम पूरे संसदीय सत्र में कड़े स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि संसद का नया सत्र 20 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने कहा, संसद कक्ष में सीटों के बीच एक मीटर की दूरी नहीं है। इसलिए सामाजिक दूरी के एक मीटर के नियम का पालन करना मुश्किल होगा। सभी सांसदों से सदन को संबोधित करते हुए मास्क पहनने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि हाथ धोने जैसे अन्य स्वास्थ्य नियमों का भी पालन किया जाएगा। फर्नांडो ने कहा, सार्वजनिक गलियारे नहीं खुलेंगे और दर्शकों को वहां आने की अनुमति नहीं होगी। सिंगापुर के अलावा श्रीलंका भी एशिया के उन चंद देशों में शामिल है जहां कोरोना वायरस महामारी के बीच आम चुनाव कराए।

# कोरोना काल में श्रीलंका में स्कूल पूरी तरह से खुले

**कोलंबो।** श्रीलंका में कोरोना वायरस की महामारी को नियंत्रित करने के लिए लागू लॉकडाउन की वजह से करीब चार महीने से बंद स्कूल सोमवार से दोबारा पूरी तरह से खोल दिए गए। श्रीलंका में मार्च मे मध्य में कोविड-19 का पहला मरीज सामने आने के साथ सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया था। जुलाई में कुछ चुनिंदा कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों को खोला गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद ही कोरोना वायरस के नए मामले सामने आने की वजह से इन्हें बंद कर दिया गया। शिक्षा सचिव एनएचएम चित्रनंदा ने बताया, सभी स्कूलों को सोमवार को दोबारा खोल दिया गया है। संबंधित कक्षाएं सामाजिक दूरी के आधार पर शुरू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि 200 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूल मार्च में महामारी की वजह से लागू लॉकडाउन से पहले की तरह संचालित होंगे। वह पूर्व की तरह कक्षाएं संचालित करेंगे। उन्हें विद्यार्थियों के बीच एक मीटर की सामाजिक दूरी का अनुपालन करना होगा। उन्होंने कहा कि वे स्कूल जिनमें 200 से अधिक विद्यार्थी हैं उन्हें फैसला करना होगा कि स्वास्थ्य दिशानिर्देश के तहत सामाजिक दूरी का अनुपालन करने के लिए किस कक्षा के विद्यार्थी किस दिन स्कूल आएंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में मौजूद कैंटीन को स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा कोविड-19 के नियंत्रण में होने की पुष्टि होने तक खोलने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने का फैसला श्रीलंका द्वारा कोरोना वायरस के सामुदायिक स्तर पर संक्रमण को सफलापूर्वक नियंत्रित करने के बाद लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका में समुदाय स्तर पर संक्रमण का एक भी मामला 30 अप्रैल के बाद से नहीं आया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। गौरतलब है कि श्रीलंका में कोरोना वायरस से संक्रमण के 2,844 मामले सामने आए हैं जिनमें स 2,579 संक्रमित ठीक चुके हैं जबकि 11 लोगों की मौत हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेंसेक्स चढ़ा 300 अंक से अधिक, निफ्टी 11,300 से ऊपर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और एचडीएफसी, लार्सन एण्ड टुब्रो, कोटक बैंक के शेयरों में लिवाली से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार में 300 अंक से अधिक चढ़ गया। कारोबार के शुरुआती दौर में बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 317.68 अंक यानी 0.84 प्रतिशत बढ़कर 38,358.25 अंक, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी सूचकांक 92.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत बढ़कर 11,306.10 अंक पर पहुंच गए। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा चार प्रतिशत से अधिक चढ़कर सबसे आगे रहा। इसके अलावा लार्सन एण्ड टुब्रो, आईटीसी, कोटक बैंक, स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक व एचडीएफसी के शेयरों में बढ़त रही। इसके विपरीत मारुति, टाटा स्टील और नेस्ले इंडिया में गिरावट का रुख रहा। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 15.12 प्रतिशत यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 38,040.57 अंक और निफ्टी 13.90 अंक यानी 0.12 प्रतिशत उंचा रहकर 11,214.05 अंक पर बंद हुआ था।

### एलआईसी का बंद पॉलिसी दोबारा शुरू करने का अभियान

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने रविवार को कहा कि मौजूदा कठिन समय में जोखिम आवरण को जारी रखने को प्रोत्साहित करने के लिए वह अपने पॉलिसीधारकों को बंद हो चुकी पॉलिसी को दोबारा शुरू करने का अवसर देगी। बीमा कंपनी ने 10 अगस्त से नौ अक्टूबर तक विशेष रिवाइवल अभियान शुरू करने का फैसला किया है। जिसके तहत एलआईसी की बंद हो चुकी व्यक्तिगत पॉलिसी फिर से शुरू की जा सकेगी। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि विशेष रिवाइवल अभियान के तहत कुछ खास योजनाओं की पॉलिसी को दोबारा शुरू किया जा सकता है, हालांकि इसके लिए प्रीमियम में चूक की तारीख पांच साल से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। एलआईसी ने बयान में कहा कि रिवाइवल के लिए पॉलिसीधारकों को विलंब शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### अब 2-3 साल तक ही रह गई कौशल की प्रासंगिकता

**बेंगलुरु** नैस्कॉम के अध्यक्ष यूबी प्रवीण राव ने रविवार को कहा कि किसी कौशल की प्रासंगिकता अब सिर्फ दो-तीन साल तक ही रह गई है। ऐसे में लगातार जीवन भर सीखते रहने की जरूरत बढ़ गई है। आईटी कंपनी इंफोसिस के मुख्य परिचालन अधिकारी ने कहा कि कॉरपोरेट खुद को नए सिरे से तैयार कर रहे हैं, और ऐसे में लोगों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को नए सिरे से ढालना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को नई चीजें सीखने और ऐसा जीवन भर करते रहने की जरूरत है। राव ने कहा कि प्रासंगिक और रोजगार में बने रहने के लिए ऐसा करना महत्वपूर्ण है।

### महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने को प्रयासरत नीति आयोग

**नई दिल्ली।** सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने रविवार को कहा कि महिलाओं में स्वाभाविक नेतृत्व क्षमता होती है, जो अपने संस्थानों का भरपूर ख्याल रखती हैं। नीति आयोग महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत में ऐसे कई बेहतरीन उदाहरण हैं, जहां महिलाओं ने अपने लिए जगह बनाई। उन्होंने कहा कि महिलाएं लोगों को साथ लेकर चलती हैं और उन्हें आगे बढ़ने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग अपने महिला उद्यमिता मंच के जरिए महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

### ऋण पुनर्गठन पर विशेषज्ञ पैनल का प्रमुख बनाने की समीक्षा हो

**नई दिल्ली।** बैंक कर्मचारी संगठन एआईबीईए ने रविवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि केवी कामथ को ऋण पुनर्गठन पर विशेषज्ञ पैनक का प्रमुख बनाए जाने के फैसले की समीक्षा होनी चाहिए, क्योंकि आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व अध्यक्ष का नाम कथित रूप से चंदा कोचर के खिलाफ दायर मामले की एफआईआर में है। ऑल इंडिया बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) ने आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर के नाम के अलावा के वी कामथ का नाम भी है। यह आरोप है कि चंदा कोचर के कार्यकाल के दौरान वीडियोकॉन समूह और इससे जुड़ी कंपनियों को कुल 1,875 करोड़ रुपये के छह ऋण गलत तरीके से दिए गए थे। यह आरोप भी है कि कामथ के बैंक का गैर-कार्यकारी अध्यक्ष रहते हुए कुछ ऋणों को मंजूरी दी गई।

### स्टील को अमेरिका से 2,37,000 डालर का आर्डर मिला

**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी स्टील स्ट्रिप्स ने सोमवार को कहा कि उसे अमेरिका से 2,37,000 डालर (1.77 करोड़ रुपये) का आर्डर प्राप्त हुआ है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा है कि उसने अमेरिका में केरावान ट्रेलर वाहनों के लिए 30 हजार पहियों का आर्डर प्राप्त किया है। इस आर्डर की आपूर्ति कंपनी के चेन्नई संयंत्र से सितंबर में पूरी की जाएगी। स्टील स्ट्रिप्स व्हील्स लिमिटेड (एसएसडब्ल्यूएल) ने कहा कि यह आर्डर 2,37,000 अमेरिकी डालर का है। भारतीय रुपये के लिहाज से करीब 175 लाख रुपये का बैठता है। कंपनी ने कहा कि बाजार के स्थिर होने के साथ ही आने वाले समय में उसे इस तरह के और भी आर्डर प्राप्त होने की उम्मीद है। कंपनी को इससे पहले पिछले सप्ताह में भी अमेरिका के ही ट्रक और केरावान ट्रेलर वाहन बाजार से 2,09,000 (1.56 करोड़ रुपये) के आर्डर प्राप्त हुए हैं। कंपनी को 13 लाख डालर के अन्य आर्डर भी अमेरिका के बाजार से प्राप्त हुए।

### हांगकांग के मीडिया उद्यमी सुरक्षा कानून में गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग के मीडिया के बेताज बादशाह जिम्मी लाय को विदेशी ताकतों के साथ साठगांठ के संदेह में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके सहयोगी ने यह जानकारी दी। पिछले साल हुए प्रदर्शनों के बाद शहर में बीजिंग की ओर से लागू किए गए नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत यह सबसे हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी है। मार्क सिमोन ने ट्विटर पर कहा, जिम्मी लाय को इस वक्त विदेशी शक्तियों के साथ मिलीभगत के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। हांगकांग पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के संदेह में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन बयान में गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम का ब्यौरा नहीं दिया गया है। लोकप्रिय टैब्लायड एप्पल डेली के मालिक लाय हांगकांग में लोकतंत्र के समर्थन में आवाज उठाने वाली प्रमुख हस्ती हैं और लगातार चीन के निरंकुश शासन की आलोचना करते हैं।

### इजराइल में बन रहा 15 लाख डॉलर का सोने का मास्क

**मोत्जा (इजराइल)।** इजराइल में गहने बनाने वाली एक कम्पनी ने दावा किया है कि वह कोरोना वायरस से बचने के लिए दुनिया का सबसे महंगा मास्क बना रही है। जिसकी कीमत 15 लाख डॉलर होगी। सोने के इस मास्क में हीरे भी लगे होंगे। डिजाइनर इस्साक लेवी ने बताया कि 18 कैरट सोने से बने इस मास्क में 3,600 काले तथा सफेद हीरे और एन99 फिल्टर लगाया जाएगा। एक खरीददार की मांग पर इसे बनाया जा रहा है। यवेल कम्पनी के मालिक लेवी ने बताया कि खरीददार की दो और मांगें थीं कि यह साल के अंत तक बन जाए और यह विश्व में सबसे महंगा हो। लेवी ने क्रेता की पहचान उजागर करने से मना कर दिया, लेकिन इतना जरूर बताया कि वह अमेरिका में रहने वाले एक चीनी उद्योगपति हैं। उन्होंने कहा, मैं खुश हूं कि इस मास्क के जरिए इस बेहद चुनौतीपूर्ण समय में मेरे कर्मचारियों को काम मिला।

### पाकिस्तान में भारी बारिश से 58 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले तीन दिन से हो रही भारी बारिश के कारण कम से कम 58 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने रविवार को ये जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने कहा कि बारिश के कारण आई बाढ़ से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत सर्वाधिक प्रभावित हुआ, जहां 19 लोगों की मौत हो गई। एनडीएमए के अनुसार सिंध में 12 और लोगों की मौत हो गई। प्राधिकरण के अनुसार गिलगित बाल्टिस्तान में दस, पंजाब में आठ, बलूचिस्तान में आठ और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एनडीएमए के अनुसार 15 और लोगों के घायल होने की खबर है। देशभर में बारिश और बाढ़ के कारण 158 घर पूरी तरह तबाह हो गए और 128 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 11 अगस्त, 2020



# यूजीसी ने कोविड-19 के दौरान महाराष्ट्र और दिल्ली में परीक्षाएं रद्द करने पर न्यायालय में उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कोविड-19 महामारी के दौरान दिल्ली और महाराष्ट्र में राज्य के विश्वविद्यालयों में अंतिम वर्ष की परीक्षाएं रद्द करने के निर्णय पर सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सवाल उठाए और कहा कि ये नियमों के विरुद्ध है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्य विवि अनुदान आयोग के नियम नहीं बदल सकते हैं क्योंकि सिर्फ यूजीसी को ही डिग्री प्रदान करने के लिए नियम बनाने का अधिकार है। इस मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि परीक्षाएं नहीं कराना छात्रों के हित में नहीं है और अगर राज्य अपने मन से कार्रवाई करेंगे तो संभव है कि उनकी डिग्री मान्य नहीं हो।

शीर्ष अदालत कोविड-19 महामारी के दौरान अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित करने के यूजीसी के छह जुलाई के निर्देश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को निर्देश दिया था कि वे 30 सितंबर तक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित कर लें। सुनवाई के दौरान मेहता ने पीठ को दिल्ली और महाराष्ट्र द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों में अंतिम वर्ष की परीक्षाएं रद्द किए जाने के निर्णय से अवगत कराया। उन्होंने

### यूजीसी के छह जुलाई के निर्देश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी

कहा कि आयोग महाराष्ट्र और दिल्ली के हलफनामों पर अपना जवाब दाखिल करेगा। इसके लिए उसे समय दिया जाए।

पीठ ने मेहता का अनुरोध स्वीकार करते हुए इस मामले को 14 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दिया। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता अलख आलोक श्रीवास्तव ने दावा किया कि अंतिम साल की परीक्षाएं आयोजित करने के बारे में




आयोग के छह जुलाई के निर्देश न तो कानूनी है और न ही संवैधानिक हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान शिक्षण संस्थाओं के लिए गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का मुद्दा भी उठाया। न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के बीच अंतिम वर्ष की परीक्षाएं सितंबर में कराने सबंधी विश्वविद्यालय अनुदान

### 390 विश्वविद्यालय अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित करने की कर रहे तैयारी

**सॉलिसीटर** जनरल ने कहा था कि वे अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को लेकर चिंतित हैं क्योंकि देश में आठ सौ से ज्यादा विश्वविद्यालयों में से 209 ने परीक्षा प्रक्रिया पूरी कर ली हैं और इस समय करीब 390 विश्वविद्यालय अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं। यूजीसी ने न्यायालय में दाखिल हलफनामे में अंतिम वर्ष और अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं सितंबर के अंत में कराने के निर्णय को उचित ठहराते हुए कहा था कि देश भर में छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को बचाने के लिए ऐसा किया गया है। यूजीसी ने हलफनामे में कहा था कि कोविड-19 महामारी की स्थिति को देखते हुए उसने जून महीने में विशेषज्ञ समिति से 29 अप्रैल के दिशा-निर्देशों पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया था। अप्रैल के दिशा-निर्देशों में विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से कहा गया था कि वे अंतिम वर्ष की परीक्षाएं जुलाई, 2020 में आयोजित करें।

आयोग के दिशा-निर्देश रद्द करने के लिए दायर याचिका पर 31 जुलाई को कोई भी अंतरिम आदेश देने से इंकार कर दिया था। न्यायालय ने केन्द्र से कहा था कि गृह मंत्रालय को इस विषय पर अपना रुख साफ करना चाहिए। यूजीसी ने शीर्ष अदालत से यह भी कहा था कि किसी को भी इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि न्यायालय में मामला लंबित होने की वजह से अंतिम साल और सेमेस्टर की परीक्षा पर रोक लग जाएगी।

यूजीसी के अनुसार विशेषज्ञ समिति ने ऐसा ही किया और अपनी रिपोर्ट में सेमेस्टर और अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ऑफ लाइन, ऑन लाइन या मिश्रित प्रक्रिया से सितंबर, 2020 के अंत में कराने की सिफारिश की थी। हलफनामे के अनुसार विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर यूजीसी ने छह जुलाई की बैठक में चर्चा की और इसे मंजूरी दी। इसके तुरंत बाद कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के बारे में परिवर्तित दिशा-निर्देश जारी किए गए।


---

## ईआईएइ के मसौदे पर राहुल गांधी की

# आपत्ति अनावश्यक एवं समय से पहले है : प्रकाश जावड़ेकर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) के मसौदे पर सवाल उठा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि मसौदे पर आपत्ति जता रहे लोग वे ही हैं जिन्होंने सत्ता में रहने के दौरान बिना विचार-विमर्श किए बड़े निर्णय लिए।

गांधी ने रविवार को ट्वीट कर आरोप लगाया था कि ईआईए-2020 का मसौदा विनाशकारी है। उन्होंने लोगों से इसका विरोध करने की भी अपील की थी। विश्व हाथी दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर मीडिया से बात करते हुए जावड़ेकर ने कहा, कुछ नेताओं की प्रतिक्रिया देखी जो ईआईए के मसौदे के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान कर रहे हैं। वे एक मसौदे के खिलाफ कैसे प्रदर्शन कर सकते हैं? यह अंतिम अधिसूचना नहीं है। कोविड-19 के कारण जनता की राय लेने के लिए इसे 150 दिनों के लिए रखा गया था,



### आपत्ति जता रहे लोग वे ही हैं जिन्होंने सत्ता में रहते बिना विचार-विमर्श किए बड़े निर्णय लिए

अन्यथा नियमों के अनुसार तो यह अवधि 60 दिन होती है। उन्होंने बताया, हमें हजारों सुझाव मिले हैं जिनका स्वागत है। हम उन पर विचार करेंगे और उसके बाद अंतिम मसौदा लाएंगे। लोग मसौदे को लेकर ही प्रतिक्रिया देने लगें तो यह ठीक नहीं है। जो लोग अब प्रदर्शन करना चाहते हैं, उन्होंने अपने शासन में बिना किसी की सलाह लिए कई बड़े फैसले लिए। यह अनावश्यक और समय से पहले है। मैंने जयराम रमेश (कांग्रेस नेता एवं पूर्व पर्यावरण मंत्री) को लिखे पत्र में यह जिक्र किया है। जावड़ेकर ने कहा, यह (राहुल गांधी की ईआईए पर टिप्पणी और विरोधी करने की अपील करना) अनावश्यक एवं समय से पहले है।

### पर्यावरण प्रभाव आकलन का मसौदा वापस ले सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) के मसौदे को लेकर सोमवार को सरकार पर फिर से निशाना साधा और कहा कि इसे वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने ट्वीट कर आरोप लगाया कि ईआईए-2020 के मसौदे का मकसद देश की लूट है। कांग्रेस नेता ने दावा किया, यह एक और खौफनाक उदाहरण है कि भाजपा सरकार देश के संसाधन लूटने वाले चुनिंदा सूट-बूट वाले मित्रों के लिए क्या-क्या करती आ रही है। राहुल गांधी ने कहा, देश की लूट और पर्यावरण की तबाही को रोकने के लिए ईआईए-2020 का मसौदा वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने रविवार को भी लोगों से अपील की थी कि वे नए पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) 2020 मसौदे के खिलाफ प्रदर्शन करें क्योंकि यह खतरनाक है और अगर अधिसूचित होता है तो इसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी होंगे। गौरतलब है कि पर्यावरण मंत्रालय ने इस साल मार्च में ईआईए के मसौदे को लेकर अधिसूचना जारी की थी और इस पर जनता से सुझाव मांगे गए थे। इसके तहत अलग-अलग परियोजनाओं के लिए पर्यावरण मंजूरी देने के मामले आते हैं।

## सचिन पायलट ने राहुल और प्रियंका से मुलाकात की : सूत्र

**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा के प्रस्तावित सत्र से कुछ दिनों पहले पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात की।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राहुल एवं प्रियंका से इस मुलाकात में पायलट ने विस्तार से अपना पक्ष रखा और फिर पार्टी के दोनों शीर्ष नेताओं ने उनकी चिंताओं के निदान का भरोसा दिलाया। पायलट से मुलाकात से पहले राहुल गांधी और प्रियंका ने करीब डेढ़ घंटे तक बैठक की। बाद में दोनों राहुल गांधी के आवास से निकले और किसी अन्य स्थान पर जाकर पायलट से मिले। यह मुलाकात विधानसभा सत्र आरंभ होने से कुछ दिनों पहले हुई है और अब राजस्थान में कांग्रेस के भीतर पिछले कुछ हफ्तों से चली आ रही उठापठक थमने की उम्मीद है। गौरतलब है कि 14 अगस्त से राजस्थान विधानसभा का सत्र आरंभ होगा जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बहुमत साबित करने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ खुलकर बगावत करने और विधायक दल की बैठकों में शामिल नहीं होने के बाद कांग्रेस आलाकमान ने पायलट को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री के पदों से हटा दिया था।

# चिदंबरम के खिलाफ 63 मून्स की शिकायत पर जांच जारी : सीबीआई

### सीबीआई को निर्देश दिया कि वह जांच का विवरण देने के लिए एक हलफनामा दायर करें



**मुंबई।** सीबीआई ने मुंबई उच्च न्यायालय को सोमवार को सूचित किया कि वह पूर्व वित्त मंत्री तथा दो अन्य नौकरशाहों के खिलाफ पद के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली 63 मून्स टेक्नोलॉजिस की शिकायत पर शुरुआती जांच कर रही है।

सीबीआई के वकील हितेन वेणेगावकर ने न्यायमूर्ति एसएस जाधव और न्यायमूर्ति एनजे जामदार की पीठ को बताया कि यह मामला 2012-2013 का है, इसलिए एजेंसी को प्रांसगिक दस्तावेज बरामद करने में समय लगेगा। अदालत कंपनी के प्रवर्तक जिग्नेश शाह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चिदंबरम तथा नौकरशाह केपी कृष्णन एवं रमेश अभिषेक के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा कार्वाई करने में देरी पर सवाल उठाया गया है। कंपनी का पहले नाम फाइनेंशल टेक्नोलॉजी लिमिटेड था।

जब चिदंबरम वित्त मंत्री थे तो अभिषेक बाजार आयोग के अध्यक्ष थे जबकि कृष्णन अतिरिक्त सचिव एवं संयुक्त सचिव थे। वेणेगावकर ने कहा, हम (सीबीआई) शुरुआती जांच कर रहे हैं।

मामला 2012-2013 का होने की वजह से हमें अपना दिमाग लगाना है, आरोपों को सत्यापित करना है तथा सभी प्रासंगिक दस्तावेज बरामद करने हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता (63 मून्स टेक्नोलॉजिस) को सीबीआई ने बयान दर्ज कराने और आरोपों के समर्थन में और सबूत देने के लिए समन किया था। वकील ने कहा, बहरहाल, आज की तारीख तक, सीबीआई को याची कंपनी से और सबूत या दस्तावेज नहीं मिले हैं।

कंपनी की ओर से पेश हुए वकील ए पोंडा ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि सभी प्रासंगिक दस्तावेज पहले ही सीबीआई को दिए जा चुके हैं। पीठ ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह जांच का विवरण देने के लिए एक हलफनामा दायर करें और मामले को 13 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दिया। नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड में कई करोड़ रुपए का घोटाला सामने आने के बाद 15 फरवरी 2019 को मून्स टेक्नोलॉजी ने सीबीआई को शिकायत देकर कंपनी को नुकसान पहुंचाने और पद के दुरुपयोग के आरोप में तीनों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आग्रह किया था।

---

## कर्नाटक में बाढ़ और मूसलाधार बारिश से अभी तक लगभग 4000 करोड़ का नुकसान : मंत्री

**बेंगलुरू।** राज्य के राजस्व मंत्री आर अशोक ने सोमवार को कहा कि एक प्रारंभिक आकलन के अनुसार कर्नाटक के कई हिस्सों में बाढ़ और मूसलाधार बारिश के कारण अभी तक 3,500 से 4000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र से तत्काल राहत की मांग करेगी।



मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा के कोरोना वायरस की चपेट में आने के कारण उनकी जगह अशोक और गृहमंत्री बासवराज बोम्मई देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली बैठक में हिस्सा लेंगे। वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए इसका आयोजन किया जाएगा। अशोक ने कहा हमारे अधिकारियों के आकलन के अनुसार अभी तक 3500 से 4000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ है... यह पूरा आकलन नहीं है....अभी तक लगभग 80,000 एकड़ में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है, हमें अधिकारियों से सारी जानकारी मिल गई है, हम इसे प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगे। प्रधानमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से पहले उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह अभी केवल एक अनुमान है। बाढ़ से नुकसान बढ़ सकता है। हम एक तदर्थ राशि की मांग करेंगे जो तत्काल कदम उठाने और पर्याप्त सहायता प्रदान करने में मदद करे। गृह मंत्री बोम्मई ने कहा कि प्रधानमंत्री को विभिन्न जिलों में बाढ़ की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री को स्थिति से अवगत कराएंगे और अधिक राहत राशि हासिल करने की कोशिश करेंगे। कर्नाटक के कई तटीय और आंतरिक क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश, बाढ़ व भूस्खलन से जानमाल का काफी नुकसान हुआ है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की



**जयपुर।** राजस्थान में चल रहे सियासी संकट के बीच 14 अगस्त से शुरू होने जा रहे विधानसभा सत्र से पूर्व सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के आवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी और विधायक संयम लोढ़ा भी मौजूद थे। डोटासरा ने संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा में राजस्थान के महत्वपूर्ण मुद्दों, कोरोना महामारी और राज्य के विकास के बारे में चर्चा के लिए शांतिपूर्ण ढंग से सदन चलने जैसे मुद्दों को लेकर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की। इससे पहले हुई विधायक दल की बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा की गई, इस बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक दल में हमेशा बोलने की स्वतंत्रता रहती है और हर सदस्य अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र है और वो अपनी बात कहता है।

# कोझिकोड विमान हादसे पर मिले संवेदना संदेशों की सराहना करता हूं



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कोझिकोड विमान हादसे के बाद मिले संवेदना संदेश बहुत सराहनीय हैं और ये मुश्किल के इस समय में ताकत के स्रोत हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रीलंका, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, मलेशिया, मालदीव और अन्य देशों के नेताओं ने एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया था और इस हादसे में मारे गए 18 लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई थी। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के राजदूतों ने भी कहा था कि वे इस हादसे की खबर सुनकर दुखी हैं। जयशंकर ने ट्वीट किया, कोझिकोड विमान हादसे को लेकर भेजे गए संवेदना संदेशों की बहुत ही सराहना करता हूं। इस तरह का समर्थन मुश्किल समय में ताकत का स्रोत है।

इसके साथ ही उन्होंने भूटान, श्रीलंका आदि देशों के विदेश मंत्रियों को टैग किया है। गौरतलब है कि दुबई से आ रहा एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान शुक्रवार रात कोझिकोड हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान रनवे से फिसलकर 35 फुट खाई में गिर गया था जिससे विमान के दो टुकड़े हो गए और पायलट सहित 18 लोगों की मौत हो गई।

### कोझिकोड विमान दुर्घटना में घायल 56 यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस ने सोमवार को कहा कि कोझिकोड में विमान दुर्घटना में घायल 56 लोगों को ठीक होने के बाद विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी मिल गई है। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा था कि 149 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया जिनमें से 23 लोगों को छुट्टी मिल गई है और तीन गंभीर रूप से घायल हैं। चालक दल के छह सदस्यों सहित 190 लोगों के साथ दुबई से पहुंचा एअर इंडिया एक्सप्रेस का बी737 विमान शुक्रवार रात कोझिकोड हवाईअड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान भारी बारिश के बीच हवाई पट्टी से फिसलने के बाद 35 फुट गहरी खाई में जा गिरा था और उसके दो टुकड़े हो गए थे। इस हादसे में दोनों पायलटों सहित 18 लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को एअरलाइन ने एक बयान में कहा, एअर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और क्षेत्रीय प्रमुख (दक्षिणी क्षेत्र) परिवार के सदस्यों को सहायता पहुचांने के लिए अब भी कालीकट (कोझिकोड) में हैं। बयान में कहा गया कि ठीक होने के बाद अब तक 56 घायल यात्रियों को अस्पतालों से छुट्टी मिल चुकी है। राष्ट्रीय विमानन कंपनी एअर इंडिया की अनुषंगी एअर इंडिया एक्सप्रेस के पास बी 737 बेड़े का का केवल एक ही विमान था। एअरलाइन ने रविवार को बताया था कि 16 मृत यात्रियों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। अधिकारी इस दुर्घटना की जांच कर रहे हैं।

---

## सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षण

# पीआईएल पर अदालत ने केंद्र, यूपीएससी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को अखिल भारतीय सिविल सेवाओं में रिक्तियों की गणना की पद्धति के बारे में ब्योरा देने को कहा। इन रिक्तियों के लिए आयोग भर्ती प्रक्रिया संचालित करता है।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायूर्ति प्रतीक जलान की पीठ ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यूपीएससी से इस संबंध में जवाब मांगा है। याचिका में सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के विवरण की घोषणा करने वाली इस साल के नोटिस को चुनौती दी गई है। कोविड-19 महामारी के कारण के इस साल यह परीक्षा चार अक्टूबर को होने का कार्यक्रम है। यह चुनौती इस आधार पर दी गई है कि नोटिस में दिव्यांग जनों को उपलब्ध कराए जाने

### कानून के मुताबिक अनिवार्य चार प्रतिशत आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है

वाले न्यूनतम आरक्षण की अनदेखी की गई है। उच्च न्यायालय ने केंद्र, यूपीएससी और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफएस)जैसी विभिन्न सेवाओं से संबद्ध मंत्रालयों को नोटिस जारी किए हैं। परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की भर्ती इन सेवाओं में की जाती है। अदालत ने अपने नोटिस के जरिए गैर सरकारी संगठन संभावना की याचिका पर उनसे अपना रुख बताने को कहा है। दरअसल, एनजीओ ने आरोप लगाया है कि




परीक्षा के नोटिस के तहत दिव्यांगों के लिए सिर्फ संभावित लगभग रिक्तियों का उल्लेख किया गया है और कानून के मुताबिक अनिवार्य चार प्रतिशत आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है। अधिवक्ता कृष्ण महाजन और अजय चोपड़ा के माध्यम दायर याचिका में दलील दी गई है कि दिव्यांग जनों के अधिकार अधिनियम 2016 यह प्रावधान करता है कि प्रत्येक सरकारी प्रतिष्ठान अपनी कुल रिक्तियों का चार प्रतिशत दिव्यांगों के लिए आरक्षित करेगा। हालांकि, यूपीएससी की परीक्षा के नोटिस में सिर्फ संभावित लगभग रिक्तियों का जिक्र किया गया--जबकि यह श्रेणी कानून के तहत अस्तित्व में नहीं है। पीआईएल में दलील दी गई है कि यूपीएससी का नोटिस अधिनियम के साथ एक धोखा है। किसी ऐसी चीज के लिए आरक्षण का प्रावधान करना जो कानूनन अस्तित्व में ही नहीं है, वह कानून कुछ नहीं प्रदान करेगा। एनजीओ ने यह दावा भी किया है कि 796 संभावित रिक्तियों में चार प्रतिशत आरक्षण की गणना में गणितीय त्रुटि भी है। इसमें कहा गया है कि 796 का चार प्रतिशत आरक्षण 31.8 या 32 रिक्तियां होंगी, जबकि नोटिस के मुताबिक यह 24 है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि यहां तक कि पुरानी रिक्तियों का भी उल्लेख नहीं किया गया है। बहरहाल, अदालत ने इस विषय की अगली सुनवाई 31 अगस्त के लिए निर्धारित कर दी। साथ ही, यूपीएससी को अपने हलफनामे में पुरानी रिक्तियों (जो अब तक लंबित हैं और भरी नहीं गई हैं) के साथ-साथ दिव्यांगों के लिए रिक्तियों की गणना उसने कैसे की, इस बात का भी उल्लेख करना होगा।

## सपा सरंक्षक मुलायम की सेहत में सुधार : अस्पताल

**लखनऊ।** पूर्व रक्षा मंत्री और समाजवादी पार्टी के सरंक्षक मुलायम सिंह यादव की सेहत में सुधार हो रहा है। अस्पताल में सोमवार को यह जानकारी दी।

मेदांता अस्पताल के निदेशक डॉक्टर राकेश कपूर ने सोमवार को बताया कि मुलायम सिंह की तबियत अब पहले से बेहतर है। यादव (80) को शुक्रवार को मूत्र नली में संक्रमण की शिकायत के बाद लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था। उनकी कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी। कपूर ने रविवार को बताया था कि चूंकि मूत्र नली में संक्रमण का असर मुलायम के गुर्दों तक पहुंचा है लिहाजा स्थिति बेहतर होने के बाद ही उन्हें छुट्टी दी जाएगी। फिलहाल उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है।

---

## संक्षिप्त समाचार

### लॉकडाउन में मदरसा शिक्षक की पिटाई को लेकर प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में सप्ताहांत में लॉकडाउन के दौरान एक पुलिस उपनिरीक्षक द्वारा मदरसे के एक शिक्षक की कथित पिटाई को लेकर मौलाना समेत कई लोगों ने प्रदर्शन किया। एक शिकायत के मुताबिक, मदरसा प्रधानाचार्य ककरौली क्षेत्र में रविवार को अपनी बाइक में पेट्रोल भरवा कर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान पुलिस उपनिरीक्षक ने उन्हें लाठी से पीटा और अपशब्द कहे। प्रधानाचार्य ने मोबाइल छीनने का भी आरोप लगाया है। कई मौलाना ने थाने में शिकायत देकर उप निरीक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ककरौली थाने के प्रभारी मुकेश सोलंकी ने उन्हें आश्वस्त किया कि कार्रवाई की जाएगी।

### कोरोना वायरस से संक्रमित पत्रकार की मृत्यु

**बांदा ( उप्र )।** बांदा जिले में कोविड-19 के संक्रमण से एक पत्रकार की मृत्यु हो गई। बांदा मंडल के आयुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र द पॉयनियर के 52 वर्षीय मान्यता प्राप्त पत्रकार अंजनी निगम को संक्रमण की पुष्टि के बाद चार अगस्त को बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। हालत खराब होने पर शनिवार को निगम को लखनऊ रेफर किया गया। यहां एसजीपीजीआई में रविवार को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने निगम के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहन करने का संबल प्रदान करे। पत्रकारों ने शनिवार की शाम यहां मीडिया सेंटर में दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा की अग्रिम चौकियों पर पाकिस्तान के सैनिकों ने गोलीबारी करके संघर्षविराम समझौते का सोमवार को उल्लंघन किया। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि बालाकोट सेक्टर में सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर बिना उकसावे के गोलीबारी हुई। नियंत्रण रेखा की रक्षा में तैनात भारतीय सैनिकों ने इस गोलीबारी का माकूल जवाब दिया। उन्होंने बताया कि अंतिम खबर मिलने तक दोनों ओर से गोलीबारी जारी थी। प्रवक्ता ने कहा कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना के जवानों ने तारकुंडी गांव को निशाना बनाकर मोर्टार के गोले दागे जिससे गांव के लोगों में दहशत फैल गई। रविवार को भी पाकिस्तान के सैनिकों ने मानकोट, शाहपुर, किरणी और कृष्णा घाटी सेक्टरों में भारी गोलाबारी की थी।

### ठाणे में व्यावसायिक इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर में तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत में आग लग गई। एक दमकल अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे प्रेस बाजार इलाके में एक इमारत के भूतल पर प्रिंटिंग कम्पनी में आग लग गई, जो बाद में ऊपर की ओर फैल गई। उल्हासनगर नगर निगम के आपदा प्रकोष्ठ के प्रमुख बालासाहेब नेटके ने बताया कि परिसर में काफी छपाई सामग्री रखे होने की वजह से आग तेजी से फैल गई। उल्हासनगर नगर निगम के पांच दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। कल्याण और अंबरनाथ नागरिक निकायों से दमकल की दो-दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे आग पर काबू पा लिया गया था। नेटके ने बताया कि आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### हर्ष फायरिंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर ( उप्र )।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में एक समारोह के मौके पर हर्ष फायरिंग करने में कथित तौर पर शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्राधिकारी अमित सक्सेना ने बताया कि एक वीडियो में दो युवकों को डांस के दौरान कथित तौर फायरिंग करते हुए देखा गया था, जिसके आधार पर इन्हें रविवार को थाना भवन कस्बे से गिरफ्तार किया गया। सक्सेना ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और इन दोनों के पास से एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

# डीयू छात्रों को मिलेगी डिजिटल डिग्री

## ऑनलाइन पोर्टल पर कराना होगा पंजीकरण, हफ्ते भर में जारी होंगे डिग्री-सर्टिफिकेट

**कोरोना काल**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के चलते दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रों को डिजिटल डिग्री देगा। विवि से पिछले वर्ष तक स्नातक कर चुके छात्रों, जिन्हें अभी तक डिग्री नहीं मिली है, को राहत देते हुए विश्वविद्यालय ने एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है जिसके जरिए छात्रों को डिजिटल डिग्री सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे जिससे इस प्रक्रिया में तेजी आएगी। डीयू की ओर से उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी गई।

दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह की एकल पीठ को सूचित किया गया कि छात्रों को उक्त पोर्टल पर पंजीयन करवाना होगा, अपनी अकादमिक योग्यता, कॉलेज का नाम आदि जानकारी देनी होगी तथा सत्यापन पूरा होने के बाद डीयू हफ्तेभर के भीतर डिजिटल डिग्री सर्टिफिकेट जारी करेगा। अदालत 21 चिकित्सकों की ओर से दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने वर्ष 2018 और 2019 में डीयू से संबद्ध विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस किया लेकिन उन्हें अपने डिग्री सर्टिफिकेट इसलिए नहीं मिल पाए क्योंकि प्रिंटर के साथ अनुबंध खत्म हो गया था।



### छात्रों ने की ऑनलाइन परीक्षा में आ रही मुश्किलों की शिकायत

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के लिए ऑनलाइन ओपन बुक परीक्षाएं सोमवार को शुरू हुईं। कई छात्रों ने दो प्रश्न पत्र प्राप्त होने और उत्तर पुस्तिकाओं को अपलोड करने में दिक्कत होने की शिकायत की। परीक्षाएं सुबह 7.30 बजे शुरू हुईं और तीन पालियों में आयोजित की जा रही हैं। स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के एक छात्र जुबैर खान ने कहा, डेट-शीट के अनुसार आज उसकी हिंदी की परीक्षा थी। जब उसने अपना प्रश्न पत्र डाउनलोड करने के लिए पोर्टल खोला, तो देखा कि दो प्रश्न पत्र अपलोड किए गए थे। एक हिंदी का और दूसरा जिसका पेपर 13 अगस्त के लिए निर्धारित है। उसने एसओएल को मेल भेजे, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उसने एक प्रोफेसर से सलाह ली, जिन्होंने उससे आज के लिए निर्धारित पेपर देने की सलाह दी। एक अन्य छात्र, दीपक गुप्ता ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं था कि वह पूर्वाह्न 11.30 बजे के निर्धारित समय से पहले अपनी उत्तर पुस्तिकाओं को सफलतापूर्वक अपलोड कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा, पीडीएफ फाइलें बनाना समाप्त करने तक 11.28 बज गए थे। उसे अपलोड करने की कोशिश की, लेकिन अपलोड नहीं हुए।

## मरीज के रुपये चुराने वाला एम्स कर्मी दबोचा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आंखों का आपरेशन कराने गए एक मेडिकोकर्मी के नकद साठ हजार रुपए लेकर चंपत होने के आरोप में 52 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान सतीश कुमार धामा के रूप में की गई है। वह नर्सिंग सहायक के रूप में काम कार्यरत था और एक एजेंसी के माध्यम से उसकी सेवा ली गई थी। वह उत्तराखंड के हरिद्वार का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार मरीज 25 जुलाई को आंख का आपरेशन कराने के लिए एम्स गया था। प्रक्रियाओं से गुजरने से पहले उसने साठ हजार रुपए धामा को थमा दिया जो अस्पताल में उसका मेडिकल सहायक था। मरीज ने उससे कहा कि प्रक्रियाओं के पूरा होने तक वह इंतजार करे लेकिन इससे पहले ही आरोपी पैसे लेकर चंपत हो गया। इसके बाद पुलिस टीम ने गुरुग्राम में छापेमारी की और रविवार रात आरोपी को होटल के कमरे से गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली व महाराष्ट्र में परीक्षाएं रद्द करने पर यूजीसी ने उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कोविड-19 महामारी के दौरान दिल्ली और महाराष्ट्र में राज्य के विश्वविद्यालयों में अंतिम वर्ष की परीक्षाएं रद्द करने के निर्णय पर सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सवाल उठाए और कहा कि यह नियमों के खिलाफ है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम नहीं बदल सकते हैं क्योंकि सिर्फ यूजीसी को ही डिग्री प्रदान करने के लिए नियम बनाने का अधिकार है। इस मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि परीक्षाएं नहीं कराना छात्रों के हित में नहीं है और अगर राज्य अपने मन से कार्यवाही करेंगे तो संभव है कि उनकी डिग्री मान्य नहीं हो। शीर्ष अदालत कोविड-19 महामारी के दौरान अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित करने के यूजीसी के छह जुलाई के निर्देश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को निर्देश दिया था कि वे 30 सितंबर तक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित कर लें। उन्होंने कहा कि आयोग महाराष्ट्र और दिल्ली के हलफनामों पर अपना जवाब दाखिल करेगा। इसके लिए उसे समय दिया जाए। पीठ ने मेहता का अनुरोध पर मामले को 14 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दिया। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता अलख आलोक श्रीवास्तव ने दावा किया कि अंतिम साल की परीक्षाएं आयोजित करने के बारे में आयोग के छह जुलाई के निर्देश न तो कानूनी है और न ही संवैधानिक हैं।

## राजधानी में सामने आए कोविड-19 के 707 नए मरीज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को कोविड-19 के 707 नए मरीज सामने आए जिन्हें मिलाकर राजधानी में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1.46 लाख से अधिक हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गत 24 घंटे में कोरोना वायरस से 20 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही दिल्ली में महामारी की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या 4,131 तक पहुंच गई।

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दैनिक हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक सोमवार को 12,323 नमूनों की जांच की गई। बुलेटिन के अनुसार दो अगस्त से लेकर चार अगस्त तक नए मामलों में कमी आई। दो अगस्त को जहां 961 मामले आए। वहीं तीन और चार अगस्त को क्रमश: 805 और 674 नए मामले सामने आए। हालांकि, पांच अगस्त से नौ अगस्त के बीच रोजाना आने वाले नए मामलों की संख्या एक हजार से अधिक रही।

## सीएम दोबारा शुरू करते हैं फ्लॉप योजनाएं : गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की सरकार की रोजगार योजना पर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरा है। पार्टी नेता ने कहा कि केजरीवाल सरकार फेल हो चुकी रोजगार योजना को दोबारा शुरू करके लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है। जिस तरह बाइस्कोप में घुमा फिरा कर एक ही तस्वीर कई बार दिखाई जाती है उसी तरह दिल्ली सरकार फ्लॉप हुई पुरानी योजनाओं को दोबारा शुरू करती रहती है। कभी ऑड-ईवन, कभी डोर स्टेप डिलीवरी, कभी ई-व्हीकल और कुछ दिनों पहले ही केजरीवाल सरकार ने रोजगार योजना की शुरुआत की है जो दो साल पहले भी शुरू की गई थी, लेकिन फेल हो गई थी।

प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि इस योजना के लिए केजरीवाल सरकार ने 34 करोड़ 41 लाख रुपए खर्च किए थे लेकिन रोजगार सिर्फ 334 लोगों को ही मिला था। अब एक बार फिर से लोगों को रोजगार के नाम पर बरगलाने के लिए यह स्कीम लेकर आई है जहां पर रोजगार की गारंटी तो नहीं है, लेकिन अश्लीलता जरूर परोसी जा रही है। इससे यह साफ जाहिर है कि सरकार की मानसिकता महिला विरोधी है क्योंकि पार्टी नेता संदीप कुमार, शरद चैहान जैसे कई नेता है जिनपर महिला यौन उत्पीड़न एवं शोषण का आरोप है और पीड़िता आज तक न्याय से वंचित है।

गुप्ता ने दो साल पहले की योजना का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2018 में भी रोजगार मेला का प्रचार-प्रसार करके सरकार ने खूब ढोल पीटे थे। इस साल यह ऐलान किया कि नौकरी पाने वाले और नौकरी देने वाले दोनों ही दिल्ली सरकार के जॉब पोर्टल पर पंजीकृत कर सकते हैं और नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। रोजगार बाजार योजना की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ केजरीवाल सरकार का दिखावा है जिसके लिए करोड़ों के विज्ञापन भी दिए जा चुके हैं।

## उगाही का वीडियो जारी कर भाजपा को घेरा

### लेंटर डालने के एवज में निगम पार्षद लेते हैं लाखों रुपये : आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने ऑडियो जारी कर भाजपा पार्षद पर वसूली का आरोप मढ़ा है। पार्टी नेता ने भाजपा शासित एमसीडी में चल रहे भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि न्यू अशोक नगर पार्षद रजनी पांडे के जेठ निशांत पांडे पर मकान का लेंटर डालने की एवज में लाखों रुपये रिश्वत लेने संबंधी बातचीत का ऑडियो जारी किया। जिससे पता चलता है कि पांडेय और क्षेत्र के जेई ने बिल्डर समेत तीन लोगों से करीब 12 लाख रुपए लिए।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली नगर निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने



भाजपा पर आरोप लगते हुए कहा कि नगर निगम लोगों से पैसे वसूलती रही है। लेंटर डालने के लिए भी पैसे लिए जाते हैं। लोगों को परेशान किया जाता है। पाठक ने जो ऑडियो क्लिप जारी किया है, उसमें कथित तौर पर निशांत पांडेय एक बिल्डर से बात कर रहे है। इस बातचीत में बिल्डर बता रहा है कि निर्माण कार्य के लिए उसने पार्षद के जेठ को लाखों में धन दिए हैं।

दुर्गेश पाठक ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा से महिला पार्षद और उनके जेठ निशांत पांडेय समेत पूरे गिरोह को पार्टी से निष्कासित करने और दिल्ली पुलिस को मामले का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में हुए निगम चुनावों में भाजपा ने यह कहते हुए अपने तमाम मौजूदा निगम पार्षदों के टिकट काट दिए थे कि यह सभी भ्रष्टाचार में बुरी तरह से लिप्त हैं। उस समय के तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने नए चेहरे नई उड़ान का नारा दिया था और कहा था कि नए चेहरों के साथ वह दिल्ली की राजनीति में एक नई कहानी लिखेंगे।

## लॉकडाउन के बाद 15 फीसदी स्कूली छात्रों का अता पता नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों में पंजीकृत करीब 15 फीसदी छात्रों का लॉकडाउन लागू होने के बाद से ही कोई अता-पता नहीं है। यह छात्र आनलाइन कक्षाओं में भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। इन छात्रों का पता लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ताकि उन्हें क्लास में वापस लाया जा सके।

सिसोदिया ने कहा, शिक्षा विभाग पूरी तरह से पढ़ाई लिखाई का संचालन कर रहे हैं। यह या तो आनलाइन हो रहा है अथवा फोन के माध्यम से और शिक्षकों को प्रत्येक छात्र के साथ व्यक्तिगत भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। अब तक अधिकतम 15 फीसदी छात्र ऐसे हैं जिनका पता नहीं चल पाया है अथवा उन्होंने स्कूल से कोई संपर्क नहीं किया है और इसलिए वह कक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

उन्हें कुछ छात्रों का पता चला है जो या तो उस पते पर नहीं रह रहे हैं अथवा टीचर के पास रिकार्ड में उनका जो फोन नंबर है, उसका कोई अता पता नहीं है।

## हार्पिक पीकर महिला ने की खुदकुशी

**नोएडा।** बिसरख थानाक्षेत्र में स्टेलर जीवन सोसायटी में 38 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर हार्पिक पीकर आत्महत्या कर ली। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) अंकुर अग्रवाल ने बताया कि बिसरख थाना क्षेत्र में स्टेलर जीवन सोसायटी में रहने वाली एकता (38) का शव देर रात करीब तीन बजे उनके फ्लैट से मिला।

अग्रवाल ने बताया कि महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दोनों की शादी छह साल पहले हुई थी। पुलिस को शक है कि महिला की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस महिला के मायके वालों से भी पूछताछ कर रही है।

## फर्जी योजनाओं में निवेश का लालच देने वाला ठग धरा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फर्जी योजनाओं में निवेश कराकर लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सुधीर प्रकाश शर्मा और उसके साथी झुग्गी बस्तियों में रहने वालों को निशाना बनाते थे और अपनी फर्जी कंपनी में छोटी राशि निवेश करने के लिए प्रलोभन देते थे।

शर्मा और उसके साथी लोगों को सावधि खाता खोलने के लिए मनाते थे और रोजाना 100 रुपए जमा कराने पर 12 महीने बाद 41,400 रुपए वापस मिलने का लालच देते थे।

पुलिस ने बताया कि फर्जी योजनाएं दक्षिण दिल्ली में फर्जी कंपनियों के जरिए यह गिरोह चलाता था और ये कंपनियां वर्ष 2013 से चल रही थीं। उन्होंने बताया कि शर्मा और उसके साथियों ने अब तक कम से कम 25 लोगों से धोखाधड़ी की है।

डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया, शुरुआत में गिरोह के सदस्य लोगों का भरोसा जीतने के लिए मियाद पूरी होने पर योजना के तहत पूरी राशि लौटा देते थे।

## अवैध हथियारों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### ऑन डिमांड करते थे सप्लाई, सात तमंचे और दो पिस्टल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एनसीआर में कोरोना काल के दौरान भी अवैध हथियारों की तस्करी लगातार जारी है। ट्रोनिका सिटी पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर बड़े गिरोह का खुलासा किया है। ये गिरोह मुज्जफरनगर से अवैध हथियार सस्ते दामों में लाकर यहां भारी मुनाफे के साथ सप्लाई करते हैं। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल व 7 तमंचे बरामद किए हैं। इन हथियारों को ये एनसीआर में खपाने के लिए लाए थे।

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने



प्रेसवार्ता में तस्करों के बारे में जानकारी देते एसएसपी कलानिधि नैथानी।

प्रेसवार्ता में बताया कि पकड़े गए तस्करों के नाम आरिफ और आमिर हैं। ये ऑन डिमांड अवैध हथियारों की सप्लाई दिल्ली-एनसीआर में किया करते थे। इनका सरगना मुजफ्फरनगर का सरफराज उर्फ सोनू है जिसकी तलाश लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि एसपी देहात नीरज कुमार जादौन और उनकी टीम लगातार इस बड़े केस को क्रैक करने में लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना और तमाम कोशिशों के बाद इस बड़े गैंग का खुलासा हो सका है। एसएसपी ने कहा कि पुलिस जल्द ही इस गैंग के सरगना सरफराज उर्फ सोनू तक भी पहुंच जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लंबे समय से लॉकडाउन में भी यह तस्कर अवैध हथियारों की सप्लाई का काम कर रहे थे। इनकी तलाश ना सिर्फ गाजियाबाद बल्कि अन्य जिलों की पुलिस को भी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**नोएडा।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के कुलेसरा में रहने वाले एक युवक की सोमवार को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि थाना ईकोटेक -3 क्षेत्र के कुलेसरा में अजय सैनी नामक युवक रहता था। बीती रात को वह अपनी प्रेमिका के घर पर गया था जहां उसने खाना खाया तथा शराब पी। सुबह उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। गंभीर हालत में उसे ग्रेटर नोएडा के शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन उसकी प्रेमिका पर हत्या का शक जाहिर कर रहे हैं।

### महिला की गोली मारकर हत्या

**गाजियाबाद।** सोमवार दोपहर लोनी कोतवाली क्षेत्र की खन्ना नगर चौकी के अंतर्गत गढी कटैया गांव के पास एक 32 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस महिला की हत्या के मामले को लेकर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में लगी हुई है। इस मामले में एसपी ग्रामीण नीरज कुमार जादौन का कहना है कि महिला किसी पुरुष के साथ मोटरसाइकिल बैठकर आई थी और किसी बात को लेकर उनके बीच में अनबन हो गई और उस युवक ने महिला को गोली मार दी जिसके चलते महिला की मौके पर मौत हो गई। हालांकि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और जल्दी मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



### दूसरों की जमीन बेचने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** दूसरे लोगों की जमीन को अपनी बताकर धोखाधड़ी से बेचने के आरोप में एक भूमाफिया को थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त राजीव कुमार सिंह ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ने एक सूचना के आधार पर खोड़ा कॉलोनी निवासी पंकज यादव को तिगरी चौराहे के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति ने कई लोगों की जमीन अपनी बताकर धोखाधड़ी से बेची है। उसके खिलाफ थाना बिसरख में पीड़ितों ने मामला दर्ज कराया था।

### बलात्कार का आरोपी को भेजा जेल

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले की थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने सोमवार को एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से देसी तमंचा बरामद किया। यह बदमाश थाना दनकौर क्षेत्र में बलात्कार के एक मामले में वांछित था। सहायक पुलिस आयुक्त प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने आज गांव डोरीन निवासी सनी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि यह बदमाश थाना दनकौर क्षेत्र में बलात्कार के एक मामले में वांछित था। पुलिस ने उसे आज अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### गाजियाबाद में अपराध में गिरावट

**गाजियाबाद।** जिले में इस वर्ष 1 जनवरी से 31 जुलाई के बीच अपराध मामलों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। विभाग द्वारा साझा किए गए डेटा के अनुसार गाजियाबाद में 2019 की इसी अवधि की तुलना में अपराध के मामले काफी कम हुए है। आंकड़ों के अनुसार, 2019 में पहले सात महीनों के दौरान गाजियाबाद के 19 पुलिस थानों में अपराध के 10,494 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2020 में इसी अवधि के दौरान सिर्फ 5,490 आपराधिक मामले देखे गए। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि पिछले वर्ष में लूट के 65 मामले दर्ज किए गए थे जबकि 2020 में अब तक केवल 14 मामले दर्ज किए गए हैं।



आग लगने के बाद क्षतिग्रस्त सेक्टर-63 स्थित बॉल पेन बनाने वाली फैक्ट्री।

## बॉल पेन बनाने वाली फैक्ट्री में आग, गार्ड की झुलसकर मौत

### दमकल की तेरह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर 63 में स्थित बॉल पेन बनाने वाली एक फैक्ट्री में रविवार रात दो बजे आग लग गई। आग की सूचना पाकर दमकल विभाग की 13 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में वहां तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड की जलकर मौत हो गई। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना फेस- 3 क्षेत्र के एच-90, सेक्टर 63 में एच. एम. ट्विस्ट कंटेनर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से बॉल पेन बनाने की फैक्ट्री है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में रविवार देर रात दो बजे आग लग गई। आग इमारत के तीनों तल पर फैल गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में गार्ड संदीप कुमार (23 वर्ष) पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम सफीपुर थाना जगतपुर जनपद बहराइच आग की चपेट में आ गया तथा झुलसने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक विभाग की टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुंची।

आग की सूचना पाकर जिला प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग व पुलिस के अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि आग बुझाने के उपकरण घटना के समय काम कर रहे थे या नहीं।

## बॉयफ्रेंड ने ही की थी महिला की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम पुलिस ने इलाके में हुए एक महिला के मर्डर का खुलासा करने का दावा किया है। नोएडा के स्पा सेंटर में काम करने वाली महिला 6 तारीख को लापता हो गई थी। जिसका शव रविवार को इंदिरापुरम इलाके में हिंडन नदी किनारे मिला था। मामले में पुलिस ने मृतका के कथित बॉयफ्रेंड मुस्तफा नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक महिला के पति का कुछ समय पहले देहांत हो गया था। इसके बाद वो मुस्तफा के संपर्क में आई थी। महिला से शादी



करने की बजाय आरोपी उसके साथ लिव-इन में रहना चाहता था। लेकिन महिला इस बात से इंकार कर रही थी। वो उस पर जल्द शादी करने का दबाव बना रही थी। साथ ही उससे रोज-रोज पैसे की भी डिमांड करती रहती थी। ऐसे में मुस्तफा ने साजिश के तहत महिला को 6 तारीख को शाम को अपनी दुकान पर पैसे देने के लिये बुलाया और वहां चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी और लाश को पास ही हिंडन नदी में फेंक दिया।

महिला की गुमशुदगी के बाद से ही परिवार ने इस बात का शक जाहिर किया था कि महिला जिस व्यक्ति के साथ रिलेशनशिप में है उसने ही महिला को गायब किया होगा। हालांकि परिवार को पूरी तरह से जानकारी नहीं थी कि वो व्यक्ति कौन है। लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मुस्तफा को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपना इकबालिया बयान भी दर्ज करा दिया है।

## दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**नोएडा।** थाना सूरजपुर में तिलपता गोल चक्कर के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने सोमवार सुबह एक व्यक्ति को कुचल दिया। सहायक पुलिस आयुक्त प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि तिलपता गोल चक्कर के पास एक अज्ञात कंटेनर चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए इरफान नाम के एक व्यक्ति को कुचल दिया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य हादसे में थाना सूरजपुर क्षेत्र के पास देर रात 53 वर्षीय व्यक्ति विनोद कुमार को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। सिंह ने बताया कि शख्स को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## भवन नियमावली की अनदेखी, बना दी 7 मंजिला इमारत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शाहबेरी हादसे के बाद जिस प्रकार से नोएडा प्राधिकरण हरकत में आया, लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़ी गांव की भवन नियमावली को निकालकर लागू किया। उसको देखकर लगा था कि अब नोएडा में अवैध निर्माण पर अंकुश लग जाएगा, लेकिन गांव के निर्माण पर किस कदर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसकी कल्पना ही नहीं की जा सकती है।

ताजा उदाहरण लॉकडाउन में सामने आया है, बाबा बालकनाथ कट के सामने फरवरी में सर्फाबाद गांव की जमीन पर निर्माण शुरु हुआ, अनलॉक 3 तक इस तेजी से निर्माण हुआ कि सात स्लैब बिल्डिंग में डाला जा चुका है और आठवीं स्लैब की तैयारी निर्माणधीन भवन मालिक कर रहा है। जबकि नियम 15 मीटर तीन मंजिल अधिकतम की इजाजत देता है। यदि हादसा हो जाए तो जिम्मेदारी कौन लेगा, अभी भी कोई तय नहीं



कर सका है। जबकि चंद कदम की दूरी पर प्राधिकरण का अंडर पास निर्माण चल रहा, परथला हैंगिंग ब्रिज का निर्माण शुरू होने वाला है। बाबा बालक नाथ कट को हाल ही में बंद किया गया। ऐसे में निर्माण पर नजर प्राधिकरण अधिकारी या कर्मचारी या जेई की नहीं पड़ी होगी। यह बात समझ से परे है।

**यह है नियम:** गांव में बनने वाले मकानों की ऊंचाई 15 मीटर तीन मंजिल अधिकतम होगी। इससे ऊपर बनने मकान को अवैध माना जाएगा। गांव में मकान बनाने से पहले प्राधिकरण में इसका नक्शा पास कराना होगा। बिना नक्शा पास कराए कोई भी भवन निर्माण नहीं किया जा सकेगा। नोएडा प्राधिकरण की साइट पर इस नियमावली को अपलोड कर दिया गया है। साथ ही प्राधिकरण ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया था कि वह ग्रामीणों व किसानों को इसके लिए जागरुक करें।

प्राधिकरण ने गांव की फ्री होल्ड जमीन या प्रॉपर्टी पर रेग्युलेशन लागू कर दिया है। ऐसे में नोएडा चतुर्थ संशोधन नियमावली 2016 लागू हुई है। इसमें गांव की जमीन के लिए 1.8 फ्लोर एरिया रेसियो एफएआर दिया जाएगा। इसमें गांव में कोई भी मकान की ऊंचाई 15 मीटर से अधिक नहीं होगी यानि तीन मंजिल ही अधिकतम नहीं होगी। इसके ऊपर बनाए गए मकानों को अवैध माना जाएगा।

जिला पंचायत की सह पर फैला था नोएडा में अवैध बिल्डरों का जाल

बता दें कि वर्ष 2014 में जब गांव की जमीन पर तेजी से मल्टी स्टोरी का निर्माण चल रहा था। नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वीके पवार ने इस पर रोक लगाने का प्रयास किया। इस दौरान संज्ञान में आया कि भू माफिया जिला पंचायत से नक्शा पास करा धड़ल्ले से नोएडा में आबादी की जमीन पर निर्माण करने में जुटे है। इस पर नोएडा प्राधिकरण ने लिखित तौर पर शासन से कड़ी आपत्ति जताई थी। जिसमें प्राधिकरण क्षेत्र में अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जगह पर किसी भी प्रकार से जिला पंचायत के नक्शा पास नहीं करने का अधिकार भी बताया गया था। इसके बाद शासनादेश जारी हुआ। इसमें जिला पंचायत को नोएडा से बाहर का रास्ता दिखाया गया।

# रूपिंदर पाल सिंह की ड्रैगफ्लिक क्षमता से सीख रहा हूं : प्रताप

## इन दिनों रेलवे में टिकट कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं हॉकी खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम के डिफेंडर प्रताप लाकड़ा ने कहा कि वह अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह की ड्रैगफ्लिक जबकि बीरेंद्र लाकड़ा के खेलने के तरीके से प्रेरणा लेते हैं।

इन दिनों रेलवे में टिकट कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे प्रताप को पहली बार 2017 में जूनियर राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया। उन्हें यह बात अच्छी तरह पता है कि राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक प्रताप ने कहा, बेंगलुरु में सीनियर टीम वहीं अभ्यास करती थी जहां हमारा राष्ट्रीय शिविर होता है। जब भी हमारा विश्राम करने का दिन होता है या जब सीनियर टीम आंतरिक मैच खेल रही होती है, तो हम उन्हें देखने जाते हैं। उन्होंने कहा, मैं ड्रैगफ्लिक लगाने के मामले में रूपिंदर पाल सिंह से सीख लेता हूं जबकि डिफेंस और खेल के मामले में मैं बीरेंद्र लाकड़ा का अनुसरण करता हूं।

इस युवा खिलाड़ी ने कहा, दोनों बहुत अनुभवी हैं और टीम को विशेष कौशल प्रदान करते हैं। उनका अनुसरण करने से मुझे अपने खेल को सुधारने में मदद मिलती है। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में बेलडिही नामक एक छोटी सी जगह के रहने वाले प्रताप को हॉकी विरासत में मिली है।

उनके पिता और बहन हॉकी के कारण उस क्षेत्र में पहले से ही लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए, हॉकी एक स्वाभाविक पसंद थी। मेरे गाँव में सभी लोग इस खेल को खेलते थे। मेरी बहन ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया है और मेरे पिता खासी टूर्नामेंट में नियमित तौर पर खेलते थे। जब मैं हॉकी स्टिक उठाता था तब मैं बहुत छोटा था और मुझे पता था कि हॉकी मेरा भविष्य होगा।

प्रताप 2012 में पंपोश खेल हॉस्टल से जुड़े जहां उन्हें दिलीप टिर्की और लाजारूस बरला से खेल को सिखने का मौका मिला। प्रताप ने 2017 और 2019 में सुल्तान ऑफ जोहोर कप के अलावा स्पेन में पिछले साल आठ देशों के टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना सबसे अधिक पसंद है। उन्होंने कहा, ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलना विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है क्योंकि वे अपनी जगह से खेलते हैं और विरोधी टीम की छोटी गलतियों का फायदा उठाते हैं। ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन से काफी कुछ सीखने को मिलता है। अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप में इन दोनों टीम पर नजर रखनी होगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत में होगा।

# बटलर संपूर्ण खिलाड़ी, टेस्ट टीम में हमेशा जगह मिलनी चाहिए : वार्न

### बोले महान स्पिनर, जोस एक बहुत अच्छा और विश्वसनीय कीपर हैं



मैनचेस्टर। ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वार्न का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर संपूर्ण खिलाड़ी की तरह हैं, जिन्हें इंग्लैंड की टेस्ट टीम में नियमित तौर पर जगह मिलनी चाहिए।

पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब विकेटकीपिंग के कारण बटलर की काफी आलोचना हुई थी लेकिन 29 साल के इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में मुश्किल समय में 75 रन बनाने के अलावा क्रिस वोक्स के साथ छठे विकेट की 139 साझेदारी कर टीम को तीन विकेट से जीत दिला दी। उन्होंने यह साझेदारी उस वक्त की जब जीत के लिए 277 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम 117 रन पर पांच विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी। वार्न से स्काई स्पोर्ट्स से कहा, उसे हमेशा टीम में होना चाहिए। जोस एक बहुत अच्छा और विश्वसनीय कीपर है, लेकिन कभी-कभार, आपके बुरे दिन होते हैं और वहां स्थिति इतनी आसान भी नहीं थी। इस महान खिलाड़ी ने कहा, उसे अपनी क्षमताओं खासकर बल्लेबाजी के कारण हमेशा आपकी टीम में होना चाहिए। उसकी विकेटकीपिंग भी ठीक है, वह शांत रहता है और उसमें टीम का नेतृत्व करने वाले गुण हैं। वह संपूर्ण खिलाड़ी की तरह है। बटलर की बल्लेबाजी से प्रभावित वार्न ने कहा, बटलर को खुद पर भरोसा था कि वह टीम को मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाल सकते हैं और उनकी इस बात ने मुझे काफी प्रभावित किया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर ने सीमित ओवरों के प्रारूप की तरह बल्लेबाजी की, जिसमें उसका प्रदर्शन शानदार रहा है।उन्होंने कहा, यह लय हासिल करने के बारे में था और जोस एकदिवसीय मुकाबले की तरह खेले। हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले भी देखा है जब वह इस तरह खेलते हैं तो उन्हें रोकना मुश्किल होता है।

# पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड से बेहतर, अब भी श्रृंखला जीत सकती है : इंजमाम




**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने पाकिस्तान को इंग्लैंड से बेहतर टीम बताते हुए कहा है कि अजहर अली की टीम में पहले टेस्ट में हार से उबरकर वापसी करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला जीतने की क्षमता है।

पाकिस्तान की टीम ओल्ड ट्रैफर्ड में पहले टेस्ट के अंतिम दिन मजबूत स्थिति में थी लेकिन जो बटलर और क्रिस वोक्स की उम्दा पारियों से टीम को तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के लिए 120 टेस्ट में 8830 रन और 378 एक दिवसीय मैचों में 11739 रन बनाने वाले 50 साल के इंजमाम ने कहा कि जीत की स्थिति में होने के बावजूद पाकिस्तान को हारते हुए देखना निराशाजनक था लेकिन उन्होंने दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी के लिए अपने देश की टीम का समर्थन किया। इंजमाम ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड से बेहतर है और हमें पहला टेस्ट जीतना चाहिए था। यह काफी निराशाजनक है लेकिन मेरा मानना है कि पाकिस्तान अब भी श्रृंखला जीत सकता है। पाकि स्तान ने पहली पारी में 107 रन की बढ़त हासिल की थी लेकिन दूसरी पारी में टीम 169 रन पर ढेर हो गई थी जिससे इंग्लैंड को 277 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 117 रन हो गया था लेकिन बटलर और वोक्स ने 139 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को जीत दिला दी। इंजमाम ने कहा कि टीम प्रबंधन को खिलाड़ियों को प्रेरित करना चाहिए था जो दूसरी पारी में बल्लेबाजी क्रम ध्वस्त होने के बाद निराश लग रहे थे। दूसरा टेस्ट साउथम्पटन में 13 अगस्त से खेला जाएगा।

# बांग्लादेश के पूर्व स्पिनर मुशर्रफ हुसैन कोरोना पॉजिटिव

**ढाका।** बांग्लादेश के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर मुशर्रफ हुसैन कोरोना वायरस परीक्षण में पॉजिटिव पाए गए हैं। हुसैन ने पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया। हुसैन को पिछले साल ब्रेन ट्यूमर होने का भी पता चला था। रविवार को कोविड-19 परीक्षण का नतीजा आने के बाद हुसैन अपने घर में ही पृथकवास से गुजर रहे हैं। द डेली स्टार ने हुसैन के हवाले से कहा, मेरे पिता इससे पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे और उन्हें सीएमएच अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा, बाद में मैंने भी कुछ लक्षणों का अनुभव किया और कोरोना पॉजिटिव पाया गया। मैं अब तक ठीक हूं और घर में पृथकवास से गुजर रहा हूं।



हुसैन ने कहा, मेरी पत्नी और बच्चे हालांकि नेगेटिव पाए गए हैं। हुसैन को उम्मीद है कि वह इस बीमारी से उबरने के बाद इस साल घरेलू सर्किट में वापसी करेंगे। पूर्व कप्तान मशर्रफ मुर्तजा और दो अन्य बांग्लादेशी क्रिकेटर नजमुल इस्लाम और नफीस इकबाल जून में कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए थे। पिछले हफ्ते बांग्लादेश फुटबॉल टीम के 18 खिलाड़ी पॉजिटिव पाए गए थे।

# भारतीय हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह कोरोना संक्रमित



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के फारवर्ड मनदीप सिंह कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए गए हैं। वह इस घातक बीमारी से संक्रमित होने वाले छठे राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हैं। भारतीय खेल प्राधिरकण (साइ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जालंधर के 25 साल के मनदीप में इस बीमारी के लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं और बेंगलुरू में पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। बेंगलुरू के साइ केंद्र में 20 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर शुरू होना है। साइ ने बयान में कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य मनदीप सिंह का बेंगलुरू में साइ के नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय शिविर से पहले 20 अन्य खिलाड़ियों के साथ कोविड परीक्षण (आरटी पीसीआर) किया गया और यह पॉजिटिव आया है। लेकिन उसमें लक्षण नहीं दिख रहे हैं। भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह और चार अन्य खिलाड़ी एक महीने के ब्रेक के बाद साइ केंद्र लौटने पर पिछले हफ्ते कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए थे। डिफेंडर सुरेंदर कुमार, जसकरन सिंह, ड्रैगफ्लिकर वरुण कुमार और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक अन्य चार खिलाड़ी हैं जो पॉजिटिव पाए गए हैं। साइ के डॉक्टरों के अनुसार सभी खिलाड़ियों में मामूली लक्षण दिखाई दे रहे हैं और वे ठीक हैं। इन्हें बेंगलुरू के नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस में रखा गया है।

# एटलेटिको मैड्रिड के दो सदस्य कोरोना पॉजिटिव

**मैड्रिड।** चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में हिस्सा लेने के लिए पुर्तगाल के दौरे पर जाने वाली एटलेटिको मैड्रिड की टीम के दो सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता के अंतिम चरण में हिस्सा ले रहे क्लबों के बीच करोना वायरस महामारी से जुड़ा यह पहला मामला है। अंतिम आठ का मुकाबला बुधवार से लिस्बन में कड़े स्वास्थ्य नियमों के बीच खेला जाना है। दोनों सेमीफाइनल और 23 अगस्त को होने वाला फाइनल भी लिस्बन में होगा। क्वार्टर फाइनल में हिस्सा लेने वाले अन्य क्लबों ने हाल में अपने किसी खिलाड़ी के कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए जाने की पुष्टि नहीं की है। स्पेन के क्लब ने भी हालांकि यह नहीं बताया है कि पॉजिटिव पाए गए लोगों में कोई खिलाड़ी भी शामिल है या नहीं। क्लब ने कहा है कि दोनों व्यक्ति संक्रमित पाए गए हैं और अपने घर में पृथकवास से गुजर रहे हैं।

# समय की कमी के कारण महिला विश्व कप स्थगित किया : टूर्नामेंट सीईओ

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड में होने वाले महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की सीईओ आंद्रिया नेल्सन ने कहा है कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को लेकर काफी कम समय से जुड़ी चिंताओं के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप को स्थगित किया गया और इस फैसले का न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस को लेकर सुरक्षा मुद्दों से कुछ लेना देना नहीं है। फरवरी 2021 में शुरू होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप को कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया है। मेजबान न्यूजीलैंड हालांकि कोरोना वायरस से निपटने में सफल रहा है। देश में अब तक इस संक्रमण के सिर्फ 1569 पुष्ट मामले सामने आए हैं जिसमें से अधिकांश उबर चुके हैं। न्यूजीलैंड इस तरह इस वायरस से सबसे कम प्रभावित देशों में शामिल है। आंद्रिया ने स्थानीय मीडिया समूह एनजेडएमई से कहा, टूर्नामेंट के लिए टीमों के क्वालीफाई करने के समय को देखते हुए ऐसा किया गया। क्वालीफायर टूर्नामेंट जुलाई में खेला जाना था लेकिन महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान टीम पहले ही टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। टूर्नामेंट की बाकी तीन टीमों का फैसला क्वालीफायर के जरिए होगा और आंद्रिया ने इसी बिंदू पर जोर दिया। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट को लेकर हमने कई आपात योजनाएं बनाई जिससे कि सफलतापूर्वक आगे बढ़ने का सर्वश्रेष्ठ संभव मौका मिले। अंतत: क्रिकेट को ध्यान में रखकर टूर्नामेंट में विलंब का फैसला किया गया। आंद्रिया ने कहा, अब तक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हो पाया है इसलिए क्वालीफाई करना और फिर 2021 में प्रतियोगिता में हिस्सा लेना काफी जोखिम भरा है। न्यूजीलैंड को महिला विश्व कप की मेजबानी अगले साल छह फरवरी से सात मार्च के बीच करनी थी। पिछले शुक्रवार को टेलीकांफ्रेंस के जरिए हुई आईसीसी बोर्ड बैठक में टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया गया।



# स्टार्क ने किया चोट के कारण आईपीएल 2018 में नहीं खेलने पाने के मामले में बीमा कंपनी से समझौता

### 15 लाख 30 हजार डॉलर के बीमा भुगतान के मामले में समझौता कर लिया है।



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने 2018 में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से नहीं खेल पाने के कारण 15 लाख 30 हजार डॉलर के बीमा भुगतान के मामले में समझौता कर लिया है।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की खबर के अनुसार, विक्टोरिया काउंटी अदालत में सुनवाई से सिर्फ दो दिन पहले सोमवार को यह समझौता हुआ। उन्होंने कहा, समझौते की शर्तों को जारी नहीं किया गया है जिसके वित्तीय समझौता भी शामिल है लेकिन कुछ दिनों में इसकी जानकारी अदालत को दी जाएगी। स्टार्क को 2018 आईपीएल से पहले केकेआर ने 18 लाख डॉलर (नौ करोड़ 40 लाख रुपये) में अनुबंधित किया था लेकिन वह दाएं पैर में चोट के कारण एक भी मैच नहीं खेल पाए थे।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 10 मार्च 2018 को दावा किया कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टूटती हुई पिच पर पैरों के निशान के कारण उबड़ खाबड़ सतह पर गेंदबाजी करने के कारण उनकी दाईं पिंडली में दर्द है। अगले कुछ गेंदबाजी सत्र में हालत और खराब हो गई और तीसरे टेस्ट के दौरान उनके दाएं पैर में फ्रेक्चर हो गया। स्टार्क ने पिछले साल अप्रैल में अपने बीमाकर्ता के खिलाफ अदालत की शरण ली थी। बीमाकर्ता ने पोर्ट एलिजाबेथ में दूसरे टेस्ट में चोट के समय को गलत बताया था।
स्टार्क और बीमाकर्ता दोनों ने अदालत में अपने दावों के पक्ष में साक्ष्य मुहैया कराए थे।

# सुभाशीष बोस ने मुंबई सिटी एफसी से नाता तोड़ा

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट की फ्रेंचाइजी मुंबई सिटी एफसी ने सोमवार को पुष्टि की कि डिफेंडर सुभाशीष बोस क्लब छोड़कर चले गए हैं। क्लब ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर घोषणा की, टीम के साथ दो यादगार सत्र के बाद सुभाशीष बोस मुंबई सिटी एफसी को छोड़कर चले गए हैं। क्लब में आपके योगदान के लिए धन्यवाद। हम आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। लेफ्ट बैक के रूप में खेलने वाले बोस ने मुंबई सिटी एफसी की ओर से 34 मैच खेले और इस दौरान एकमात्र गोल बेंगलुरू एफसी के खिलाफ जीत के दौरान किया। उन्होंने दो गोल करने में मदद भी की। क्लब ने हाल में घोषणा की थी कि अनुभवी मिडफील्डर पाउलो मचाडो ने भी फ्रेंचाइजी के साथ नाता तोड़ लिया है।

# फियोना ने एनेट को हराकर पालेर्मो ओपन का खिताब जीता

**पालेर्मो।** फ्रांस की फियोना फेरो ने पालेर्मो लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में एस्टोनिया की चौथी वरीय एनेट कोंटावीट को हराकर उलटफेर करते हुए खिताब जीता।

दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी फियोना ने रविवार को 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। फ्रांस की इस खिलाड़ी ने फाइनल तक के अपने सफर के दौरान सिर्फ एक सेट गंवाया। तेईस साल की फियोना का यह दूसरा डब्ल्यूटीए खिताब है। एनेट ने अब तक छह में से पांच फाइनल गंवाए हैं। मार्च में कोरोना वायरस के कारण टेनिस स्पर्धाएं निलंबित होने के बाद यह पुरुष या महिलाओं का पहला आधिकारिक टेनिस टूर्नामेंट है। टूर्नामेंट के दौरान कड़े स्वास्थ्य नियमों का पालन किया गया। कोर्ट पर कम बॉल किड्स मौजूद थे जबकि सीमित संख्या में दर्शकों को स्टेडियम में आने की इजाजत थी। खिलाड़ियों को मैच के बाद हाथ मिलाने की स्वीकृति नहीं थी। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और अधिकारियों का प्रत्येक चार दिन में कोराना वायरस परीक्षण किया गया और पॉजिटिव पाई गई एक खिलाड़ी टूर्नामेंट से हट गई।




## संक्षिप्त समाचार

### हॉजेस ने जीता कोर्न फेरी टूर गोल्फ टूर्नामेंट

**नार्थ प्लेन्स (अमेरिका)।** अमेरिकी गोल्फर ली हॉजेस ने चौथे दौर में पार 71 का कार्ड खेलकर रविवार को दो शॉट की बढ़त के साथ कोर्न फेरी टूर पोर्टलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया। इस 25 साल के गोल्फर ने कुल 11 अंडर का स्कोर बनाया जो दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज चार गोल्फर से दो शॉट कम था। डेविड लिपस्की, कार्ल युआन, चाड रमी और पॉल बार्जन नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

### मोरिकावा ने पीजीए खिताब जीता

**सेन फ्रांसिस्को।** कोलिन मोरिकावा ने अंतिम दौर में छह अंडर 64 के शानदार प्रदर्शन के साथ रविवार को यहां पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कैलीफोर्निया के 23 साल के मोरिकावा ने पॉल कैसी (66) और डस्टिन जॉनसन (68) को दो शॉट से पछाड़ा। उनका कुल स्कोर 13 अंडर 267 रहा। यह पहला मेजर टूर्नामेंट था जिसका आयोजन दर्शकों की गैरमौजूदगी में किया गया।

### भारत के पदकों की संख्या दो अंकों में होगी : दीपा मलिक

**नई दिल्ली।** पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी दीपा मलिक का मानना है कि अगले साल होने वाले तोक्यो पैरालंपिक खेलों में देश के पदकों की संख्या दो अंकों में होगी। गोला फेंक की खिलाड़ी रही दीपा ने इन द स्पोर्टलाइट चैट शो के दौरान टेबल टेनिस खिलाड़ी मुदित दानी से कहा, रियो में अपने पदकों की संख्या को दोगुना किया था, हमारी टीम में 19 खिलाड़ी थे। हमने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था। 2018 (एशियाई पैरा खेलों में) में हमारी टीम में 194 सदस्य थे और हमने 72 पदक जीते थे। इसने पहले ही मापदंड स्थापित किया है। रियो डि जिनेरियो में 2016 में रजत पदक जीतने वाली 49 साल की दीपा ने कहा, अगले साल तोक्यो खेलों के बारे में सबसे शानदार चीज यह होगी कि भारत पैरालंपिक में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। आईपीसी विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतने वाली दीपा ने कभी अपनी दिव्यांगता को अपने जुनून के रास्ते में नहीं आने दिया। दीपा को 1999 में जब कहा गया कि उनकी रीढ़ की हड्डी से ट्यूमर को निकालने के लिए सर्जरी करनी होगी तो उन्होंने करगिल युद्ध के घायल सैनिकों से प्रेरण ली। उन्होंने कहा, जिस अस्पताल में मुझे सर्जरी के लिए ले जाया गया वहां युद्ध में अंग गंवाने वाले कई सैनिक थे। मुझे लगता है कि वे तुरंत की मेरे लिए प्रेरणास्रोत बने। अगर ये स्वस्थ युवा लोग अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने अंग गंवा रहे थे तो बीमारी के कारण मलाल करने का मेरे पास कोई कारण नहीं था। दीपा ने रियो में गोले को 4.61 मीटर की दूरी तक फेंककर रजत पदक जीता था। दीपा को हाल में भारतीय पैरालंपिक समिति का अध्यक्ष चुना गया।

### इंडिया ताइक्वांडो ने रेफरी एवं एथलीट आयोग का गठन किया

**मुंबई।** इंडिया ताइक्वांडो (आईटी) ने सोमवार को घोषणा की कि उसने खिलाड़ियों के कल्याण के लिए रेफरी और एथलीट आयोग की स्थापना की है। देश में ताइक्वांडो का संचालन करने वाली इस संस्था की मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक रेफरी आयोग विश्व ताइक्वांडो (डब्ल्यूटी) के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी नियमों की समझ के साथ निष्पक्ष खेल का पालन करने के लिए रेफरी के प्रशिक्षण पर ध्यान देगा। एथलीट आयोग खिलाड़ियों के सर्वोत्तम हितों की देखभाल करेगा और उनके हर प्रश्न का जवाब देगा। विज्ञप्ति के मुताबिक आईटी ने परिचालन शुरू करने के लिए विश्व ताइक्वांडो से हरी झंडी प्राप्त कर ली है। विश्व ताइक्वांडो के हाल में जारी आधिकारिक पत्र में महासचिव होस रेफटी ने कहा, 12 मई 2020 को डब्ल्यूटी परिषद की बैठक में, कोविड-19 के बाद भी इंडिया ताइक्वांडो द्वारा की गई प्रगति को देखते हुए पूर्ण सदस्यता बहाल करने के लिए सर्वसम्मति से मंजूरी दी जाती है।

### एंडरसन वापसी को बेताब, संन्यास का इरादा नहीं

**मैनचेस्टर।** पिछले एक दशक का संभवत: अपना सबसे लचर प्रदर्शन करने के बावजूद इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का संन्यास लेने का इरादा नहीं है। देश के सबसे सफल गेंदबाज का करियर क्या खत्म हो गया है इस संदर्भ में एंडरसन ने सोमवार को कहा, नहीं, ऐसा नहीं है। हाल में 38 बरस के हुए एंडरसन ने कहा, जितना संभव हो मैं उतने अधिक समय तक खेलना चाहता हूं। एंडरसन की उम्र को देखते हुए उन्हें नियमित तौर पर संन्यास की अटकलों का सामना करना होगा और पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में इस तेज गेंदबाज के लचर प्रदर्शन के बाद इस तरह की अटकलें तेज हुई हैं। इंग्लैंड की तीन विकेट की जीत के दौरान एंडरसन ने ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली पारी में 63 रन देकर एक विकेट चटकाया जबकि दूसरी पारी में वह 34 रन देकर एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने लय गंवा दी और 10 साल में संभवत: पहली बार भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया। उन्होंने कहा, इसने मुझे उस समय की याद दिला दी जब मैंने पहली बार खेलना शुरू किया था। जब आप हताश हो जाते हो और थोड़े नाराज होते हो तो आप तेज गति से गेंद फेंकने का प्रयास करते हो और बेशक इससे मदद नहीं मिलती। एंडरसन 590 टेस्ट विकेट के साथ सबसे सफल टेस्ट गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे सिर्फ स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न और अनिल कुंबले हैं।

### कोविड-19 के बाद एथलेटिक्स और प्रगति कर सकता है

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने सोमवार को दावा किया कि कोरोना वायरस महामारी के कारण जारी लॉकडाउन के बीच फिट रहने के लिए अधिक लोगों ने दौड़ना शुरू किया जिसका दुनिया भर में स्थिति सामान्य होने पर यह खेल फायदा उठा सकता है।को ने कहा कि अधिक लोगों ने चलने और दौड़ने को आदत बनाने का एथलेटिक्स को फायदा मिल सकता है और उनका खेल इस बढ़े हुए आधार को मजबूत करने का प्रयास करेगा। एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (एएएफ) द्वारा आयोजित आनलाइन मीडिया सेमिनार के दौरान को ने कहा, हम स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य उद्देश्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए काफी अच्छी स्थिति में हैं। अनुसंधान में पता चला है कि लॉकडाउन के दौरान पहले की तुलना में अधिक लोगों ने एक्सरसाइज को अपनाया है। कुछ अनुसंधान में दावा किया किया है कि वैश्विक एक्सरसाइज पैटर्न में 80 प्रतिशत इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा, एथलेटिक्स को मुख्य रूप से फायदा हुआ है क्योंकि लोग दौड़कर या चलकर एक्सरसाइज कर रहे हैं। यह काफी फायदे की स्थिति है। हम इसे नजरअंदाज नहीं करेंगे और महामारी के बाद इसे और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 11 अगस्त 2020





# विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र में इस तरह बनाएं कॅरियर

आजकल ऐसे कई इंस्टीट्यूट हैं, जो विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्र का 12वीं पास होना आवश्यक है। हालांकि अधिकतर जगहों पर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को फैशन डिजाइनिंग या फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स के तहत पढ़ाया जाता है।

विजुअल मर्चेंडाइजिंग शब्द भले ही कुछ लोगों के लिए नया हो, लेकिन सेल्स और एडवरटाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोग इससे भली-भांति वाकिफ हैं। विजुअल मर्चेंडाइजिंग वास्तव में एक आर्ट है, जिसमें एक व्यक्ति किसी प्रॉडक्ट या सर्विस को क्लाइंट्स के सामने कुछ इस तरह पेश करता है, ताकि वह सेल्स को बढ़ावा दे सके।

अब इस कॉन्सेप्ट को रिटेल सेक्टर में एक मार्केटिंग टूल के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में वह सभी गतिविधियां शामिल हैं, जो रिटेल स्टोर्स में उत्पादों की बिक्री बढ़ाने में मदद करती हैं। उदाहरण के तौर पर, प्रॉडक्ट के संभावित ग्राहकों के माइंड को समझना और उपभोक्ताओं को उत्पाद के बारे में शिक्षित करना और प्रॉडक्ट को बेहद इफेक्ट व क्रिएटिव तरीके से पेश करना आदि। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस कॅरियर के बारे में।

## क्या है विजुअल मर्चेंडाइजिंग

एजुकेशन एक्सपर्ट बताते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को विजुअल मर्चेंडाइजर कहा जाता है। विजुअल मर्चेंडाइजर ऐसे पेशेवर हैं, जो किसी भी ब्रांड, एक चेहरे को देने के लिए जिम्मेदार हैं। वे ऑनलाइन शॉपर्स और रिटेल स्टोर दोनों के लिए विंडो और स्टोर डिस्प्ले में अवधारणा, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं। वे स्टोर थीम की योजना बनाते हैं, डिस्प्ले के लिए प्रॉपर की व्यवस्था करते हैं, डिस्प्ले फिक्स्चर और लाइटिंग की व्यवस्था करते हैं, ओपनिंग से पहले स्टोर सेट करते हैं, फ्लोर प्लान के साथ काम करते हैं और डिस्प्ले को बनाने के लिए सेल्स फ्लोर पर स्टोर कर्मियों को प्रशिक्षित करते हैं। एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य उद्देश्य स्टोर की छवि के अनुरूप डिस्प्ले बनाना और अधिक ग्राहकों को स्टोर में लाना है।

## शैक्षणिक योग्यता

आजकल ऐसे कई इंस्टीट्यूट हैं, जो विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्र का 12वीं पास होना आवश्यक है। हालांकि अधिकतर जगहों पर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को फैशन डिजाइनिंग या फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स के तहत पढ़ाया जाता है। कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, विजुअल मर्चेंडाइजिंग के कोर्स में छात्रों को विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाता है जैसे कि रिटेल स्टोर का लेआउट और डिजाइन, इंटीरियर डेकोरेशन, स्टोर के अंदर फर्नीचर और फिक्स्चर की स्थापना, स्टोर डिस्प्ले और उत्पादों की प्रस्तुति, विभिन्न संचार साधनों के उपयोग के जरिए ग्राहकों को आकर्षित करना।

## व्यक्तिगत गुण

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों में डिजाइनिंग और क्रिएटिविटी के गुण का होना बेहद आवश्यक है। एक विजुअल मर्चेंडाइजर में बेहतरीन आर्गेनाइजिंग स्किल्स होने के साथ-साथ प्लानिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और टाइम मैनेजमेंट आदि विशेषताएं भी होनी चाहिए। इसके अलावा उनमें संचार व इंटरपर्सनल स्किल्स, समस्या सुलझाने की क्षमता और कंप्यूटर का ज्ञान होना भी जरूरी है। कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजर को उपभोक्ताओं के मनोविज्ञान को जानना आना चाहिए और उसे रूझानों का भी पूर्वानमान लगा लेना चाहिए।

**संभावनाएं :** शॉपिंग मॉल, फाइव स्टार होटल, बुटीक व रिटेल आउटलेट्स की संख्या बढ़ने के साथ ही विजुअल मर्चेंडाइजर्स की मांग में भी काफी इजाफा हुआ है। विजुअल मर्चेंडाइजर फैशन बुटीक, शॉपिंग मॉल, एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटक्चर फर्म, थीम पार्टी ऑर्गनाइजिंग कंपनी आदि में जॉब कर सकते हैं। वे प्रदर्शिनयों, मेलों, ब्यूटी कॉन्टेस्ट, अवार्ड सेरेमनी, मॉल, रिटेल में विंडो डिस्प्ले के लिए अनुबंध के आधार पर फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

**आमदनी :** इस क्षेत्र में एक फ्रेशर भी दस से 15 हजार आसानी से कमा सकता है। वहीं कुछ समय के अनुभव के बाद आप किसी बड़े ब्रांड के रिटेल आउटलेट में काम कर सकते हैं और एक आकर्षक पैकेज पा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, बैंगलोर
- द सिंथेटिक एंड आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन, मुंबई
- स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड मैनेजमेंट स्टडीज, कोच्चि
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा

# यूपीएससी ने टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए कई पदों पर निकाली भर्तियां

## 27 अगस्त है आवेदन की आखिरी तारीख




**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ से लेकर सब-एडिटर के पदों पर कई भर्तियां निकाली हैं। इसके लिए आयोग ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर इससे संबंधित अधिसूचना जारी किया है। इसके बारे में जानकारी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। आपको बता दें कि यूपीएससी में इन पदों पर आवेदन के लिए आखिरी तारीख 27 अगस्त 2020 को रात 11:59 बजे तक है।

यूपीएससी साइंटिफिक ऑफिसर, जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर, लेक्चरर और सब-एडिटर की 24 रिक्तियों को भरने के लिए यह भर्ती प्रक्रिया चलाया जा रहा है। इसमें से 14 रिक्तियां जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर के लिए, 3 लेक्चरर (प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स) के लिए, लेक्चरर (वोकेशनल गाइडेंस), सब-एडिटर और लेक्चरर (फिजियोथेरेपी) प्रत्येक के लिए 2 हैं, और एक साइंटिफिक ऑफिसर के लिए है।

### आवेदन शुल्क

सामान्य श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 25 रुपये का ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। जबकि एससी/एसटी/पीएच/महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में छूट दी गई है। उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करके आधिकारिक अधिसूचना को देख सकते हैं।

# आईबीपीएस ने 1167 पदों पर निकाली भर्ती

**इंस्टीट्यूट** ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (IBPS) ने अपने ऑफिशियल वेबसाइट पर प्रोबेशनरी ऑफिसर/ मैनेजमेंट ट्रेनी पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। बता दें कि आईबीपीएस के जरिए देशभर के विभिन्न बैंकों में कुल 1167 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर अप्लाई करने से पहले कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में अच्छी तरीके से जान लें। जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार परीक्षा की तारीख अक्टूबर/नवंबर 2020 में अस्थायी रूप से निर्धारित की गई हैं। इसके साथ ही ऑर्गनाइजेशन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षाएं तभी आयोजित की जाएंगी, जब मौजूदा स्थिति सुरक्षित होगी।

**एग्जाम पैटर्न, योग्यिता और अन्य डिटेल :** तीन अलग विषयों के आधार पर प्रीलिमनरी परीक्षा होगी। जिसमें इंग्लिश लैंग्वेज, रीजनिंग और क्वांटेटिव एप्टीट्यूड शामिल हैं। रीजनिंग और क्वांटेटिव एप्टीट्यूड से 35 नंबर के सवाल किए जाएंगे, जबकि इंग्लिश लैंग्वेज से 30 नंबर के सवाल पूछे जाएंगे। इसके बाद मेन परीक्षा और एक इंटरव्यू होगा।

**योग्यता:** परीक्षा में आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स की आयु कम से कम 20 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### परीक्षा संबंधित महत्वपूर्ण तारीख

- कैंडिडेट्स द्वारा आवेदन के संपादन / संशोधन सहित ऑन-लाइन रजिस्ट्रेशन- 5 अगस्त से लेकर 26 अगस्त 2020
- आवेदन शुल्क के भुगतान की आखिरी तारीख-26 अगस्त 2020
- प्री-एग्जाम ट्रेनिंग के लिए कॉल लेटर का डाउनलोड करने की तारीख- 10 सितंबर 2020
- ऑनलाइन प्रीलिमनरी परीक्षा- 3, 10, 11 अक्टूबर 2020
- ऑनलाइन मेन परीक्षा- 28 नवंबर

### कैसे भरें आवेदन पत्र

- इसके लिए सबसे पहले आईबीपीएस के ऑफिशियल वेबसाइट ibps.in पर जाएं।
- फिर वेबसाइट के कॅरियर लिंक पर जाएं।
- पीओ/ एमटी के आवेदन पत्र लिखे हुए लिंक को ढूंढ़ें और उसे क्लिक करें। यानी डायरेक्ट एप्लीकेशन लिंक पर क्लिक करें।
- अगर आप पहली बार फॉर्म भर रहे हैं तो नए रजिस्ट्रेशन पर जाएं।
- अपना सभी डिटेल दर्ज करें और अपना रजिस्ट्रेशन करें।
- आवेदन पत्र पूरी तरह से भरें और ऑनलाइन शुल्क जमा करें।
- सबमिट करने के बाद फॉर्म का प्रिंट आउट लेना न भूलें।

12वीं का फाइनल एग्जाम होने के पहले ही कई युवक एनडीए का एंट्रेंस देते हैं। चूंकि प्रत्येक वर्ष अप्रैल और सितंबर में एग्जाम का दो बार आयोजन होता है और इसके फॉर्म प्रत्येक वर्ष जून और दिसंबर में आपको मिल जाते हैं।

# सेना में अफसर बनना है तो चुनें नेशनल डिफेंस एकेडमी

**सेना** के बारे में जरा भी रुचि रखने वाले लोग एनडीए, यानी नेशनल डिफेंस एकेडमी में जाना या अपनी संतान को भेजना अपना पैशन समझते हैं। आर्मी ऑफिसर का अपना अंदाज और सबसे अलहदा कॅरियर होता है, जिससे तमाम युवा प्रेरित होते हैं और खुद को देश सेवा के लिए समर्पित करना चाहते हैं। न केवल इंडियन आर्मी, बल्कि इंडियन एयर फोर्स और इंडियन नेवी में जाने का रास्ता भी एनडीए से होकर गुजरता है। प्रश्न उठता है कि इसकी तैयारी किस प्रकार की जानी चाहिए और आखिर कौन इसके लिए एलिजिबल है?

वास्तव में एनडीए की परीक्षा, यूपीएससी (यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन) अरेंज करती है और यह प्रत्येक साल आयोजित की जाती है। इसमें अगर आपको भाग लेना है, तो आपको इससे संबंधित शर्तें ठीक ढंग से जान लेनी चाहिए। इसकी परीक्षा में बैठने के लिए 12वीं में मुख्य सब्जेक्ट मैथ और फिजिक्स होने चाहिए, तभी आप इंडियन एयरफोर्स और नेवी में जा सकते हैं। हालांकि इंडियन आर्मी में अगर आप जाना चाहते हैं, तो आप किसी भी सब्जेक्ट से 12वीं पास होने चाहिए। इसके अलावा आपका अविवाहित होना अनिवार्य है, तो फिजिकल फिटनेस में किसी भी प्रकार का किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। मतलब मानकों पर पूरी तरह से फिट होना एक अनिवार्य शर्त है एनडीए में जाने के लिए। खास बात यह भी है कि आपकी उम्र साढ़े 16 से 19 साल के बीच में होनी चाहिए, तो आपकी हाइट 157 सेंटीमीटर से कम नहीं होनी चाहिए। वस्तुत: एनडीए में जाना लाखों बच्चों का सपना होता है, इसीलिए यह काफी टफ कॉम्पीटेटिव एग्जाम माना जाता है। यह जान लें कि अगर आप आर्मी, एयर फोर्स या नेवी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो आपको जी तोड़ मेहनत करनी पड़ेगी और बेहद सतर्कता से अपनी तैयारी को अंजाम देना होगा।



अनियमित तैयारी के बल पर अगर आप एनडीए एग्जाम पास करने की सोचते हैं, तो यह आपकी गलती है! बल्कि रेगुलर टाइम टेबल बनाकर आपको इसके लिए महीनों तक लगातार तैयारी करनी पड़ेगी। इसके अलावा एनडीए एग्जाम के लिए बेहतरीन से बेहतरीन अध्ययन सामग्री का चुनाव आपकी प्राथमिकता में होना चाहिए। साथ ही, कम से कम बीते 5 साल और अधिकतम 10 साल के पुराने एनडीए के पेपर को लगातार हल करें और उसका पैटर्न आपको काफी कुछ इस एग्जाम के बारे में समझा देगा। ध्यान रखें, मोक पेपर आपको सिर्फ समझने के लिए, न कि रट्टा मारने के लिए!

12वीं का फाइनल एग्जाम होने के पहले ही कई युवक एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) का एंट्रेंस देते हैं। चूंकि प्रत्येक वर्ष अप्रैल और सितंबर में एग्जाम का दो बार आयोजन होता है और इसके फॉर्म प्रत्येक वर्ष जून और दिसंबर में आपको मिल जाते हैं। ऑनलाइन भी यूपीएससी की वेबसाइट से फॉर्म भरे जा सकते हैं। हालांकि सिर्फ एंट्रेंस एग्जाम निकालने भर से ही आप एनडीए में भर्ती नहीं हो जाएंगे, बल्कि अगर आप एंट्रेंस एग्जाम निकाल लेते हैं तो आपको एसएसबी, यानी सर्विस सिलेक्शन बोर्ड का इंटरव्यू क्लियर करना होता है। इस इंटरव्यू में फिजिकल टेस्ट के अलावा एप्टिट्यूड टेस्ट, जीडी अर्थात ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू जैसे परीक्षाओं के कई राउंड होते हैं, जो आपको क्लियर करना होता है। अगर आप सौभाग्यशाली रहे और एसएसबी आपने क्लियर कर लिया, तो तमाम एग्जाम के बाद आपको 3 साल के लिए ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है। इस ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक करने के बाद आप भारतीय सेना के तीनों अंगों में से किसी एक में जाते हैं और तब आप का स्वप्न साकार होता है, जिसे आप ने बरसों से देखा होता है।

# बेहतर कॅरियर के लिए 10वीं के बाद हो जाएं सजग!

**तमाम** एजुकेशन बोर्ड्स की परीक्षाओं के बाद रिजल्ट की घोषणा हो गई है और इस परीक्षा में अधिकांश बच्चे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर भविष्य की राह पर आगे कदम बढ़ा चुके हैं। जैसा हम सबको पता है कि किसी भी स्टूडेंट्स की लाइफ में 10वीं की परीक्षा पास करना एक बड़ा माइलस्टोन समझा जाता है। 10वीं की परीक्षा वस्तुत: पहली ऐसी परीक्षा होती है, जो ताउम्र आपके साथ जुड़ी होती है। इतना ही नहीं, बल्कि 10वीं के बाद ही यह तय होता है कि आपका जीवन आगे किस दिशा में जाने वाला है। ऐसे में 10वीं के बाद आप जो भी विषय यूज करेंगे, उसी के ऊपर आपका कॅरियर आगे अपना रास्ता तय करेगा।



> दसवीं के बाद अगर आप आर्ट्स स्ट्रीम चुनते हैं, तो इसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषाओं के साथ-साथ भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र जैसे विषयों का आपको अध्ययन करना पड़ेगा। अपेक्षाकृत इसे आसान माना जाता है, लेकिन वास्तव में यह इतना आसान भी नहीं है।

10वीं के बाद अगर आप आर्ट्स स्ट्रीम चुनते हैं, तो इसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषाओं के साथ-साथ भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र जैसे विषयों का आपको अध्ययन करना पड़ेगा। अपेक्षाकृत इसे आसान माना जाता है, लेकिन वास्तव में यह इतना आसान भी नहीं है। सिर्फ पास होने की बात हो तो इन सबमें थोड़ा बहुत पढ़ कर पास हो भी सकते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि आने वाले दिनों में जब कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स में आप बैठेंगे, तो बिना इन सब्जेक्ट्स की गहराई से अध्ययन किए, आप कोई भी कम्पटीशन क्रैक नहीं कर पाएंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा आर्ट्स स्ट्रीम से आगे पढ़ने वाले बच्चे अपने सब्जेक्ट में टीचर हो सकते हैं। विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं, तो आइएएस से लेकर पीसीएस जैसे महत्वपूर्ण यूपीएससी एग्जाम्स में अपनी प्रतिभा दिखला सकते हैं। इसके अलावा कला से लेकर साहित्य और पत्रकारिता तक में यह स्ट्रीम उपयोगी साबित होती है।

आर्ट्स अगर आप नहीं लेना चाहते हैं तो साइंस आपके बच्चे की बड़ी चॉइस हो सकती है। अधिकतर बच्चों के माता-पिता 10वीं के बाद अपने बच्चों को साइंस स्ट्रीम में आगे बढाना चाहते हैं। साइंस स्ट्रीम में भी मुख्यत: दो धाराएं चलती हैं। एक मैथ की और दूसरी बायलॉजी की। मैथ्स की चॉइस करने पर मुख्यत: बच्चे इंजीनियरिंग की तरफ कदम बढ़ाते हैं, तो कई बच्चे दूसरे फील्ड में भी जाते हैं। इसी प्रकार बायोलॉजी मुख्यत: डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए उपयोगी मानी जाती है, लेकिन ऐसा नहीं है कि बायोलॉजी में पढाई करने के बाद आप सिर्फ डॉक्टर ही बन सकेंगे! इस स्ट्रीम में प्रोफेसर से लेकर तमाम दूसरे एग्जाम्स के रास्ते भी आपके लिए खुले होते हैं। यहां यह ध्यान रखना आवश्यक है कि साइंस या कोई दूसरी स्ट्रीम लेने से पहले आप अपने बच्चे की रूचि अवश्य ही जांच लें और खुद बच्चे को देखें कि उसका इंटरेस्ट क्या है? उसकी क्षमता क्या है?

कॉमर्स स्ट्रीम बैंकिंग सेक्टर में जाने वाले लड़कों के लिए सर्वथा उपयुक्त होती है। इकॉनमी के विभिन्न पहलुओं के बारे में इस स्ट्रीम में पढ़ाई होती है तो मैथ का भी कई सेक्शन इसमें निहित होता है। बैंकिंग कैलकुलेशंस करने वाले तमाम बच्चे इस स्ट्रीम को जी जान से पसंद करते हैं। इसके माध्यम से भी कॅरियर के तमाम रास्ते आपके सामने खुले होते हैं। सिर्फ ट्रेडिशनल प्रोफेशन ही क्यों, आपके सामने कई नॉन ट्रेडिशनल विकल्प भी मौजूद हैं, जिन्हें आजकल के बच्चे खूब आजमा रहे हैं। इसमें होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का कोर्स, आईटीआई यानी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, जिसमें दर्जनों विकल्प मौजूद हैं, इत्यादि को आजमाया जा सकता है। साथ ही पॉलिटेक्निक का कोर्स भी 10वीं के बाद काफी लोकप्रिय है, जिसके बाद आप सीधे इंजीनियरिंग में प्रवेश ले सकते हैं। लेकिन अंत में बात वही है कि आपका ह्दय और मस्तिष्क किस ओर ले जा रहा है, यह जानना-समझना अति आवश्यक है और उसी अनुरूप ही आप अपना कदम बढाएं तो आपके लिए अति उत्तम परिणाम आ सकता है।